आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* संत सेन जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 57 अंक 111 | उज्जैन, रविवार 05 मई, 2024 | वैशाख कृष्ण 12 संवत् 2081 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### कांग्रेस को झटका, बीजेपी में शामिल हुए अरविंद सिंह लवली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली समेत पांच कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस का पंजा छोड़कर भाजपा का कमल थाम लिया है। लवली के अलावा राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, अमित मलिक और नसीब सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी को आज भाजपा मुख्यालय में दिल्ली प्रदेश वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी में शामिल किया। बता दें कि 28 अप्रैल को ही लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा का दामन थामने के बाद लवली ने कहा कि हम दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने के लिए वो सब करेंगे जो हमसे बन पड़ेगा।

नेपाल ने 100 रुपए के नए नोट में शामिल किए विवादित इलाके।

### सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे 4 जवान

**एरंडोली।** महाराष्ट्र के एरंडोली में भारतीय सेना के एक हेलीकॉप्टर को सांगली जिले के एरंडोली गांव के एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि तकनीकी खामी के चलते ऐसा करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, सेना का हेलिकॉप्टर अचानक खेत में उतरा और उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। गनीमत ये रही कि इस हेलीकॉप्टर में सवार सभी 4 जवान सुरक्षित हैं। घटना सुबह 11.30 बजे की है। बता दें कि सांगली के एरंडोली में खेत में इमरजेंसी लैंडिंग से पहले यह सेना का हेलिकॉप्टर नासिक से बेलगावी के लिए रवाना हुआ था। इस हेलीकॉप्टर में पायलट और 4 जवान सवार थे। सेना के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की खबर मिलते ही खेत में भारी संख्या में गांव वाले उमड़ गए।

### 'कुबेर' से नागार्जुन का फर्स्ट लुक आउट

**24 घंटे में मिले 20 लाख से ज्यादा व्यूज, पैन इंडिया रिलीज होगी धनुष-रश्मिका स्टारर यह फिल्म**

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष की अगली फिल्म कुबेर के मेकर्स ने फिल्म से सुपरस्टार अक्किनेनी नागार्जुन का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया है। इस टीजर को 24 घंटे में 20 लाख से ज्यादा व्यूज मिले। वहीं 48 घंटे से भी कम समय में इसे 30 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। टीजर में नागार्जुन बारिश में छाता लगाकर एक पैसों से लदे ट्रक के पास खड़े नजर आ रहे हैं। जब उन्हें जमीन पर पड़ा एक भीगा हुआ नोट नजर आता है तो वो अपनी जेब से एक नोट निकालकर ट्रक में डाल देते हैं। फिल्म कुबेर में धनुष और रश्मिका मंदाना लीड रोल में होंगे। इसके अलावा इसमें जिम सर्भ भी अहम रोल में नजर आएंगे। शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी इस फिल्म का म्यूजिक देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है। यह फिल्म पैन इंडिया तेलुगु, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी।

### टेक कंपनियों के 80 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** टेक सेक्टर में इस साल के पहले चार महीनों में 80 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया। वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम में छंटनी जारी है। टेक सेक्टर में नौकरियों में कटौती पर नजर रखने वाला पोर्टल, लेऑफ डॉट एफवाई के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 279 टेक कंपनियों ने 3 मई तक 80,230 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। 2022 और 2023 में, दुनिया भर की टेक कंपनियों ने 425,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी। वैश्विक मंदी ने आईटी/टेक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रभावित किया। हाल ही में, यूएस कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म स्प्रिंकलर ने लगभग 116 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।

### केंद्र सरकार का फैसला, प्याज के निर्यात पर से प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया, हालांकि न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन की शर्त रखी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि प्याज निर्यात नीति में बदलाव कर इसे प्रतिबंध से मुक्त किया गया है। हालांकि अगले आदेश तक न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन की शर्त होगी। इस कदम से प्याज किसानों को ऊंची कीमत मिलेगी और मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने में मदद मिलेगी। सरकार ने 27 अप्रैल को छह देशों बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को कुल 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी।

# महाकाल मंदिर में आंध्र व मुंबई के श्रद्धालु झगड़े, एक का सर फोड़ा

## गर्भवती पत्नी को धक्का लगने के बाद विवाद होने पर हुई मारपीट, मंदिर समिति के अस्पताल में कराया उपचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में शनिवार की आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र के मुंबई से दर्शन करने आए श्रद्धालु मामूली सी बात पर झगड़ लिए। एक श्रद्धालु की पत्नी को धक्का लगने की बात पर उनमें विवाद हुआ और मारपीट तक हो गई। एक ने दूसरे का सर तक फोड़ दिया।

समिति के कर्मचारियों ने पहले उन्हें अलग किया और फिर मंदिर के अस्पताल में ले जाकर उनकी दवाई-पट्टी कराई। मामला पुलिस तक भी पहुंचा इसके बाद पुलिस ने एक युवक को हिरासत में भी लिया। मौके पर मौजूद मंदिर समिति के कर्मचारियों ने घटना के बारे में बताया कि महाकाल मंदिर में इन दिनों दक्षिण भारत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं।

शनिवार की दोपहर में आंध्रप्रदेश से आए रघुराज उम्र 47 वर्ष और मुंबई से आए एक श्रद्धालु के बीच पत्नी को धक्का लगने की बात पर ही विवाद हो गया। कुछ ही देर में दोनों के बीच भीड़ में मारपीट भी हुई।

### बृहस्पति महादेव के सामने विवाद, महिला गर्भवती थी

झगड़ा मंदिर परिसर के बृहस्पतिश्वर महादेव मंदिर के सामने हुआ। मारपीट में एक के मुंह से खून निकलने लगा तो वहां मौजूद समिति के कर्मचारियों ने उसे अस्पताल भिजवाया। मुंबई से आए श्रद्धालु का कहना था कि उनकी पत्नी गर्भवती हैं और परिसर में खड़ी थी, तभी आंध्र के श्रद्धालु ने उसे धक्का देकर आगे किया इस बात पर उनमें विवाद हुआ। महाकाल थाना पुलिस ने कहा कि शिकायत के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

### किसी ने नहीं की शिकायत

सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट करने वाले मुंबई के श्रद्धालु को पकड़ लिया। उसका कहना था कि उसकी पत्नी गर्भवती है तथा उसे बार-बार भीड़ में धक्का लग रहा था। कई बार मना करने के बाद भी लोग नहीं माने इस पर विवाद हुआ। आरोपित श्रद्धालु को थाने भेजा गया है। वहीं, उपचार के लिए घायल श्रद्धालु को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, घायल व्यक्ति ने शिकायत नहीं की है।

## बुरहानपुर जिले में फैला डायरिया

# 3 बच्चों सहित 5 की मौत

## 376 मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद मचा हड़कंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में डायरिया तेजी से फैल रहा है। बुरहानपुर में तो सैंकड़ों लोगों को डायरिया हो गया जिनमें बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है। यहां डायरिया से 3 बच्चों सहित 5 लोगों की मौत हो गई। अस्पताल में उल्टी दस्त से प्रभावित बच्चों की भीड़ लगी है। बेड कम पड़ गए हैं, एक पलंग पर तीन तीन बच्चों को लिटाकर इलाज किया जा रहा है।

डायरिया से बुरहानपुर में पांचवीं मौत का मामला शनिवार को उस समय सामने आया जब 6 साल के एक बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहर के एक निजी अस्पताल में यह बच्चा भर्ती था और उसका इलाज चल रहा था।

### शहर में दूषित पानी के कारण लोगों को डायरिया हो रहा

बुरहानपुर के गांधी चौक निवासी नौरैन की शनिवार को मौत हो गई। उसका दो दिन से निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। डायरिया से बुरहानपुर में यह पांचवें बच्चे की मौत है। इससे पहले शहर के 2 बच्चे डायरिया के कारण दम तोड़ चुके हैं। शहर में दूषित पानी के कारण लोगों को डायरिया हो रहा है।

सबसे खराब बात तो यह है कि 5 मौतों के बाद भी शहर में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। नागझिरी, बैरी मैदान और खैराती बाजार में सप्लाई हो रहा पेयजल जांच के बाद दूषित निकला है। इधर उल्टी दस्त के 376 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है, जिसके बाद प्रशासनिक हल्कों में हड़कंप की स्थिति है।

# पटवारी पर तीसरी एफआईआर

## अब भिंड के उमरी थाने में केस दर्ज, बसपा प्रत्याशी पर बीजेपी से सांठगांठ का आरोप लगाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एक और एफआईआर दर्ज की गई है। भिंड के बसपा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया के खिलाफ बयानबाजी करने के मामले में भिंड के उमरी थाना में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। 5 दिन के अंदर पटवारी पर ये तीसरी एफआईआर है। भिंड से बसपा के लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया के निर्वाचन अभिकर्ता अशोक गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पटवारी ने जरारिया पर बीजेपी से सांठगांठ करने के आरोप लगाए थे।

### भिंड के बसपा प्रत्याशी को कहा यह बीजेपी से माल लाए

भिंड की उमरी पुलिस ने अपनी एफआईआर में पटवारी के बयान का जिक्र करते हुए लिखा कि बसपा प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता ने आवेदन के साथ ही सीडी प्रस्तुत की है। वीडियो रिकॉर्डिंग देखने पर पता चला जिसमें जीतू पटवारी कह रहे हैं- मैं मायावती से कभी नहीं मिला हूं। उनसे कभी बात नहीं की। लेकिन, मैं उनके प्रत्याशी से खूब मिलता हूं और मिला हूं। जो अभी गया, जिस दिन गया और फोटो डाली। उसके एक दिन पहले एक घंटे मेरे साथ था। ये बात कहनी पड़ेगी भिंड के लोगों को, इससे मैंने कहा था कि जैसे ही ये (बरैया) जीतेंगे। उस सीट (भांडेर) से हम विधानसभा लड़ाएंगे। लेकिन ये केवल जीतने-हारने और वोट काटने की कहानी थोड़े ही है। नोट की कहानी है। वहां से माल लाए हैं बीजेपी से। यह गलत नहीं कह रहा हूं। मैं साक्षी हूं इसका, अगर मैं यह कह देता इतनी बड़ी बात कही, चल तेरा अधिकार था। कोई बात नहीं, तेरे को यहीं से विधानसभा लड़ाउंगा। किसी की नहीं सुनूंगा।

## कश्मीर में आतंकी हमला

# एयरफोर्स के 5 जवान घायल

## पुंछ में दो वाहनों पर गोलियां चलाई, सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार 4 मई को आतंकी हमले में एयरफोर्स के 5 जवान घायल हो गए। पुंछ के सुरनकोट गांव में सुरक्षाबलों दो वाहनों पर आतंकियों ने भारी फायरिंग की। घटना की जानकारी मिलते ही आर्मी और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंचीं।

सुरनकोट में 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। वारदात को 4 आतंकियों ने अंजाम दिया था। आतंकियों ने अमेरिकी ट-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं। ये स्टील बुलेट सेना के वाहनों की मोटी लोहे की चादर को पार करते हुए जवानों को लगीं। पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जिसमें एम-4 राइफल के इस्तेमाल का दावा किया गया।

# पुलिस जवानों से भरी बस पलटी, 28 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ दतिया

दतिया में पुलिस जवानों से भरी बस पलट गई। बस में सवार करीब 40 जवानों में से 28 पुलिसकर्मी घायल हो गए। ये सभी सीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी के बाद लौट रहे थे। हादसा जिले के भांडेर रोड स्थित मोहना हनुमान मंदिर के पास शनिवार शाम करीब 4.30 बजे हुआ। घायल जवानों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस को दूसरी तरफ मोड़ दिया। जिससे बस खंती में जाकर पलट गई।

# लाड़ली बहना के खातों में आए 1250 रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में सरकार ने 1.29 करोड़ महिलाओं के खाते में लाड़ली बहना की 1250 रुपए की किस्त डाल दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड लोकसभा के अटेर में कहा कि रघुकुल रित सदा चलि आई, प्राण जाय पर वचन न जाई यानी बहनों के खाते में 1250 रुपए भेज दिया है।

खातों में पैसे डालने के 72 घंटे बाद 7 मई को 9 लोकसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। सरकार को उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव में बंपर वोटिंग करने वाली बहनें इस फेज में खातों में पैसा आने के बाद वोटिंग के लिए हर हाल में घरों से निकलेंगी। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण में घटी वोटिंग ने चुनाव आयोग के साथ राज्य सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सरकार वोटिंग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश कर रही है ताकि विधानसभा चुनाव की तर्ज पर महिलाओं का वोट प्रतिशत लोकसभा चुनाव में भी तेजी से बढ़े।

## महाकाल श्रृंगार

ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### उज्जैन के लय और लक्ष्य शर्मा अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता नेपाल हेतु चयनित

**उज्जैन।** सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल के खिलाड़ी एनआईएस कराते प्रशिक्षक ज्वलंत शर्मा के सुपुत्र लय और लक्ष्य शर्मा 15 से 22 मई तक नेपाल में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता हेतू चयनित हुए। इससे पूर्व भी लय और लक्ष्य शर्मा राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं। उनकी उपलब्धि पर उज्जैन वासियों, परिवारजनों और सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने और शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में पूरे विश्व से लगभग हजार खिलाड़ी भाग लेंगे।

### आज से 31 मई तक लगेगा ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क तैराकी शिविर

**उज्जैन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग और उज्जैन जिला तैराकी संघ उज्जैन के तत्वावधान में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिये निःशुल्क तैराकी शिविर का आयोजन आज 5 मई से 31 मई तक महानंदा नगर स्विमिंग पुल में किया जायेगा। बच्चों को रखना है मोबाइल से दूर तो तैराकी शिविर में लाना जरूर, के उद्देश्य से आयोजित शिविर में उज्जैन जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष डॉ सीए अनुभव प्रधान, उपाध्यक्ष चित्रेश शर्मा और सचिव हरीश शुक्ला बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर मे भागीदारी करने वाले बच्चों को स्विमिंग ड्रेस मे आना अनिवार्य रहेगा और बिना ड्रेस के स्विमिंग पूल मे प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी प्रतिभागी को खेल विभाग से प्रमाण पत्र जारी किये जायेंगे। शिविर मे पंजीयन की अन्तिम तिथि 7 मई रहेगी। शिविर के कॉर्डिनेटर दीपक जैन ने बताया कि शिविर के संबंध मे अधिक जानकारी के लिये महानंदा नगर स्विमिंग पूल पर संपर्क कर सकते है। शिविर का विधिवत उद्घाटन आज रविवार 5 मई की शाम 5 बजे महानंदा नगर स्विमिंग पूल पर किया जायेगा।

### खंडेलवाल महिला मंडल के चुनाव हुए निर्विरोध

उज्जैन। खंडेलवाल महिला मंडल के चुनाव निर्विरोध हुए। जिसमें वर्ष 2024-25 हेतु नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसहमति से अध्यक्ष उषा गुप्ता चुनी गईं। उपाध्यक्ष संध्या बवाल व रेखा झालानी, सचिव उषा रावत, सहसचिव मधु सोखिया एवं कोषाध्यक्ष सरोज जांघनिया निर्विरोध चुनी गई। फूलमाला से चुने पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट डालने की अपील की गई।

## पूर्व में हटाए गए मार्गों पर भी वाहन सुधारने का काम जारी, नए मार्गों पर भी शुरू

# ट्रांसपोर्ट नगर नहीं... गैरेज मार्ग बढ़कर चार हो गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में वाहन सुधारने के लिए धीरे-धीरे गैरेज मार्ग बढ़ते जा रहे हैं। एक समय मात्र इंदौर गेट से गधा पुलिया के बीच ही सड़कों पर हल्के एवं भारी चौपहिया वाहनों की मरम्मत का काम होता था अब शहर के चार से पांच मार्ग पर यह स्थिति बन गई है। इसके कारण आम आवागमन में वाहन चालकों को परेशानी होती है साथ ही दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। हाल यह हैं कि सालों बाद भी नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर का विकास नहीं कर सकी है।

इंदौर गेट से गधा पुलिया क्षेत्र में यहां लगने वाली आटो पार्टस की दुकानों से वाहनों की मरम्मत का काम किया जाता था। यहां लगी दुकानों को कुछ वर्ष पूर्व नगर निगम ने हटा दिया था। इसके बाद भी इस क्षेत्र में वाहनों को खडाकर मरम्मत के काम किए जाते हैं। यह क्षेत्र पूर्व से ही मैकेनिकों के लिए जाना जाने वाला क्षेत्र रहा है। आटो पार्टस की दुकानें हटने से यहां से दुकानदार तो चले गए लेकिन वाहनों के संधारण का काम यहां अभी भी छुट पुट होता रहता है। यह मार्ग महाकाल जाने के लिए प्रमुख मार्गों में से ही एक है। इंदौर , देवास, आगर, मक्सी रोड से आने वाले श्रद्धालू इसका उपयोग करते हैं।

### हरिफाट ब्रिज क्षेत्र में भी...

इंदौर रोड से हरिफाटक ब्रिज क्षेत्र में भी वाकणकर ब्रिज के पास वाहनों की मरम्मत का काम चलता है। पूर्व में यह काम हरिफाटक ब्रिज के आसपास ही चलता था जिसे नगर निगम ने मैकेनिकों की दुकानों को हटा कर रोक दिया,लेकिन वाकणकर ब्रिज क्षेत्र में यह काम बराबर जारी है। यहां भी बराबर दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती हैं। सर्विस रोड से लगे क्षेत्र में ही यहां वाहनों के संधारण का काम होता है। इससे सर्विस रोड का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को परेशानी और अवरोध की स्थिति से गुजरना पडता है। यह मार्ग महाकाल आने का प्रमुख मार्ग सडक मार्ग है। इंदौर रोड से आने वाले श्रद्धालू इसका उपयोग करते हैं।

### ऋषिनगर पेट्रोल पंप के पास

हाल ही के कुछ वर्षों में देवास रोड पर ऋषिनगर पेट्रोल पंप के पास सर्विस रोड गैराज रोड बनकर रह गई है। इस मार्ग पर भी क्षेत्रीय निवासियों के साथ ही देवास रोड से आने वाले श्रद्धालूओं का आवागमन होता है। पास ही डिवाईन वैली में खान पान की दुकानों के होने से श्रद्धालू वहां दिन एवं रात के समय अपने वाहनों से पहुंचते हैं और इस सर्विस रोड का उपयोग करते है लेकिन इस मार्ग पर भी गैराज की स्थिति बना दी गई है। सडकों पर ही वाहनों की मरम्मत और संधारण का काम किया जाता है। इसके चलते क्षेत्रीय स्तर के निवासी एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालू इस सर्विस रोड का बराबर उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। दिन के समय तो यह सर्विस रोड एक तरह से पूरी तरह ही जाम के हालात का रहता है।

### माधव क्लब रोड

शहर के तीन बत्ती चौराहा से लेकर माधवनगर रेलवे स्टेशन रोड पर माधव क्लब के पास का हिस्सा गैरेज रोड की ही शक्ल ले चुका है। यहां पर छोटे चौपहिया वाहनों का संधारण सडक पर ही किया जाता है। इससे तीन बत्ती से माधवनगर स्टेशन की और जाने वाले वाहनों को बाधाओं के दौर से गुजरना पडता है। यह मार्ग नीलगंगा से हरि फाटक ब्रिज होता हुआ महाकाल मंदिर की और जाता है। इस मार्ग का उपयोग देवास एवं मक्सी रोड से आने वाले श्रद्धालू उपयोग करते हैं।

## जैसे को तैसा कहें या धोखाधड़ी ?

कहावत है जैसी करनी वैसी भरनी । कुल जमा ऐसा ही कुछ मामला उज्जैन निवासी और इंदौर में पदस्थ क्रय विक्रय वाले विभाग के एक कर्मी के साथ उज्जैन में हुआ है। सामने जो आया है उसे देखते हुए तो यही कहा जा सकता है कि जैसे को तैसा या फिर धोखाधडी ये अपने अपने नजरिये पर निर्भर करता है। कुछ यूं घटनाक्रम है कि संबंधित कर्मी इंदौर में नौकरी करते हुए उज्जैन में निवासी होकर ब्याज का धंधा करता है। ब्याज की रकम देकर वह अग्रिम अवधि के चेक दुगनी राशि के भरवा कर लेता है। इसके साथ ही जमीन,मकान और अन्य दस्तावेज भी । चेक बाउंस होने पर वह 138 के नोटिस भी देता और मुकदमें भी पैरोकार के माध्यम से लगाता और कर्जदार को उलझाकर अपनी दो गुनी वसूली करता है। इस सब बात की जानकारी उसके स्लम क्षेत्र में रहने वाले पैरोकार को रही। कुछ समय पूर्व पैरोकार ने एक खेल खेला। उसने यह जानकारी एक एजेंसी के मुलाजिम को देते हुए चक्रव्यूह रचा। मामला चुंकि इंदौर का था तो पूरी जानकारी से एजेंसी के इंदौर के मुलाजिम भी इसमे जरूरी थे। अब खेल शुरू हुआ और संबंधित कर्मी तक सूचना भेजी गई की एजेंसी में तुम्हारे ब्याज के धंधे और समस्त नोटिस और पैरोकारी प्रकरणों की जानकारी सामने आ गई है। इतना पैसा कहां से लाए हो ? तुम्हारी जांच चल रही है बोलों क्या करना है। इंदौर के इंदौर में ही सेटल करना है या फिर जांच में उलझने का आनंद लेना है। यह सूनते ही क्रय विक्रय वाले विभाग के एक कर्मी के होंश फाख्ता हो गए। उसने एक दो दिन का समय मांगा और उज्जैन आकर पैरोकार को बताया कि यह कैसा मसला है और इनको जानकारी कैसे लगी और प्रकरण सहित चेकों की जानकारी कैसे पहुंची। यह सुनते ही पैरोकार ने हाथ उंचे कर दिए । जैसे झतैसे कुछ दिनों में सब कुछ पूरे 3 पेटी गांधी छाप से सेट हो गया । बेचारा कर्मी मन मसोस कर रह गया । कर्मी को यह मालूम होने पर की पैरोकार ने ही उसके पैर पर कुल्हाडी चलवाई है उसके बाद भी वह पैरोकार के समक्ष नतमस्तक है।

# अभा अखाड़ा परिषद अध्यक्ष का मिल मजदूर संघ ने किया अभिनंदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पूरीजी महाराज का उज्जैन मिल मजदूर संघ इंटक द्वारा 4 मई को अभिनंदन किया गया।

संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाशसिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष संतोष सुनहरे एवं कार्यकारिणी सदस्य मोतीलाल अखंड, रामनारायण जाटवा, रमेशचंद्र शर्मा, किशोर सिंह, पं संतोष वैष्णव, एडवोकेट देवेंद्र सिंह भदोरिया, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह कुशवाह, जगतगुरु पारमार्थिक न्यास के महामंत्री सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र सिंह भदौरिया के सानिध्य में श्रीमहंत रविन्द्र पूरी महाराज का शॉल, श्री फल एवं पुष्पमाला से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सिंह सोलंकी एवं अन्य भक्तगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अनेक संत महंत एवं महामंडलेश्वर उपस्थित थे। श्रीमहंत रविन्द्र पूरी महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान कर कहा कि आगामी 2028 में सिहंस्थ महापर्व उज्जयिनी में आयोजित होना है उसकी तैयारी की व्यवस्था अभी से सुचारू रूप से हो उसका प्रयास किया जा रहा है।

### पंचक्रोशी यात्रा में फलाहारी खिचड़ी व शरबत का वितरण

**उज्जैन।** 118 किलोमीटर की पंचक्रोशी यात्रा पर निकले पंचक्रोशी यात्री एक दिन पूर्व से ही बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर अम्बोदिया पड़ाव स्थल पर आने लगे एवं अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम द्वारा फलाहारी खिचड़ी एवं गुरूजी ठण्डाई शरबत का विरतण परम पूज्य सद्गरू रणछोड़ दास महाराज के चित्र के समक्ष पूजन-अर्चन कर शुरू किया। इस अवसर पर सेवाधाम आश्रम संस्थापक-संचालक सुधीर भाई ने बताया इस वर्ष अधिक यात्रियों का आगमन होना है क्योंकि पंचक्रोशी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, इसलिए संस्था द्वारा दो दिवसीय व्यवस्थाऐं की गई है। अम्बोदिया पड़ाव पर पंचक्रोशी यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मतदान करने की अपील की।

## प्रभु की इच्छा में मैं तो निमित्त मात्र हूं: आचार्य प्रज्ञा सागर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज ने वह काम कर दिया है जो देश में 1700 से भी अधिक दिगंबर संत नहीं कर पाए प्रथम आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज का भोज तीर्थ कर्नाटक को बनाकर एक सुंदर और रमणीक व दार्शनिक,धार्मिक तीर्थ स्थान के रूप में परिवर्तित कर दिया है उज्जैन में तपोभूमि पर शांति सागर महाराज की प्रतिमा एवं सुंदर स्वरूप प्रत्येक स्थान को कुछ इस प्रकार से निर्मित किया है कि यहां की प्रत्येक स्थान पर पॉजिटिव ऊर्जा का स्रोत है उज्जैन में तपोभूमि ही नहीं देश में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक के कई मंदिरों का जीणोद्धार भी किया है इसीलिए मैं आज आचार्य शांति सागर महाराज का पट्टाचार्य अपने संपूर्ण संतों के साथ आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज को तीर्थ संरक्षक संवर्धक की उपाधि देता हूं उपाधि का पत्रक वाचन प्रमुख इतिहासकार विद्वान डॉ. अनुपम जैन इंदौर द्वारा किया गया।

## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के बने शिष्य

# स्वामी सुरेशानंद जी बने निरंजनी अखाड़े के महंत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शुक्रवार को महामाया आश्रम में से पंचायती निरंजनी अखाड़ा द्वारा मान्यता की विधि संपन्न की गई। श्री पंचायती निरंजन अखाड़े के सचिव और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी जी महाराज ने महामाया आश्रम के महंत सुरेशानंद महाराज को पूरी नाम देते हुए अपना शिष्य घोषित किया साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सुरेशानंद पूरी जी महाराज महामंडलेश्वर बनेंगे।

महामाया आश्रम में आयोजित चादर विधि समारोह में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर चार धाम पीठाधीश्वर स्वामी शांति स्वरूपानंद गिरी महाराज, भरतरी गुफा के पीर रामनाथ महाराज, स्वामीनारायण आश्रम के महंत आनंद जीवनदास महाराज, महानिवार्णी अखाड़े के श्याम गिरी महाराज, राधे राधे बाबा, महंत देव गिरी महाराज, महंत विद्या भारती महाराज, आव्हान अखाड़े के थानापति महंत सेवानंद गिरी महाराज, रंजीत पुरी महाराज, सिद्धाश्रम के महंत प्रवानंद गिरि महाराज सहित सभी अखाड़ों के संत महंतों ने चादर विधि की।

# एकादशी पर निकली विशाल निशान यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एकादशी के अवसर पर विशाल निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बाढ़कुमेद से दो किलोमीटर दूर पहाड़ी पर विराजित खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर भगवान खाटू श्याम का पूजन अर्चन किया गया। प्रति एकादशी पर निशान यात्रा निकाली जाती है। समाजसेवी मनोज मीणा ने बताया कि कई वर्षों से निशान यात्रा निकालने की परंपरा चली आ रही है। एकादशी पर निकाली गई निशान यात्रा में प्रमुख रूप से संतोष पाटीदार जगदीश मीणा हाकम पटेल सुभाष जैन बाबू पटेल कनु पटेल अशोक पाटीदार बबलू मीणा पिंटू मीणा धर्मेंद्र मीणा शिव वर्मा राजेश गोयल विनोद गोयल आनंद मीणा शंकर पटेल गब्बर पटेल रवि मीणा ओम राठौड़ संतोष जैन अजय रावल ईश्वर पाटीदार धर्मेंद्र पाटीदार कान्हा पाटीदार बंटी राजेश पटेल दिनेश पाटीदार राधेश्याम कमल मीणा चेतन मीना सुभाष श्याम मीणा संजय पटेलआदि शामिल हुए।

### ब्रह्मनाद में अंगदान के बारे में दिया परिपत्र

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन डायमंड द्वारा ब्रह्मनाद आयोजित किया गया। दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम मे अंगदान और देह दान के बारे जेपी पंचारिया द्वारा परिपत्र दिया गया। कार्यक्रम में सभी लायन साथियों की उपस्थिति रही।

## व्यवस्थाओं को सिरे स्वयं ने और श्रद्धालुओं से भी जाना

# तपती धूप में कलेक्टर-एसपी बाईक से पहुंचे पंचक्रोशी पड़ावों पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास की 118 किलोमीटर लंबी पंचक्रोशी यात्रा उज्जैन में जारी है। श्रद्धालु पूर्ण भक्तिभाव के साथ अपने पड़ावों की ओर दिन रात आगे बढ़ रहे हैं। शनिवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं एसपी प्रदीप शर्मा तपती धूप में श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन एवं पुलिस की व्यवस्था जानने बाईक से निकल पडे। लवाजमा पीछे पीछे रहा। इस दौरान दोनों ने पर्याप्त छाव, शीतल पेयजल, राशन, चिकित्सा, शौचालय,सुरक्षा आदि की व्यवस्थाएं को जांचा।

शनिवार को उज्जैन कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बाइक से आकस्मिक पंचक्रोशी के सभी पड़ाव स्थलों के लिए निकल पडे। उन्होंने रास्ते एवं पडाव स्थलों पर श्रद्धालुओं से भी चर्चा कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। दोनों ने पड़ाव स्थल करोहन, नलवा, अंबोदिया और कालियादेह का सघन भ्रमण किया।

### यात्रियों को भोजन प्रसादी, शरबत और फलहारी का वितरण

श्रद्धालुओं की सेवा के लिए प्रशासन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी अपनी महती भूमिका निभा रहीं हैं। पड़ाव स्थलों पर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। धमार्लूजन जगह-जगह श्रद्धालुओं को शरबत, लस्सी , केरीपना, छाछ और साबूदाने की खिचड़ी का वितरण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मार्ग में एवं पर्याप्त पडाव पर पुलिस बल तैनात किया गया हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### राशन -दवाइयों के लगाएं स्टॉल

श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए खाद्य विभाग द्वारा पड़ाव स्थलों पर स्टॉल लगाकर पैकेट्स में राशन और साबूदाने का वितरण किया जा रहा हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार के लिए अस्थाई अस्पताल बनाए गए हैं, जहां शिफ्टों में मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई हैं। स्टॉल लगाकर आवश्यक दवाओं का वितरण किया जा रहा हैं। कंट्रोल रूम से लगातार अनाउंसमेंट के माध्यम से श्रद्धालुओं को जानकारी भी दी जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की सेवा के साथ ही मतदाता जागरूकता संबंधी बैनर लगाए गए हैं। कलापथक दल भी विभिन्न जागरूकता संबंधी गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को 13 मई को मतदान करने का संदेश दे रहे हैं।

### पूर्ण छांव व शीतल जल की व्यवस्था

पंचक्रोशी यात्रा के पड़ावों और मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई है। विभिन्न पड़ाव स्थलों के साथ यात्रा मार्ग पर भी जगह जगह बड़े क्षेत्र में शामियाने लगाकर छाव की व्यवस्था की गई हैं। जहां श्रद्धालु आराम से विश्राम और भोजन कर रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा थोड़ी थोड़ी दूरी पर पानी के केन के माध्यम से शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए सांची के टैंकर भी लगाए गए हैं। साथ ही स्नान व्यवस्था के लिए पानी की टंकियां लगाई गई हैं।

# प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन उज्जैन की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन उज्जैन की बैठक शोभा पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इनका स्वागत व सम्मान मंजुलता भाटी ने किया। बैठक में 30 जून-31 दिसंबर को सेवानिवृत्त पेंशनर्स को लेखापाल बी.एल. सोनी द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय ने बताया कि बैठक में नये सदस्य कैलाशचंद्र उपाध्याय एवं रविकुमार दत्ता का स्वागत व सम्मान किया गया।

बैठक में शमशेर सिंह तोमर, अरुणेश्वरी गौतम, रामेश्वर दयाल शर्मा, प्यारेलाल पालीवाल, महेश कांत व्यास, दिनेश कुमार व्यास, आनंदी मौर्य, ओमप्रकाश जोशी,अरुण हेडाऊ, श्रीकांत जोशी, बुद्धिलाल लोधी, के.के.जोशी, लक्ष्मीनारायण यादव आदि अन्य पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक और एक शतक @ 11

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर - उज्जैन | रविवार 05 मई, 2024 | awantika.com




## आपकी खबरें...

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**उज्जैन।** मंदसौर में आयोजित 38वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उज्जैन जिले से 7 खिलाड़ियों ने भाग लेकर सात पदक प्राप्त किये। कोच पलक लालावत के अनुसर प्रतियोगिता में मिनी श्रेया केलकर ने कांस्य पदक, कैडेट सुहाना राठौर स्वर्ण पदक, जूनियर शुभ गहलोत कांस्य पदक, जूनियर प्रतीक गहलोत कांस्य पदक, सीनियर देव लालावत कांस्य पदक, सीनियर नीलेश केशवाल रजत पदक, सीनियर साहिल चावला ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। लायंस ताइक्वांडो अकादमी की सचिव कोच पलक लालावत ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

### दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेन्ट एसोसिएशन के हुए चुनाव, रोहरा फिर अध्यक्ष बने

**उज्जैन।** दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेन्ट एसोसिएशन के चुनाव हुए। जिसमें अजय रोहरा लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनें।

कोषाध्यक्ष दीपक मेड़तवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए चेतन गुरनानी ने पूर्व अध्यक्ष अजय रोहरा का नाम प्रस्तावित किया। जिसका समर्थन नवनीत गुप्ता ने किया। तय समय में अन्य कोई नाम नहीं आने पर अजय रोहरा को तीन वर्षों के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। चुनाव अधिकारी संजय अग्रवाल व सहायक अधिकारी जवाहर सनमुखानी थे। अध्यक्ष बनने के बाद रोहरा ने सचिव पद हेतु आशीष जैन व कोषाध्यक्ष पद हेतु दीपक मेड़तवाल को मनोनीत किया। इस अवसर पर रवि नाटानी, नवीन कांकरिया, अर्जुन भीमवानी, सुरेश सनमुखानी, अभय जैन, सूरज सामधानी, ऋषभ जैन, गगन जैन, अरूण अग्रवाल, घनश्याम रोहरा, विजय अग्रवाल, हरि कुवाल, रमेश परवाल आदि उपस्थित थे।

### राजनीतिक प्रचार प्रसार हेतु निगम द्वारा विज्ञापन माध्यम का आवंटन किया गया

**उज्जैन।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में राजनीतिक प्रचार प्रसार हेतु लॉटरी से विज्ञापन माध्यम,गैंट्री गेट, होर्डिंग्स के स्थानों का आवंटन शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला उज्जैन से स्वीकृत की गई नीति अनुसार एवं निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश के क्रम में निगम मुख्यालय राजस्व विभाग अन्य कर में राजनीतिक दलों की उपस्थिति में संपन्न किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला उज्जैन से स्वीकृत की गई नीति अनुसार नगर पालिक निगम उज्जैन के द्वारा विभिन्न एजेंसियों को आवंटित गैंट्री गेट और होर्डिंग्स का आवंटन राजनीतिक दल,निर्दलीयों व अन्य को राजनीतिक प्रचार प्रसार हेतु लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया गया जिसमें 12 गैंट्री गेट एवं 17 होर्डिंग को लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया गया। लॉटरी आवंटन के दौरान सहायक आयुक्त प्रदीप सेन, राजस्व विभाग से जयसिंह राजपूत एवं आवेदकों में भारतीय जनता पार्टी से कपिल कटारिया,कांग्रेस पार्टी से रवि राय एवं तीन निर्दलीय आवेदक उपस्थित रहे।

इंदौर में लोकसभा निर्वाचन का हुआ मतदान प्रारंभ

# मतदान टीम को घर आया देख कर खुश हुए बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता

- पहले चरण में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों ने घर बैठे ही मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए सुनिश्चित की अपनी भागीदारी
- भारत निर्वाचन आयोग की लोकसभा निर्वाचन-2024 में की गई पथ प्रदर्शक पहल की हुई सराहना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में लोकसभा निर्वाचन के लिए आज से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। प्रथम चरण में भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए घर पर ही मतदान की सुविधा प्रदान की। आज से प्रारंभ हुए मतदान में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) ने घर बैठे ही उत्साहपूर्वक रूप से मतदान किया। जिले में 5 और 6 मई को भी उक्त श्रेणी के मतदाताओं से मतदान कराया जायेगा। मतदान के लिए 111 दल बनाये गये हैं।

उक्त दलों को आज के मतदान के लिए सुबह 7 बजे शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान सामग्री वितरित की गई। मतदान दलों ने मतदान के पश्चात कलेक्टर कार्यालय स्थित कोषालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के साथ मतपत्र और अन्य जरूरी सामग्री जमा करायी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए शुरू की गई इस पहल से लोकतंत्र में इनकी भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है। इंदौर जिले में लोकतंत्र के इस महोत्सव के लिये अपार उत्साह देखा गया।

एलआईजी क्षेत्र इंदौर निवासी 100 वर्षीय कमलाबाई ने आज अपने घर से मतदान कर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उसे चलने-फिरने में दिक्कत है, निर्वाचन आयोग द्वारा घर से मतदान करने की जो सुविधा दी गई है वह सराहनीय है। आज घर से वोट करके बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि वे 50 साल से विभिन्न चुनावों में मतदान कर रही हैं। इसी तरह ग्राम कम्पेल की 95 वर्षीय भगवती बाई आनंद राव द्वारा घर से मतदान किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान करके बहुत प्रसन्नता हुई। हम बुजुर्ग लोगों के लिए घर में ही वोट डालने की सुविधा दी है यह सर्वोत्तम कार्य है, इसके लिए मैं बहुत ही आभारी हूं।

एक अन्य 87 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता जो ग्राम कम्पेल के निवासी बालमुकुन्द भगवानलाल है और इनके जैसे ही अनेक बुजुर्ग मतदाताओं ने आज घर पर ही मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाते हुए खुशी और संतोष व्यक्त किया तथा जिला प्रशासन की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए घर आए मतदान दलों के प्रति आभार व्यक्त किया।

निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं की मतदान करने की इस आवश्यकता को पहचाना है कि शारीरिक अड़चने और दिव्यांगता वाले नागरिकों को वोट देने के अधिकार में कोई बाधा नहीं बने। इस पहल के द्वारा कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे। इसी क्रम में इंदौर जिले में भी आज मतदान दलों ने समर्पित भाव से पूर्ण जिम्मेदारी और पारदर्शिता बनाए रखते हुए बुजुर्गों और दिव्यांगजनों से मतदान कराया। आज नेहरू नगर में भी मतदान दल पहुंचे। यहां 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला अनुराधा गहलोत, 86 साल की कान्ताबाई, बुजुर्ग वासुदेव राव सहित कुल 11 बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए उत्साहपूर्ण रूप से मतदान किया। इसी प्रकार 85 वर्ष से अधिक आयु की न्यू पलासिया निवासी माया श्याम डसानी, आर के पुरम निवासी 90 साल से अधिक आयु के अमृत सागर तथा 88 वर्ष की मनी माल गुप्ता और अनूप नगर में रहने वाली 87 वर्षीय वृद्धा श्रीमती सरस्वती बम ने भी मतदान कर लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी भूमिका का निर्वहन कर एक मिसाल कायम की। जिले में कुल 3 हजार 126 दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे मतदान करने की सहमति प्रदान की है।

मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी मिली पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

## इंदौर में पत्रकारों ने उत्साहपूर्ण रूप से पोस्टल बैलेट से पहली बार किया मतदान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा का इंदौर में आज प्राधिकृत पत्रकारों ने उत्साहपूर्ण रूप से लाभ लिया और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पहली बार पोस्टल बैलेट से मतदान किया।

उक्त पत्रकारों ने आज होलकर साइंस कॉलेज में बनाये गये फेसिलिटेशन सेंटर में पहुंचकर मतदान किया। निर्वाचन आयोग से प्राप्त प्राधिकार पत्र प्राप्त पत्रकार 8 मई तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकारों से पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन लिए गये थे।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

### प्रारंभ हुई नर्मदा परिक्रमा

**उज्जैन।** श्री श्री 1008 श्रीमहंत श्री माधवाचार्यजी महाराज के सानिध्य एवं हजारी हनुमान मंदिर पंवासा मक्सी रोड़ उज्जैन के श्रीमहंत काशीदासजी महाराज की अगुवाई में गुजरात मालसर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ हुई। विश्व मंगल की कामना से प्रारंभ हुई यह यात्रा अमरकांत होते हुए वापस मालसर में समापन होगा। नर्मदा स्वच्छ बनी रहे, प्रकृति उसमें स्वस्थ बनी रहे और प्रदूषण मुक्त रहे, भगवान राम जी विराजमान के उपलक्ष में यह नर्मदा परिक्रमा भारत के सभी बड़े-बड़े संत महंत महामंडलेश्वर कर रहे हैं।

हम बात करते है किसानों की, युवाओ की, रोजगार की, महंगाई की....

# ये बात करते है पाकिस्तान मुस्लिम और कांग्रेस को कोसने की -महेश परमार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

लगभग 800 से ज्यादा गांवो में पहुच चुके महेश परमार ने 4 मई को बड़नगर में जनसम्पर्क किया और मतदाताओं से वोट अपील की। जनता से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को न तो किसान की चिंता है न हमारे नोजवानो के भविष्य की। मूल मुद्दों से भटकाकर जुमले दे देकर केवल सत्ता हथियाने की जुगत में लगे है। उज्जैन के भाजपा उम्मीदवार कहते है मोदी जी मोदी जी मोदी जी तो इनके पास क्या है कहने को? ये भी तो बताए 5 साल में क्या किया ओर मोदी के पास क्या है पाकिस्तान, मुस्लिम, कांग्रेस पर कीचड़ उछालने के सिवा। कुछ नही, आप क्यो नही जिक्र करते नोट बन्दी का, क्यो नही जिक्र करते जीएसटी का, क्यो नही जिक्र करते महंगाई का, बेरोजगारी का। पूरे चुनाव प्रचार को देख लो क्या है इनके पास। जब विश्व का सबसे बड़ा संगठन है तो डरा डरा कर कांग्रेस के लोगो को क्यो भाजपा में भर रहे हो। राष्ट्र हित में अगर बात करनी है तो साम्प्रदायिक सद्भाव के इस देश मे नफरत के बीज मत बोओ। राष्ट्र हित मे बात करनी है तो युवाओ, महिलाओं, गरीबो, वंचितों, दलित, पिछडों की बात करो। इनके हित मे ही राष्ट्र का हित समाहित है। जनसम्पर्क के दौरान पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत उपाध्याय, गजेंद्र यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोहन सिंह पलदुना, होशियार सिंह राजावत, मधुसूड़न भारद्वाज, डीपी भाईजी, राजेंद्र सिंह राठौर, प्रेमचंद द्वितीय, सुरेश पटेल, ललित यादव, भैरूलाल जाट, पप्पू जाट, ईश्वर सिंह, अर्जुन सिंह, मथुरा लाल यादव, जगदीश धाकड़, बद्री आचार्य, हाकम सिंह वाघेला वकील साहब, युनूस पटेल, इंदर सिंह पटेल, लक्ष्मी नारायण यादव, बड़नगर विधानसभा के प्रभारी राजेंद्र व्यास, सोनू शर्मा, महेश पटेल, बीनू कुशवाहा उपस्थित थे। यह जानकारी प्रभारी राजेन्द्र व्यास ने दी।

## टीपू सुल्तान के 225वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शेरे मैसूर सुल्तान फतेह अली खान (टीपू सुल्तान) के 225वें शहीदी दिवस पर शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर शहिद टीपू सुल्तान और देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी महावीरो को शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि 4 मई 1799 को अंग्रेजों से लड़ते हुए देश के महान योद्धा टीपू सुल्तान वीरगति को प्राप्त कर गए थे। उन्होंने अपने शासनकाल में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। अंग्रेजों ने फूट डालो राज करो नीति के अंतर्गत उनकी छवि को धूमिल करने का विसंगत प्रयास किया।

वे महान योद्धा, कुशल रणनीतिकार थे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं डॉ. एपीजे अ. कलाम ने भी देश का पहला मिसाइल मैन और महान योद्धा बताया था। अंग्रेजों ने निजाम और पेशवा को अपने साथ मिल लिया और देश पर कब्जा करने में कामयाब रहे। उन्होंने अनेक युद्ध में अंग्रेजों को परास्त किया।

आबकारी अमले की अवैध शराब परिवहन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही

# बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त, 36 प्रकरण किए गए पंजीबद्ध

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए शराब के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग के अमले द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में लोडिंग वाहन पिकअप में अनोखे तरीके से खली की बोरियों से कवर कर परिवहन की जा रही 40 पेटी विदेशी शराब जप्त की गई। जप्त सामग्री की कीमत 11 लाख 35 हजार रुपए है। अन्य कार्यवाहियों में कुल 36 प्रकरण पंजीबद्ध कर 369 लीटर मदिरा और 2770 किलोग्राम महुआ लहान भी जप्त किया गया।

सहायक आयुक्त आबकारी मनीष खरे ने बताया कि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर राऊ चौराहा पर नाकाबंदी कर बोलेरो पिकअप को रुकवाया तो ड्राइवर गाड़ी से उतरकर भाग निकला। काफी दूर तक पीछा करने और कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। तत्पश्चात वाहन की तलाशी कराई तो खली की बोरियों के पीछे छिपाकर रखी गई 40 पेटी अवैध शराब बरामद की गई,जिसकी कुल मात्रा 352.8 बल्क लीटर और अनुमानित कीमत 3 लाख 35 हजार 200 रुपए है। इसके साथ तस्करी में उपयोग किए जा रहे 8 लाख कीमत के पिकअप वाहन को भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन से आरोपी नरेंद्र कुमार पिता विष्णु देवड़ा निवासी द्वारका पुरी के पास प्रजापत नगर इंदौर को गिरफ्तार कर अवैध मदिरा का संग्रहण एवं कब्जा होने से आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पूछताछ में आरोपी नरेंद्र देवड़ा ने मदिरा किसी सचिन यादव उर्फ सचिन शिवहरे के लिए ले जाने का खुलासा किया,जो उसे फोन कर शराब की डिलेवरी का पता बताने वाला था। ड्राइवर के बयान पर अब सचिन यादव की तलाश की जा रही है। अन्य कार्यवाहियों में कुल 36 प्रकरण पंजीबद्ध कर 369 लीटर मदिरा और 2770 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है जिसका अनुमानित मूल्य 3 लाख 57 हजार 325 रुपए है। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध आबकारी अमले की प्रभावी कार्यवाहियाँ निरंतर जारी है।

## शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए लोक जागरण की बैठक

**शुजालपुर।** भारत देश लोकतंत्र का देश है, हर पांच साल में हमारे देश मे चुनाव कराए जाते और सरकार बनाई जाती है। भारतीय किसान संघ राष्ट्रवादी संगठन है, संगठन हमेशा राष्ट्र के हित मे कार्य करता है, इसी के चलते शुजालपुर तहसील में संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व पर शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए लोक जागरण की बैठक की। इसमें कार्यकर्ताऔ ने वृत लेते हुए समाज के बीच मे जाकर राष्ट्रहित मे शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए समाज से आग्रह करने की बात कही। संगठन का कार्यकर्ता समाज के बीच मे जाएगा और इस महायज्ञ में अपनी आहुति देने के प्रेरित करेगा, ऐसा संकल्प सभी कार्यकर्ताओं ने लिया। बैठक मे जिलाध्यक्ष घनश्याम पाटीदार, उपाध्यक्ष राधेश्याम धनगर, कुवंरलाल परमार, जिला मंत्री सवाई सिंह सिसोदिया, सह मंत्री देवनारायण परमार, तहसील अध्यक्ष चन्दर सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष दिनेश जाट, सुभाकसिह मेवाडा, चेनसिह पटेल, मंत्री राजेंद्र मेवाड़ा, नरेन्द्र पाटीदार, युवा वाहिनी अभिषेक जोशी, सदस्य रामचन्द्र धनगर, फू ल सिंह धनगर, धर्मेन्द्र जाट, प्रेम सिंह सिसोदिया, पृथ्वी सिंह मेवाडा, रामसिंह मेवाड़ा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## राज्य सभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ महाराज का स्वागत

**रुनिजा।** बाल योगी संत राज्य सभा सांसद उमेश नाथ महाराज खाचरोद से उज्जैन जाते समय अल्प समय के लिए रुनीजा स्टेशन पर रुके स्टेशन पर जनपद सदस्य सुनील यादव के ऑफिस पर क्षेत्र के कार्यकताओं ने भाव भिना स्वागत किया। संत श्री ने अपने स्वागत के प्रति उत्तर में धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सभी मिलकर देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को सार्थक करना है। तथा मतदातओ को मोदी जी के द्वरा करवाये गए कार्यो से अवगत कराते हुए भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान 13 मई को करवाना है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुनील यादव , माधवपुरा सरपंच सत्यनारायण नागर , गजनी खेड़ी सरपंच प्रतिनिधि कौटिल्य सिंह राठौर , खरसोद कला मंडल अध्यक्ष विजयराज सिह बना ,युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश पण्ड्या , विधानसभा विस्तारक सुदीप पांडे , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमराव सिंह , सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह ,राज बना ,सूरज नागर ,रमेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुष्टिमार्ग के जनक वल्लभाचार्य जी का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया

**खिलचीपुर।** अखंड भूमंडलाचार्य मदाआचार्य पुष्टिमार्ग के जनकहे जाने वाले श्रीमद वल्लभ आचार्य जी का प्रकट उत्सव नगर में प्रातः प्रभात फेरी के साथ प्रारंभ होकर संध्या को सर्वोत्तम पाठ एवं सत्संग के साथ मनाया गया। प्रातः प्रभात फेरी कल्याण राय जीके मंदिर से प्रारंभ होकर पटवा बाजार पिपली बाजार सराफा बाजार सुभाष चौक तोपखाना दरवाजा से से गोवर्धन चौक स्थित गोवर्धन नाथ जी के मंदिर पर मंगला आरती एवं प्रसाद चरण के उपरांत राजमहल होते हुए कल्याण राय जी के मंदिर पर मंगला आरती एवं प्रसाद वितरण के उपरांत समापन हुआ। प्रभात फेरी का संचालन खिलचीपुर परिषद के अध्यक्ष श्री विट्ठल दास चौधरी द्वारा किया गया। नगर की तीनों पुष्टिमार्ग की हवेलीयो श्रीनाथजी मंदिरतालाब कल्याणरायजीमंदिर राजमहल परिसर श्री गोवर्धन नाथ जी मंदिर गोवर्धन चौक में पुष्टिमार्गीय वैष्णवन ने इस अवसर पर प्रातः काल मंगला आरती एवं दोपहर में तिलक दर्शन का ऐवं प्रसादलाभ लिया।

# लोकसभा चुनाव : भाजपा और कांग्रेस का सोशल मीडिया पर हो रहे प्रचार पर आयोग की नजर नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

हींग लगे ना फिटकरी और रंग चौखा आये यह उक्ति तो हर किसी ने सुनी होगी ऐसी ही कुछ इन दिनो लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव के प्रत्याशियों के लिए देखने को मिल रहा है। चुनाव में दोनों ही पार्टी के समर्थक एवं कार्यकर्ता अपने अपने प्रत्याक्षी का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहे है। प्रत्याशियों का प्रचार बगैर किसी खर्च है तो हो रही रहा है। साथ ही इस पर किसी भी तरह की रोक भी नजर नही आ रही है। फेसबुक और वोटसप के माध्यम से हो रहे इस प्रचार की और किसी का ध्यान नही है। सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे इस प्रचार हकीकत यह है कि प्रचारकों के द्वारा प्रत्याशियों की ब्रांडिंग से ज्यादा वोटर का माइंडसेट करने का कार्य किया जा रहा है। इसकी निगरानी के लिए बनाई गई मीडिया सर्टिफिकेशन और मॉनिटरिंग कमेटी एमसीएमसी भी इसे रोक नही पा रही है। एक और जहॉ लोकसभा चुनाव में प्रिंट, इलेक्टानिंक

और पेड न्यूज की निगरानी और प्रत्यक्षी के सोशल मीडिया एकाउंट को 24 घंटे जॉच किया जा रहा है। तो दूसरी और सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों का प्रचार जोर शोर से जारी है। वोटर पर इसका क्या विपरीत प्रभाव होगा इसको लेकर कोई भी दिलचस्पी नही दिखा रहा है। 24 घंटे डयूटी करने वाली एमसीएमसी कमेटी पेड न्यूज पर निगरानी रखती है। यह पेड न्यूज अखबारों इलेक्टानिंग चेनल किसी में भी हो सकती है। अब अगर सोशल मीडिया पर पेड न्यूज प्रत्यक्षी के खाते में नही होगी किन्तु फालोअर्स और पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने एकाउंट के माध्यम से अपने प्रत्यक्षी के लिए जमकर प्रचार किया जा रहा है।

### निगरानी के लिए जिला स्तर पर है कमेटी

भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा चुनाव के लिए स्टेट लेबल मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी और जिला लेबल पर कमेटी का गठन किया गया है। जिला स्तर की कमेटी में अध्यक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी होते है और सदस्य के तोर पर एसडीएम,सभी विधानसभाओं के एआरओ, प्रिंट इलेक्टानिक मीडिया के सदस्य शामिल होते हैं। इस बार भी निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें एक सोशल मीडिया एक्सपर्ट को भी एमसीएमसी कमेटी में जोडा गया है।

### प्रचार के लिए जुटे है

किसी भी पार्टी का प्रत्यक्षी हो फिर उनके समर्थक सब अपने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार करने में जुटे हुवे है। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जहॉ लोग शादी समारोह कम व्यस्त नजर आ रहे है सोशल मीडिया के माध्यम से अपने चहेते नेता का प्रचार करने में ज्यादा समय बीता रहे है। सोशल मीडिया के माध्यम से अपने प्रत्यक्षी के काम काज के साथ निजी व्यक्तिगत गुणो का भी बखान किया जा रहा है। चुनाव के पूर्व सोशल मीडिया पर चुपचाप नजर आने वाले फॉलोअर्स अब अपने नेता की नजर में चमकने की कोशिश में लगे हुए है। पार्टियों के आईटी सेल भी दिनरात इसी काम में जुटे हुए हैं। किन्तु इन सबके बाद भी अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### जिम्मेदार का कहना

सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए जिला स्तर पर कमेटी निगरानी के लिए है जो सोशल मीडिया के प्रचार प्रसार पर नजर रख रही है। प्रत्यक्षी के सोशल मीडिया एकाउंट पर नजर रखी जा रही है ।

**मिलिंद ढोके**
**सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम**

# इतिहास एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने किया संग्रहालय का भ्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की इतिहास एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने कल महिदपुर स्थित अश्विनी शोध संस्थान के पुरातात्विक संग्रहालय का भ्रमण किया।इस दौरान अध्ययनशाला के प्रोफेसर डॉ रमण सोलंकी, डॉ प्रीति पांडे, डॉ अंजनासिंह गौर, डॉ अजय शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने संग्रहालय की सभी ऐतिहासिक और पुरातात्विक वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ आर सी ठाकुर ने सभी को इनका महत्व समझाया और संग्रहालय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्थान अध्यक्ष डॉ. आर सी ठाकुर का सम्मान अध्ययनशाला के प्राध्यापकों द्वारा पुष्पमाला तथा शाल श्रीफल से किया गया। इसके अलावा भ्रमण दल ने महिदपुर के अन्य सभी ऐतिहासिक स्थलों प्राचीन किला, क्षिप्रा नदी के समीप स्थित भस्मा टेकरी को भी देखा तथा वहाँ के पुरातात्विक महत्व को समझा। इसके बाद भ्रमण दल ने प्रसिद्ध चिंतामण गणेश मंदिर के दर्शन किए तथा वहाँ के भी ऐतिहासिक महत्व को जाना। अंत में आभार प्रदर्शन अध्ययन शाला की प्रोफेसर डॉ प्रीति पांडे ने माना। जानकारी संजय सेवक ने दी।

## बाइक की आमने-सामने भिडंत में युवक की मौत

**देवास।** शाजापुर में आमने-सामने बाइक की भिड़ंत में शुक्रवार देर रात को एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक महिला घायल हो गई। महिला का उपचार अस्पताल देवास के निजी अस्पताल में जारी है। युवक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। कोतवाली थाना पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर प्रकरण शाजापुर पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार आदित्य व्यास उम्र 24 वर्ष निवासी मदाना शाजापुर महिला रिश्तेदार के साथ बाईक से अपने मामा के यहां आष्टा किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। वहां से वह वापस अपने गांव आ गया था। घर आकर वह सामान लेने के लिए बाजार गया था, वहां से लौटते समय उसकी बाइक को सामने से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें आदित्य व उसकी रिश्तेदार गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें शाजापुर अस्पताल में ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद देवास रेफर कर दिया गया। यहां आदित्य को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी रिश्तेदार को उपचार के लिए निजी अस्पताल में रेफर किया गया। शनिवार सुबह आदित्य का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय में हुआ उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### वैश्य फेडरेशन ने किया मनोनीत

# संध्या, रवि व अंकित लोकसभा प्रभारी नियुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर वैश्य सेवा संबंधित प्रमुख संस्थाए अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा रवि नेमा शुजालपुर, संध्या धारीवाल शुजालपुर, अंकित अग्रवाल कालापीपल को शाजापुर जिले का लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश महामंत्री कुलदीप घारिया एवं बीना माहेश्वरी, संभाग महामंत्री ग्रीष्मा शाह, जिला अध्यक्ष वीणा गोयल ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में आस्था नेमा और अनुश्री नेमा के द्वारा मतदान रंगोली बनाई गई, जिसके समक्ष सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार भी उपस्थित रही। संस्था सदस्यों द्वारा शहर में निवासरत वैश्यजनों को पहले मतदान फि र व्यापार विषय के तहत मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी कुलदीप घारिया ने बताया की वैश्य समाज देश की सक्रिय राजनीतिक धारा से जुड़कर कार्य करेगा, लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के साथ राष्ट्रहित में समर्थन करेगा। अभिनन्दन जैन ने बताया की संस्था द्वारा विभिन्न गतिविधियां एवं आयोजन कर जिले में निवासरत वैश्यजननों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र धारीवाल, संदीप शाह, सिमित चौधरी, दीपक गोयल, रोहित नेमा, कैलाश वैद्य, लता विजयवर्गीय, राजकुमारी अग्रवाल, मीना नेमा, हनी गुप्ता ,चंदा गुप्ता, ममता अग्रवाल आदि वैश्यजन उपस्थित रहें।

### पति की पुण्यतिथि पर पत्नी की अनुकरणीय पहल

# शिविर में 80 रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लेकर दिया समाज को संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रुनिजा

जाने वाले की कमी तो परिवार को व हमेशा खलती रहती है। लेकिन उनकी स्मृति में कुछ ऐसे यादगार कार्य किये जा सकते जिससे उनकी याद हमेशा बनी रहे। जैसे , वृक्षारोपण , धर्मशाला , विधालयो में कमरे बनाकर देना , रक्तदान करना ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उस पुण्य आत्मा को स्मरण करने का एक अवसर प्राप्त होता है। ओर यह यादे हमेशा स्थाई बनी रहती है। ओर आज समाज मे ऐसे कई लोग व परिवार है जो एक नया आदर्श स्थापित कर समाज को सन्देश देने का काम भी करते हैं। ऐसा अनूठा ओर यादगार कार्य एक पत्नी ने अपने पति पुण्यतिथि पर कर एक मिशाल पेश की है।

ग्राम पीपलू मे राहुल यादव( डगला )की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी पत्नी मोना

यादव एव उनके देवर रोहित यादव द्वारा एक अनुकरणीय पहल की गई। यादव परिवार द्वारा रक्तदान महादान के नारे का सार्थक करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया उक्त शिविर में आसपास के ग्रामो आये 80 लोग रक्तदान कर इस शिविर व महाआयोजन को सफल बनाया।। पीपलू निवासी स्वर्गीय राहुल यादव के पिता रंजीत यादव परिवार सामान्य व किसान परिवार है। राहुल यादव का पिछले वर्ष हृदय गति रुकने से स्वर्गवास हो गया था । उसी की याद में उसकी पत्नी एवं देवर के द्वरा रक्तदान शिविर आयोजित करने सुझाव दिया गया था। परिवार द्वारा इस अनूठे सुझाव को स्वीकार करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया उक्त शिविर अरविंदो अस्पताल की टीम ने पहुचकर इस शिविर में अपनी सेवा देकर 80 यूनिट रक्त कलेक्ट किया। यादव परिवार की इस अनूठी पहल की आसपास के गांव में विशेष चर्चा हो रही और प्रशंसा भी की जा रही है।

## न्यायालय परिसर महिदपुर में रक्तदान शिविर सम्पन्न

**महिदपुर।** मुख्य न्यायाधिपति महोदय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में रक्तदान शिविरो का आयोजन किया जाना है,इसी तारतम्य में दिनाँक 03/05/2024 को न्यायालय परिसर महिदपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन एडीजे सुशील कुमार जोशी,एडीजे श्रीमती रंजीता राव सोलंकी एवं न्यायाधीश सुश्री चेतना दशोरा, आकाश शर्मा,श्रीमती आयुषी शर्मा एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष विनोद जैन के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शिविर में न्यायाधीशगण, अभिभाषकगण,पक्षकारों सहित आम नागरिकों ने 55 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में जिला चिकित्सालय उज्जैन की टीम,नायब नाजिर श्र्जाटव एवं उनकी टीम तथा अभिभाषक साथियो का विशेष योगदान रहा।

## सेन जयंती पर चल समारोह आज

**खाचरौद।** गुजराती सेन समाज द्वारा प्रति वर्ष अनुसार ईश्वर सभी सेन समाज के आराध्य थे संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 724 वी जयंती हरसोलश के साथ आज (5 मई को) मनाई जाएगी ! सेन जी महाराज की पूजा दर्शन के साथ ही नीलकंठ महादेव मंदिर बस स्टैंड खाचरोद से 4:00 बजे चल समारोह प्रारंभ होगा जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ श्री सेन समाज मंदिर धर्मशाला उज्जैन दरवाजा दशहरा मैदान जैन अस्पताल के पास पहुंच कर चल समारोह का समापन होगा !

## गांगोलिया को आकाशवाणी द्वारा ए ग्रेड कला की उपाधि

**देवास।** मालवांचल के अंतरराष्ट्रीय लोक गायक रामचंद्र गांगोलिया को आकाशवाणी महानिदेशालय दिल्ली द्वारा लोक संगीत विधा में ए ग्रेड की उपाधि प्रदान की गई। आपको पूर्व में भी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सीनियर फैलोशिप सम्मान 2020, भैराजी सम्मान 2023, विदेश मंत्रालय भारत सरकार पंजीबद्ध कलाकार व अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओ द्वारा विभिन्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। गांगोलिया पिछले 30 वर्षो से लोक गायन के क्षेत्र में संलग्न है व देश के विभिन्न महानगरों में अपनी कला का प्रदर्शन कर प्रस्तुतिकरण कर रहे है। जिसमें प्रमुख रूप से राजधानी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, जयपुर, इंदौर इत्यादी सम्मिलित है। आप अनहद लोक कला सांस्कृतिक शैक्षणिक साहित्यिक संस्थान उज्जैन के माध्यम से विलुप्त होती मालवी लोक गायन कला, हेली गायन, छला गायन, हीड, निगुर्णी गायन, वाद्य कला का निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर इस कला को सजीव बनाये हुए है। आपके माध्यम से विभिन्न विद्यार्थियो को गुरू शिष्य परंपरा अन्तर्गत स्कॉलरशिप व विभिन्न योजनाओ का लाभ प्रदान कर अवसर प्रदान किये जा रहे है। इनकी इस उपलब्धि पर लोक कला के क्षेत्र संगीत से जुड़े कला साधकों और इष्ट मित्रों द्वारा हर्ष व्यक्त किया है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**बड़नगर।** तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण बड़नगर के तत्वाधान में शनिवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला सत्र न्यायाधीश रामविलास गुप्ता, न्यायाधीशगण गौरव चौरसिया, रिचा गोयल, सोनल गुप्ता, सोनम डेहरिया, उत्कर्ष दिवाकर अभिभाषक संघ अध्यक्ष आचार्य, न्यायालयीन कर्मचारीगण व अभिभाषकगण की उपस्थिति में किया गया। शिविर में न्यायधीश, अभिभाषकों, न्यायालयीन कर्मचारियों सहित पक्षकारों ने रक्त दान किया। रक्त दान दाताओं को रक्त कोष विभाग जिला चिकित्सालय उज्जैन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया। जानकारी अभिभाषक नीतेश मेलवाणी ने दी।

# अवैध तरीके से संचालित मेले व झुले को हटवाने के लिए जिलाधीश को दिया आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

मंगेश पाटिल पिता गजानंद पाटिल ने जिलाधीश को आवेदन देकर मांग की है कि स्थित आय.टी.आय. मैदान पर भागीरथ डाबी के द्वारा एक मेला आयोजित किया गया है, जिस बाबद कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी के कार्यालय से अनुमति भी जारी की गई है। किन्तु इनके द्वारा जारी अनुमति में उल्लेखित शर्तो का कोई पालन नही किया जाकर मनमाने तौर पर अवैध राशि की वसुली की जा रही है, मेला घुमने आने वाले लोगो से मेले मे घुमने के नाम पर 20 रुपए प्रतिव्यक्ति से वसुल किये जा रहे है, वंही वर्तमान में आचार संहिता लगी होने के बाद भी नियमानुसार मेला व ध्वनी विस्तारक यंत्र रात्रि 10 बजे बंद होना चाहिये किन्तु बाद इसके शर्तो का खुला उल्लंघन करते हुए मेला रात्रि 12 बजे तक संचालित किया जाता है तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग खुले तोर पर रात 12 बजे तक या इससे अधिक

समय तक तेज आवाज मे बजाये जाकर नियमो का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। बगैर किसी योग्य वैधानिक परमीशन के झूला संचालित कर मनमानी राशि वसुल की जा रही है जबकि झुला संचालित किया जाने हेतु संचालक को विधिवत रूप से डेली फिटनेस परमिशन प्राप्त किया जाना आवश्यक होती है जिससे कि संबंधित अधिकारियो के द्वारा दिन प्रतिदिन मौके पर उपस्थित रहकर झुले की फिटनेस का आंकलन किया जाता है जिससे कि कोई जनहानि ना हो या किसी व्यक्ति के साथ कोई घटना दुर्घटना कारित ना हो । इसके बाद भी उक्त व्यक्तियो के द्वारा अवैधानिक तोर पर बगैर अनुमति प्राप्त किये झुले संचालित किये जाकर जनसामान्य की जान से खिलवाड किया जाकर प्रशासन को मुंह चिढाया जा रहा है। इन लोगो के द्वारा राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के आधार पर आचार संहिता के उपरांत भी नियमो का उल्लंघ करते हुए देर रात तक अवैध रूप से आवारा किस्म के लडको को झुले पर व मेले मे बैठाया जाकर शराब सेवन व अन्य अवैध गतिविधियॉ संचालित की जा रही है, जिससे वहॉ से निकलने वाले लोगो को तथा निवासरत आस पास के लोगो के काफी परेशानीयो का सामना करना पड रहा है। पाटिल ने मांग की है कि नियमावली की शर्तो का खुला उल्लंघन किया जाने के कारण जारी मेले की अनुमति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कि जाए।

## दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**देवास।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र सिंह भदौरिया प्रभारी उप संचालक ने बताया कि दिनांक 29 मार्च 2022 को फरियादी ने टोंकखुर्द थाना में अपनी लड़की अभियोक्त्री के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 9 अप्रैल 2022 को विवेचना के दौरान अभियोक्त्री कांकेर छत्तीसगढ़ से अभियुक्त अजय के साथ मिली। पूछताछ में अभियोक्त्री के द्वारा बताया गया कि अभियुक्त उसे घर से बहला फुसलाकर छत्तीसगढ़ ले गया था जहां उसने अभियोक्त्री की इच्छा के विरूद्ध शारीरिक संबंध बनाये। अन्य आवश्यक अनुसंधान उपरान्त अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)द्वारा निर्णय पारित कर आरोपी अजय वर्मा पिता रमेशचन्द्र वर्मा, नि. गौरवा टोंकखुर्द, जिला देवास को पॉक्सो एक्ट में दोषी पाते हुए शेष प्राकृत जीवनकाल तक आजीवन कारावास व 2 हजार रूपए के अर्थदण्ड तथा 5 वर्ष का कठोर कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता कदीर खां पिता चाँद खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम घाटाबिल्लोद तहसील व जिला धार म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 502/1/1/2 रकबा 0.30 हे. ग्राम सिजावता तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेतागण को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति संस्था, शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे, अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी । सूचित हो

दिनांक :- 04-05-2024

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक ) 161, राधाकृष्ण कॉलोनी ) बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण गोपालसिंह पिता मोतीसिंह जाति राजपूत ईश्वरसिंह पिता निर्भय सिंह जाति राजपूत भगवानसिंह पिता निहालसिंह जाति राजपूत कृषकगण ग्राम पीरझलार तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 458/1 रकबा 0.83 हे., सर्वे क्र. 458/2 रकबा 0.60 हे., सर्वे क्र. 458/3 रकबा 0.83 हे., सर्वे क्र. 465/2 रकबा 0.54 हे., सर्वे क्र. 513/2 रकबा 0.29 हे., सर्वे क्र. 513/3 रकबा 0.30 हे., कुल किता 06 कुल रकबा 3.39 हे. ग्राम पीरझलार तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेतागण को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति संस्था, शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे, अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के

पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारर्क एवं मान्य नहीं रहेगी । सूचित हो ।

दिनांक :- 04/05/2024

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक ) 161, राधाकृष्ण कॉलोनी बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**

## खास न्यूज

### आर्मी मेन की बुलेट चुराते बदमाशों का सामने आया फुटेज

**उज्जैन।** नागदा की गर्वमेंट कालोनी में रात के समय सेवानिवृत्त आर्मीमेन अशोकसिंह राठौर की रायल एनफील्ड बुलेट क्रमांक एमपी 13 ईटी 6950 चोरी करते 2 बदमाशों का फुटेज सामने आया है। दोनों बदमाशों ने बेखौफ तरीके से घर के बाहर खड़ी बुलेट को आसानी से चोरी कर लिया। सुबह बुलेट चोरी का फुटेज सामने आने पर पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की पहचान के प्रयास शुरू किये है। बदमाशों का चेहरा नकाब से ढंका हुआ था। दोनों बदमाशों ने टोपी भी लगा रखी थी। दोनों पैदल आये थे और घर के बाहर खड़ी बुलेट का धकाकर आगे तक ले गये। उसके बाद हैंडल लॉक तोड़कर अपने साथ ले गये। पुलिस ने गर्वमेंट कालोनी के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखना भी शुरू कर दिये है।

### फ्रीगंज ब्रिज पर 2 बाइक की भिड़ंत में एक घायल

उज्जैन। फ्रीगंज ब्रिज पर शुक्रवार-शनिवार रात 2 बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। बाइक क्रमांक एमपी एमपी 13 एफक्यू 6776 पर मोहम्मद रफीक पिता फारूख और उसकी पत्नी रुबीना निवासी दमदमा सवार थे। दोनों चामुंडा माता चौराहा की ओर से दमदमा के लिये जा रहे थे। दुर्घटना में मोहम्मद रफीक घायल हुआ है। दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 13 एफ एम 8750 पर राजपाल पिता अंतरसिंह राठौर निवासी चुनाखेड़ी थाना माकडोन सवार था। उसे भी मामूली चोंट लगी है। मामले में देवासगेट थाना पुलिस ने दोनों बाइक चालको की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। दोनों का एक-दूसरे पर आरोप था कि तेजगति से चला रहे थे।

### दस्तावेज नहीं मिलने पर जप्त की गई 47 लाख रुपए की शराब

**उज्जैन।** आगररोड पर शिवांश कालोनी के सामने बुधवार रात शराब से भरी आयशर और ईको कार के बीच भिड़ंत हो गई थी। कार सवार एक महिला की मौत हुई थी। पुलिस ने पहले दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर मर्ग कामय किया था। दुर्घटना के बाद आयशर का चालक मौके से भाग निकला था। पुलिस शराब से भरी आयशर थाने पर खड़ी कर ली थी। उस वक्त सामने आया था कि शराब बड़वाह शराब डिपो से निकली थी। पुलिस ने शराब के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन शुक्रवार शाम तक ना तो चालक सामने आया, ना ही शराब से ठेकेदार और दस्तावेजों का पता चल पाया। मामले को लेकर चिमनगंज थाना एसआई आर. आर. चौहान ने बताया कि आयशर में भरी 1175 शराब की पेटी कीमत 47 लाख को अवैध मानकर आबकारी एक्ट अधिनियम 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। वही 10 लाख कीमत की आयशर क्रमांक एमपी 09 जीएफ 3499 को भी जप्त कर लिया गया है।

### सरपंच के रिश्तेदार पर तलवार से जानलेवा हमला

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम तुलाहेड़ा में चक्की वाले चौराहा पर शुक्रवार रात 10 बजे सरंपच लोकेन्द्रसिंह राजपूत के रिश्तेदार नरेन्द्रसिंह पिता तकेसिंह राजपूत पर ग्राम के रहने वाले धर्मेन्द्रसिंह, कुशाल सिंह और लाखनसिंह ने रास्ता रोकने के बाद तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। नरेन्द्र के गंभीर रूप से घायल होने उसे उपचार के लिये उज्जैन भेजा गया। पुलिस ने बताया कि हमलावरों और सरपंच के बीच आंगनवाड़ी में हुई एक नियुक्ति को लेकर विवाद हुआ था। सरपंच ने नियमानुसार नियुक्ति की बात कहीं, लेकिन हमलावर मानने को तैयार नहीं थे। मामले में धारा 307, 341, 323, 294, 506, 34 का प्रकरण दर्ज किया गया है। हमलावरों की तलाश करने पर शनिवार शाम धर्मेन्द्र और कुशालसिंह को हिरासत में ले लिया गया था। जिनसे तलवार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं लाखनसिंह की गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की गई है।

### बिना टिकट 681 यात्रियों से 2 लाख रुपए से ज्यादा का राजस्व वसूला

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने सभी प्रकार की ट्रेनों में बगैर टिकट यात्रा करने वालों पर सख्ती की है। इसके तहत शनिवार को स्पेशल कार्रवाई करते हुए 681 बगैर टिकिट यात्रियों को पकडा गया है। इन यात्रियों से रेलवे ने 2.67 लाख का राजस्व वसूला है। ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे। जनसंपर्क अधिकारी-रतलाम मंडल खेमराज मीना ने बताया कि इसी क्रम में शनिवार को पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के स्?पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट मनीष अनुरागी एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक आलोक चतुर्वेदी की उपस्थिति में मक्सी स्टेशन पर स्पेशल टिकट जांच अभियान चलाया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 390-2 | 257-4 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 268-6 | 178-6 |
| मिलन नाइट | 280-0 | 450-9 |
| रुकमणि मार्निंग | 345-2 | 280-0 |
| रुकमणि डे | 446-4 | 134-8 |
| रुकमणि नाइट | 490-3 | 480-2 |
| मधुर डे | 579-1 | 379-9 |
| मधुर नाइट | 589-2 | 128-1 |
| शुभांक | 1 3 | 6 |

## बाल्टी से पानी लेने पर हुआ था विवाद, हिरासत में आया आरोपी

# डराने के लिये खुद पर पेट्रोल डाला तो बदमाश ने फेंकी जलती माचिस की तीली, हालत गंभीर

awantika.com@उज्जैन

बाल्टी से पानी लेने पर हुए विवाद के बाद युवक ने बदमाश को डराने के लिये अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। बदमाश बोला पेट्रोल तो डाल लिया आग मैं लगा देता हूं। उसने माचिस की तीली जलाई और फेंक दी। पुलिस ने बदमाश को हिरासत में ले लिया है। वह पूर्व में भी हत्या का अंजाम दे चुका है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

वेदनगर में रहने वाला छोटू पिता रामसिंह सेनी 32 वर्ष मूलरूप से शाजापुर का रहने वाला है। वह पिछले 15 सालों से उज्जैन में निवास कर रहा है और नानाखेड़ा बस स्टेंड पर बसों को धोने का काम करता है। शुक्रवार रात को वह बस धो रहा था, तभी समीप रखी बाल्टी से पानी ले लिया। जिसको लेकर सूरज उर्फ भानेज ने पानी लेने पर विवाद शुरू कर दिया। दोनों के बीच नौबत मारपीट की आ गई। छोटू ने भानेज उर्फ सूरज को डराने के लिये अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। यह देख भानेज बोला कि तू क्या आग लगायेगा। उसने माचिस की तीली जलाकर फेंक दी। छोटू आग से घिर गया, यह देख बदमाश भानेज भाग निकला। छोटू गर्दन से सीने तक झुलस गया। उसे उपचार के लिये लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। टीआई नरेन्द्र कुमार यादव बताया कि मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया है। घायल के बयान दर्ज किये गये है। उसकी हालत देखते हुए डॉक्टरों ने इंदौर रैफर किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस की एक टीम बदमाश की तलाश में लगी हुई थी। शनिवार शाम उसे हिरासत में ले लिया गया। उसके गिरफ्त में आने पर जानकारी सामने आई कि सूरज उर्फ भानेज पूर्व में अपने साथी के साथ मिलकर एक युवक को जलाकर मार चुका है। उक्त मामले में उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज हुआ था। वह कुछ महिनों पहले ही जेल से छूटकर आया है। टीआई यादव के अनुसार मामले का पता लगाया जा रहा है। वहीं बदमाश के अपराधिक रिकार्ड की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

### बयान के बाद स्पष्ट हुआ मामला

रात में हुई घटना के बाद सामने आया था कि एक बदमाश ने युवक पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी है। पुलिस को जिला अस्पताल के ड्युटी कंपाउंडर से युवक के जलने की सूचना मिली थी। शनिवार को बयान दर्ज करने पर स्पष्ट हुआ कि विवाद होने पर उसने खुद अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया था, लेकिन आग बदमाश ने लगाई है। पुलिस का यह भी कहना था कि घटना की सत्यता का पता लगाने के लिये बस स्टेंड घटनास्थल के आसपास कैमरों के फुटेज भी देखे जा रहे है। वहीं हिरासत में आये बदमाश से पूछताछ की जा रही है।

### पेट्रोल नली काटकर बाइक में लगाई आग

नीलगंगा थाना क्षेत्र की राजीव रत्न कालोनी में शुक्रवार दोपहर पारिवारिक विवाद होने पर दामाद रोहित ने अपने ससुर की घर के बाहर खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईवी 0699 की पेट्रोल नली काटकर माचिस से आग लगा दी। पेट्रोल की वजह से आग तेजी से भभकी और पूरी बाइक लपटो से घिर गई। आग लगाने के बाद दामाद मौके से भाग निकला था। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि मामले में हरि नारायण ऐरवाल निवासी राजीव रत्न कालोनी की शिकायत पर आगजनी की धारा 435 और धारा 427 का प्रकरण दर्ज किया गया है। आग लगाने वाला रोहित चाय की दुकान चलता है।

## पूरे दिन जगह घेरे खड़े रहते हैं वाहन, सड़क को बनाया पार्किंग स्थल

# इंदौर गेट क्षेत्र में खड़े वाहनों से सड़क हुई संकरी, आवागमन भी हो रहा बाधित

awantika.com@उज्जैन

इंदौर गेट पर हमेशा सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं। इस वजह से यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। लोग अपने वाहन सड़क पर खड़े कर रहे हैं। इस वजह से यहां की सड़क संकरी हो गई है।

इस कारण यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है और यहां का आवागमन बाधित हो रहा है। पिछले कई दिनों से यहां पर दिन हो या रात वाहन खड़े रहते हैं। इस वजह से बड़े वाहन बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं। इंदौर गेट क्षेत्र में कुछ दिनों पहले यहां के फुटपाथ पर ब्लॉक लगाए गए थे और इस क्षेत्र को संवारा गया था। लेकिन जिस फुटपाथ पर ब्लॉक लगाए गए हैं वहां अब लोग वाहन खड़े करने लग गए हैं। अब तो लोगों ने फुटपाथ पर भी वाहन खड़े करना शुरू कर दिया हैं। इस वजह से यहां की सड़क

संकरी हो गई है और हमेशा यहां से निकलने वाले वाहन बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं वाहन खड़े करने का कारण बताया जाता है कि इंदौर गेट क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक होटल है और इन होटल में वाहन पार्क करने के लिए जगह नहीं है। इस कारण होटल में ठहरने वाले लोग वाहन सड़क पर खड़े करवाए जा रहे हैं। पूरे दिन होटल में ठहरने वाले यात्रियों की कार सड़क पर खड़ी रहती है। इस कारण सड़क संकरी हो गई है और आवागमन भी बाधित हो रहा है। सड़क संकरी होने की वजह से बड़े वाहन बड़ी मुश्किल से निकल पा रहे हैं और रात में सबसे ज्यादा स्थिति बिगड़ती है जैसे ही नो एंट्री खुलती है तो भारी वाहनों का प्रवेश शुरू हो जाता है और ऐसी स्थिति में यहां से निकलने के दौरान कई बार वाहन आपस में टकरा जाते हैं या फिर जाम की स्थिति निर्मित होती है।यही स्थिति अन्य क्षेत्रों की भी है।

महाकाल लोक बनने के बाद शहर में कई संख्या में होटल व गेस्ट हाउस खुल गए हैं। अधिकतर होटल गेस्ट हाउस ऐसे हैं। जहां पर पार्किंग के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे में यहां ठहरने वाले लोगों के वाहन होटल वाले सड़क पर ही खड़े करवा देते हैं और पूरे दिन उनके वाहन जगह घेरे सड़क पर ही खड़े रहते हैं। इस वजह से हमेशा वाहनों का मजमा लगा रहता है और पूरे दिन होटल गेस्ट हाउस में ठहरने वाले यात्रियों के वाहन सड़क पर पड़े रहते हैं।

### आइस्क्रीम के रूपये लेने पहुंचा तो शराबियों ने दौड़ाई बाइक

awantika.com@उज्जैन

आइस्क्रीम में रूपये लेना युवक को उस वक्त मंहगा पड़ गया, जब शराबी युवको ने बाइक स्टार्ट कर दौड़ा दी। युवक ने बाइक पकड़कर रोकने का प्रयास किया तो शराबी उसे घीसते हुए काफी दूर तक ले गये। युवक घायल हुआ है। जिससे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने युवको की तलाश शुरू की है।

राज रायल कालोनी में रहने वाला अर्जुन पिता आत्माराम बॉम्बे आइस्क्रीम की गाड़ी ढांचा भवन से जीरो पाइंट ब्रिज की ओर जाने वाले स्मार्ट रोड पर लगाता है। शुक्रवार रात उसकी दुकान पर 2 बाइक पर सवार होकर चार-पांच युवक पहुंचे थे। उन्होने आइस्क्रीम मांगी। अर्जुन ने उन्हे आइस्क्रीम दी। युवको ने ऑनलाइन पैसे दिये और गाड़ी के पास ही बाइक खड़ी कर शराब पीने लगे। अर्जुन ने कहा कि परिवार के लोग भी आइस्क्रीम खाने आते है यहां से हट जाओ। युवक कुछ दूरी पर चले गये। तभी एक युवक वापस दुकान पर आया और फिर से आइस्क्रीम मांगी। अर्जुन ने दोबारा दी, युवक पैमेंट किये बिना कुछ दूरी पर जाकर खाने लागे। आइस्क्रीम के साथ शराब का सेवन कर युवक बाइक स्टार्ट कर जाने लगे तो अर्जुन दौड़कर रुपये मांगने पहुंचा, लेकिन युवक भागने लगे।

अर्जुन ने उनकी बाइक पकड़ ली, युवको ने रफ्तार तेज कर दी। अर्जुन बाइक से 40 से 50 फीट दूर तक घीसता हुआ चला गया और घायल हो गया। घटनाक्रम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि पहली बार आइस्क्रीम लेने पर युवको ने ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर किये थे। पुलिस उसकी आधार पर अब शराबी युवको का पता लगाने में जुटी हुई है।

### महंताई समारोह आज

**उन्हेल।** गिरीश प्रपन्न का महंताई कंठी चादर समारोह रविवार को दोपहर 11:30 बजे वीर हनुमान मंदिर हनुमंत बाग पर संपन्न होगा । इसके पूर्व शेषशायी मंदिर से बैंड बाजे एवं अखाड़े के निशान के साथ भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से निकलकर हनुमान मंदिर पहुंचेगी एवं शुभ मुहूर्त में कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में महंत रामचंद्र दास महाराज दिगंबर अणि अखाड़ा,महंत दिग्विजय दास महाराज निवार्णी अणि अखाड़ा, महंत डॉक्टर रामेश्वर दास महाराज खाकी अखाड़ा महंत भगवान दास महाराज पंच निमोर्ही अणि अखाड़ा, महंत दिग्विजय दास महाराज बड़ा राम मंदिर अंकपात मार्ग, महंत बालकृष्ण दास महाराज शीतला माता गौशाला के साथ साधु संत एवं गणमान्य नागरिकगण सम्मिलित रहेंगे।

## ताला तोड़कर दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# परिवार देर रात लौटा तो बिखरा मिला 2 मंजिला मकान का सामान

awantika.com@उज्जैन

मकान उद्घाटन के कार्यक्रम में गया परिवार शुक्रवार-शनिवार रात लौटकर आया तो ताला टूटा और 2 मंजिला मकान का सामान बिखरा दिखाई दिया। बदमाशों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया था। रात में ही परिवार थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार सुबह मामले की जांच शुरू कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे।

मामला नागदा थाना क्षेत्र के जवाहर मार्ग बस स्टेंड के पास गली का है। जहां प्रापर्टी का कारोबार करने वाले शुभम पिता नरेश जैन का 2 मंजिला मकान बना हुआ है। जैन परिवार अपने बड़े पापा के मकान का उद्घाटन होने पर शुक्रवार

सुबह इंदौर चला गया था। रात 10 बजे वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर सामान बिखरा और अलमारियां खुली हुई थी। चोरों ने बड़ी वादरात को अंजमा दे दिया था। शुभम जैन का परिवार रात में ही थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। शुभम के अनुसार बदमाशों ने सोने का हार, कान के टॉप्स, चेन, परिवार के सभी सदस्यों की अंगूठिया, चादी के आभूषण सहित सवा पांच लाख रूपये नगद चोरी किये है। सोने के आभूषण करीब 370 ग्राम और चांदी के 800 ग्राम लगभग है। शुभम जैन ने आशंका जताई है कि वारदात को दिन में अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को मामले की जांच शुरू की। फीगंर प्रिंट एक्टपर्ट को बुलाया गया। वहीं क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। बताया जा रहा है कि कुछ संदिग्ध आते-जाते दिखाई दिये है। जिनकी तलाश शुरू की गई है। जिस तरह से वारदात होना सामने आई है। उससे प्रतीत हो रहा है कि बदमाश प्रोफेशनल है और 3 से 4 की संख्या में रहे होगें।

### कपड़े सुखाने गई थी मां बेटी ने लगा ली फांसी

awantika.com@उज्जैन

कपड़े सुखाने के लिये छत पर गई मां वापस नीचे आई तो बेटी दिखाई नहीं दी। वह कमरे में देखने पहुंची, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर नहीं खुला तो तोड़ा गया। बेटी साड़ी के फंदे से पंखे पर लटकी मिली। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। वहीं शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया है।

एमआर-5 मार्ग पर तिरूपति एवेन्यू में रहने वाले कुशवाह परिवार की बेटी रितू पिता लोकेन्द्र 20 वर्ष ने शनिवार दोपहर दरवाजा बंद करने के बाद मां की साड़ी से फांसी लगा ली। घटना के समय मां कपड़े सुखाने के लिये छत पर गई हुई थी। जब वह नीचे आई तो बेटी दिखाई नहीं दी, उन्होने कमरे में जाकर देखने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था, रितू को आवाज लगाने पर जब काफी देर तक बाहर नहीं आई तो शंका हुई, मां ने शोर मचाया।

आसपास रहने वाले पहुंचे तो उन्हे बताया कि बेटी दरवाजा नहीं खोल रही है। जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। रितू फंदे पर लटकी हुई थी, उसे नीचे उतारा गया और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चिमनगंज थाना एसआई प्रियंका नायक ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और जिला अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम कराया गया।

## वायरल वीडियो में झूमते हुए दिख रहे

# इंदौर रोड पर युवक-युवती ने चलती कार में किया स्टंट, पुलिस सख्त कार्रवाई के मूड में

awantika.com@उज्जैन

इंदौर रोड पर चलती कार में युवक युवती का स्टंट करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने स्टंट करने वाले युवक युवती की तलाश शुरू कर दी है तथा पुलिस का कहना है कि स्टंट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बताया जाता है कि इसके पहले भी इस तरह सड़क पर चलती कार में युवक द्वारा स्टंट किया गया था। अब फिर स्टंट करते



हुए युवक युवती का एक वीडियो सामने आया है यह वीडियो नानाखेड़ा क्षेत्र में इंदौर रोड पर इंजीनियरिंग कॉलेज की तरफ जाने वाले मार्ग का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा हैं कि चलती कार में छत के ऊपर बैठे युवक युवती किस तरह की हरकत कर रहे हैं और झूमते हुए एक दूसरे से लिपट रहे हैं। उन्हें रत्ती भर भी कार से गिरने का डर नहीं है यह वीडियो शुक्रवार देर रात का बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस भी सख्त एक्शन के मूड में है। बताया जाता है कि जिस चलती कार के ऊपर छत पर बैठकर युवक युवती स्टंट कर रहे हैं वह कार उज्जैन पासिंग की बताई जा रही है। पुलिस कार के नंबर ट्रेस कर इसके मालिक का पता लगाकर स्टंट करने वाले युवक युवती तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। बताया जाता है कि कार के अंदर और भी लोग मौजूद थे जब युवक युवती को कार के ऊपर छत पर इस तरह की हरकत करते हुए रहागीरों ने देखा तो उन्होंने वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।

### आयशर में लगी भीषण आग

awantika.com@उज्जैन

मक्सीरोड इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में शनिवार को कागज के पुष्टे से भरी आयशर में भीषण आग लग गई। आग के कारण लाखों का नुकसान हो गया। आगजनी की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड इंडस्ट्रीयल एरिया में नूर इंटरप्राइजेस बना हुआ है। जहां पुष्टे का काम किया जाता है। दोपहर में पुष्टे से भरकर आयशर को रवाना किया था। आयशर क्षेत्र से बाहर निकल पाती, तभी अचानक पिछले हिस्से में आग लग गई। पुष्टे भरे होने पर लपटे तेजी से फैली, चालक ने गाड़ी रोकी और कूदकर खुद की जान बचाई। पहले आसपास के लोगों ने आग पर पाने के प्रयास किये, लेकिन लपटो ने पुष्टे के साथ आयशर को भी घेर लिया था।

आगजनी की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। कुछ देर में दमकलकर्मी फायर फायटर के साथ पहुंचे और आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा था कि आगजनी में 70 हजार का माल जला है, वहीं आयशर में भी लाखों का नुकसान हो गया है। आयशर में लगी आग की खबर मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई थी। पुलिस ने कहा कि आगजनी की शिकायत दर्ज कराने पर जांच की जाएगी।

## क्या अच्छा क्या बुरा

धार्मिक व्यक्ति तथ्य को कह देता है और चुप हो जाता है, क्योंकि एक तथ्य अनंत तथ्यों से जुड़ा है। क्या अच्छा है, क्या बुरा है, कोई भी नहीं कह सकता है। हम मौन में सिर्फ धन्यवाद दे सकते हैं! एक बूढे.आदमी के पास बहुत सुंदर घोड़ा था, एक रात वह चोरी चला गया। घोड़ा बेशकीमती था। बडे-बडे.सम्राटों ने उसे मोल लेना चाहा था, लेकिन उस बूढे.ने किसी को नहीं दिया। सुबह गांव के लोग इकट्ठे हुए, भीड़ से किसी ने कहा, बहुत बुरा हुआ। इतनी कीमती चीज थी, बेच ही देते तो अच्छा रहता। बूढ़े व्यक्ति ने हंसते हुए लोगों से कहा, ऐसा मत कहो कि बुरा हुआ। हमें कुछ भी पता नहीं है कि क्या हुआ? इतना ही कहो कि रात घोड़ा अस्तबल में था, अब नहीं है, इससे ज्यादा कहना भगवान के प्रति विरोध होगा। गांव के लोगों ने समझा घोड़ा चोरी चले जाने से बूढे.का दिमाग खराब हो गया है। अव्यावहारिक बातें कर रहा है। मगर पंद्रह दिन बाद वही घोड़ा दोपहर में वापस लौट आया। उसके साथ पंद्रह-बीस जंगली घोडे.भी थे। वह जंगल में भाग गया था। सांझ में गांव के लोग जमा हुए और कहा, बाबा, ठीक कहते थे तुम, मजा आ गया। पंद्रह-बीस घोडे.साथ आ गए। चलना सीख जाएंगे, तो ये भी कीमती हो जाएंगे। बहुत अच्छा हुआ कि घोड़ा गायब हुआ और इतने घोड़ों को भी साथ ले आया। उस बूढ़े व्यक्ति ने टोका- बस, बस, बस। ज्यादा मत बढ़ो, क्योंकि अभी तुम अच्छा कहोगे, तो कल तुम्हें बुरा कहने का मौका मिल जाएगा। इतना ही कहो कि घोड़ा लौट आया, पंद्रह घोड़े भी आ गए, इससे ज्यादा मत कहो, क्योंकि हम कुछ जानते नहीं हैं। पता नहीं क्या छिपा हो इसके पीछे? लोगों ने कहा, अब रहस्य की बातें करने की कोई जरूरत नहीं, नगद फायदा है। लेकिन आठ दिन बाद ही गांव के लोगों को अपनी बात बदल लेनी पड़ी। उस बूढे.का एक ही जवान लड़का था, वही उसके बुढ़ापे का सहारा था। वह एक जंगली घोड़े को दौड़ना सिखा रहा था, उसने पटक दिया, उसके दोनों पैर टूट गए। गांव के लोगों ने कहा- बाबा, यह तो बहुत बुरा हुआ। घोड़े क्या आए, दुर्भाग्य आ गया घर में।

**सम्पादकीय**

## कनाडा में कमी

कनाडा सरकार की नीतियों की साफ शब्दों में निंदा होनी चाहिए और भारत सरकार ने सोमवार को कनाडा के उप-उच्चायुक्त को बुलाकर ऐसा ही किया था। अब बुधवार को कनाडा के प्रधानमंत्री का एक ऐसा साक्षात्कार प्रकाशित हुआ है, जिससे दोनों देशों के संबंधों में कटुता बढ़ने के कारक साफ नजर आ रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी स्थानीय सियासत को तात्कालिक रूप से मजबूत रखने के लिए खालिस्तान के समर्थन में खड़े हो गए हैं। खालिस्तान का विचार कतई नया नहीं है, पर उसकी अव्यावहारिकता अनेक बार उजागर हो चुकी है। स्वयं सिख समुदाय में बहुमत इस विचार से सहमत नहीं है और परदेश में जा बसे, वहां की नागरिकता ले चुके चंद अलगाववादियों को संतुष्ट रखने के लिए ट्रूडो ने जो बयान दिए हैं, वे सोचने पर मजबूर करते हैं। एक संभावना यह है कि कनाडा की स्थानीय राजनीति की मजबूरी समझने हुए वहां के प्रधानमंत्री की बात को गंभीरता से न लिया जाए, पर क्या इससे चंद अलगाववादियों के मानसिक दुराग्रह का समाधान हो जाएगा?

अव्वल तो कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ऐसे किसी अलगाववादी कार्यक्रम में गए ही क्यों थे, जहां भारत विरोधी नारे लग रहे थे? क्या भारत में धर्मों की पृष्ठभूमि या इतिहास का उन्होंने अध्ययन किया है? कनाडा सरकार के सलाहकारों के ज्ञान पर तरस आता है। ये कैसे लोग हैं, जो आज की दुनिया में भी धार्मिक आधार पर भूगोल बदलने की कल्पना कर पा रहे हैं? ये कैसे देश हैं, जिनका मजहबी विभाजनों से अभी भी जी नहीं भरा है? एक अलगाववादी आतंकी निज्जर की हत्या का ट्रूडो के लिए इतना बड़ा मामला है कि वह भारत के साथ संबंधों में इसे एक समस्या मान रहे हैं। आज आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है, पर कनाडा जहां खड़ा है, वह जमीन नीचे से खोखली है। शायद सियासी भावुकता में ट्रूडो ने यहां तक कह दिया कि खालिस्तान का समर्थन यदि शांतिपूर्ण ढंग से किया जाता है, तो ओटावा द्वारा रोका नहीं जाएगा। कनाडा के नेता को बिल्कुल अंदाजा नहीं है कि अलगाववाद और मजहबी हिंसा की कितनी भारी कीमत अनेक बार भारतवर्ष की माटी ने चुकाई है।

**बदले माहौल का परिणाम**

# अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदान

कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवान ही झुण्ड के झुण्ड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चचाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में धारा 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था।

आर.के. सिन्हा
(दैनिक अवन्तिका)

2019 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने जब धारा 370 को हटाया जिस एतिहासिक संसद के सत्र में भी भागीदार था, तब उनमें एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे क सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्य धारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग वहां पहुंचे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं।

ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। उप राज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कश्मीरी प्रवासी कार्डों में नाम जोड़ने को भी मंजूरी दे दी थी। इससे प्रवासियों के बड़े और विवाहित बच्चों को अपने स्वयं के कश्मीरी प्रवासी कार्ड प्राप्त करने और एएमआर के लिए पात्र बनने की अनुमति मिल गई।

उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएमआर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है। शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है।

राजधानी के जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत राजधानी के तमाम विश्वविद्यालयों और कालेजों में बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। काफी लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। सिविल सर्विस से लेकर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी कश्मीरी युवक-युवतियां नौकरी भी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में घाटी के युवक और युवतियां यहां अपना खुद का व्यवसाय कर रहे है।

दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से सटे दूसरे शहरों में भी कश्मीर से विस्थापित बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। राजधानी में रह रहे कश्मीरी समुदाय का मानना है कि वर्षों बाद उनमें एक उम्मीद की किरण जगी है। घाटी से विस्थापन के बाद कश्मीरी दंपतियों के दिल्ली में जन्म लेने वाले बच्चे भी अब बड़े हो गये हैं। वे भी अब अपने पूर्वजों की जगह कश्मीर को जाकर देखना चाहते हैं।

इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशिष्ट शक्ति (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम कानून (एएफएसपीए) को भी रद्द करने पर विचार कर रही है। सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है। पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं । बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है। नागरिकों की मृत्यु 1770 थी और घटकर 341 हो गई है, जो 81 प्रतिशत की गिरावट है। सुरक्षा बलों की मौतें 1060 से घटकर 574 हो गईं, जो 46 प्रतिशत की कमी है। मोदी सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए 12 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। 36 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। टेरर फंडिंग को रोकने के लिए 22 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं और 150 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है।

**सुखी जीवन के सूत्र**

## सुखी जीवन का मूलाधार सदाचार

संसार के प्रति अपना दृष्टिकोण इस प्रकार का बनाइए कि आपको प्रतिकूलताओं में भी सफलता और आगे बढ़ने के चिह्न दिखाई दें। अपना मानसिक स्तर इतना ऊँचा उठाइए कि संसार की छोटी-बड़ी कोई भी प्रतिकूलता आपका मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त न कर सके। प्रतिकूलताओं में भी हँसिए, कठिनाइयों में मुस्कराइए और असफलता में सफलता की संभावना देखिए । विरोध को विरोध के रूप में न लेकर उसे प्रेरणा के रूप में स्वीकार कीजिए। कटुता का उत्तर मधुरता में दीजिए, हानि-लाभ, सुख-दुःख, उत्कर्ष अपकर्ष में तटस्थ रहिए। इनसे उस सीमा तक प्रभावित न होइए कि आपके लिए विषाद, निराशा, निरुत्साह अथवा व्यग्रता का कारण बन जाए। सामने आई हुई विविधताओं को संसार का सहज घटनाक्रम समझकर निर्विकार भाव से सहन कीजिए और तब देखिए कि बड़े से बड़ा कारण आने पर भी आप खिन्न नहीं होंगे ।

खिन्नता हर तरह के शोक संतापों की जड़ है, इसको आश्रय देते ही संपूर्ण जीवन दुःखों का भंडार बन जाएगा। खिन्नता कायर मन की अभिव्यक्ति है। वीर वह जो संसार के सारे दुःख-द्वंद्वों को तटस्थ भाव से सहन करता हुआ सदा प्रसन्न रहता है।

प्राचीन भारतीय साहित्य सदाचारपूर्ण जीवन बिताने की आवश्यकता तथा उपयोगिता के उल्लेखों से भरा पड़ा है। नैतिक व्यवस्था के देवता वरुण की प्रार्थना अत्यंत विनम्र शब्दों में इस उद्देश्य से की जाती है कि वह निष्ठापूर्वक सत्य तथा मांगलिकता से पूर्ण जीवन बिताने में मनुष्य की सहायता कर सके। ऋषि ने बताया है-

दृते दृॐहमा मित्रस्य या चक्षुषा, सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्य
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे,
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ॥

'हे परमेश्वर ! हम संपूर्ण प्राणियों में अपनी ही आत्मा समाई हुई देखें। किसी से द्वेष न करें और जिस प्रकार एक मित्र दूसरे मित्र का आदर करता है, वैसे ही हम भी सदैव सभी का सत्कार करें । **क्रमशः**

**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 05 मई 2024 रविवार
सूर्योदय - 06:56 सूर्यास्त 18:41
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - द्वादशी 17:42 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 19:58 उपरांत रेवती
योग - वैधृति 07:36 उपरांत विष्कुंभ 04:02 उपरांत प्रीति
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम - सव्वाल मास 25 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मिथुन-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**कर्क-** लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे।

**सिंह-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है।

**तुला-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**मकर-** आज धन का निवेश न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है।

**कुंभ-** तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन-** भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## बड़ी महाशक्तियां कब तक अपना हित साधती रहेगी, भारत को आगे आना ही होगा

आज तमाम शांति प्रयासों के बावजूद दुनिया भर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ बनी रहना किसी बड़े खतरे की घंटी से कम नहीं है। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामों से आज समुचा विश्व भयाक्रांत है। हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग के साये को लेकर दुनिया डर के साए में जी रही है तथा यही कारण है कि आज शांति स्थापना, युद्ध का वातावरण ना हो, निशस्त्रीकरण एवं शांति स्थापना की आवाज चारो और से उठ रही है। आज विश्व भर में कई जगह युद्ध का वातावरण बना हुआ है ताजा घटनाक्रम देखें तो एक और रूस यूक्रेन आमने-सामने है वहीं दूसरी ओर इसराइल और ईरान में भी आज तल्खी चरम सीमा पर है तथा इनमें भी आपस में ठन गई है। इधर चीन एवं ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बादल मंडराते रहते हैं। इसराइल हमास की लड़ाई भी पिछले दिनों काफी लंबी चली है तब ऐसे माहौल में यह सवाल अवश्य उठता रहता है कि क्या वाकई समुचित दुनिया आज तीसरी विश्व युद्ध की तरफ बढ़ते हुए एक बार फिर से घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगशाला बनने जा रही है। मगर इसका सीधा-साधा संतोष जनक जवाब मिलना असंभव है कारण आज समूची दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बढ़ती जा रही है। शांति के तमाम उपायों के बाद भी दुनिया भर में लगातार देशों में सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहा है एवं नए-नए हथियार आज भी बाजार में आ रहे हैं जो की एक बड़ी चिंता का कारण है। दुनिया भर में सैन्य खर्च भी लगातार बढ़ रहा है यही कारण है कि स्वयं भारत को भी अपने आसपास दुश्मन देश की तैयारी की वजह से स्वयं भी अपना सैन्य खर्च बढ़ना पड़ रहा है तथा हम भी विश्व में आज सैन्य खर्च बढ़ाने वाले देशों में चौथे स्थान पर आ गए हैं फिर विश्व की बड़ी महा शक्तियों भी इस विषय में कम दोषी नहीं है जो आपस में युद्ध का वातावरण बता बताकर अपने हथियारों की लगातार बिक्री बढ़ा रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, रूस ऐसी बड़ी महा शक्तियां हैं जोकि विश्व भर में हथियारों का जखीरा बेच रही है। यही कारण है कि पिछले 5 सालों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं जिनमें स्वयं भारत भी शामिल है। हथियारों के बड़े निर्यातक देश अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनिकीकरण की दौड़ पूरी तरह से मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है जहां से फिर लौटना बड़ा मुश्किल है फिर अब तो स्वयं अमेरिका भी आजकल इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का स्वयं भी शिकार हो रहा है। कह सकते हैं कि एक समय अमेरिका विश्व भर में सबसे सुरक्षित एवं शक्तिशाली देश कहा जाता था परंतु विडंबना देखिए कि आज उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित एवं भयभीत भी है जहां आजकल वहां के शहरों में कभी भी गोलाबारी शुरू हो जाती है तब ऐसे में अमेरिका चाहे हथियारों का बड़ा व्यापारी हो पर उसके नागरिक भी आज भयाक्रांत है । कह सकते हैं कि आज एक तरफ अमेरिका तथा उसके सहयोगी देश है तो दूसरी तरफ रूस, चीन गठजोड़ है। ऐसे में आज आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र संघ की हि रह जाती है, जबकि सभी जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ की शक्तियां एवं उद्देश्य आज मात्र दिखावे भर के रह गए हैं, कारण अब तक वह ना तो रूस यूक्रेन संघर्ष और ना ही इसराइल हमास के संघर्ष को रोक सकने में सफल हुआ है फिर वहां पर भी तो इन महाशक्तियों के पास सबसे बडा शक्तिशाली वीटो का हथियार भी है। कह सकते हैं की ऐसी परिस्थितियों में तो हथियार की होड़ लगातार बढ़ेगी ही, अतः कह सकते हैं जो अमेरिका आज हथियार बनाता है वहीं दूसरी ओर वही शांति की अपील करने में भी सबसे आगे भी सबसे आगे रहता है। आज विश्व में भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच बढ़ते डर के कारण विश्व भर की जनता सहमी सहमी सी है फिर ऐसे में अगर परमाणु हथियारों का उपयोग कहीं होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ भी होगा। ऐसे में हमेशा ही विश्व में बढ़ रहे युद्ध के वातावरण को रोकने के लिए, शांति का उजाला करने के लिए, अभय का वातावरण बनाने के लिए, सभी और शुभकामना का वातावरण बनाने के लिए अगर भारत अपनी ओर से जब भी कोई प्रयास करता है तब वह प्रयास अवश्य सुना जाता है।

# वजन घटाने से लेकर कब्ज में बेहद फायदेमंद हैं हरड़

औषधीय गुणों से भरपूर हरड़ वजन घटाने के साथ-साथ कब्ज में राहत पाने के लिए मदद कर सकता है। जानें इसका प्रयोग कैसे करें। अगर आप वजन कम करने और पेट की कब्ज जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए बहुत कुछ आजमा लिया, लेकिन एक बार औषधीय गुणों से भरपूर हरड़ का उपयोग करें।

पेट की समस्याओं से काफी बीमारियां होती है। पेट संबंधित समस्याओं का सबसे बड़ा कारण है तेजी से बदलती लाइफस्टाइल और खानपान की आदतें। आप अपने आस-पास देंखेंगे तो कोई न कोई व्यक्ति बढ़े हुए वजन और मोटापे का शिकार है या कब्ज जैसी समस्याओं से परेशान रहता है। वजन बढ़ाना काफी आसान होता है लेकिन इसे कम करने में लोगों की हालत खराब हो जाती है। अगर आप वजन कम करने और पेट की कब्ज जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए बहुत कुछ आजमा लिया, लेकिन एक बार औषधीय गुणों से भरपूर हरड़ का उपयोग करें। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे हरड़ की मदद से वजन घटाने और कब्ज की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

### वजन घटाने के लिए हरड़ का उपयोग कैसे करें

हरड़ में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होते है। हरड़ पाउडर आपको आसानी से दवाओं के दुकान पर मिल जाएगा। वजन घटाने के लिए इसका सेवन गुनगुने पानी के साथ किया जा सकता है। इसके लिए 1 गिलास गुनगुने पानी में एक छोटी चम्मच हरड़ पाउडर डालकर मिलाएं और इसे पिएं। रेगुलर इसका सेवन करने से आपको जल्द असर दिखने लगेगा। इस बात ध्यान रखें कि सिर्फ हरड़ खाने से वजन नहीं घटेगा इसके लिए आपको हेल्दी लाइफस्टाइल मेंटेन करनी है और घर का बना ताजा भोजन ही करना है। अपनी डाइट में अनाज से ज्यादा फलों और सब्जियों को जरुर शामिल करें। इसके साथ ही रोजाना योग और एक्सरसाइज भी करें, इससे वजन भी घटेगा और शरीर में अच्छे हार्मोंस भी रिलीज होंगे।

### कब्ज के लिए हरड़ का उपयोग कैसे करें

आमतौर पर कई लोगों का कब्ज और पाचन संबंधित समस्याएं जुड़ी रहती हैं, उन्हें 4-6 ग्राम पाउडर में बराबर मात्रा में मिश्री मिलकार सुबह-शाम भोजन के बाद सेवन करना चाहिए। आप चाहे तो मिश्री की जगह चीनी का प्रयोग कर सकते हैं। हरड़ और मिश्री के सेवन से पाचन-शक्ति बढ़ती है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

**धर्म-आध्यात्म**

# पुष्टिमार्ग प्रणेता श्रीमद् वल्लभाचार्य जी महाप्रभु का प्राकट्य

विसाख कृष्ण एकादसी विक्रम संवत 1535 को हुआ। आप क्रांतिकारी आचार्य, युग दृष्टा विशिष्ठ प्रतिभावान सदगुरु दार्शनिक कला साहित्य संस्कृति संवाद के साथ वेद उपनिषद कर्मकांड को प्रमाणित मानते थे। आपने शुद्धाद्वेत पुष्टिमार्ग ब्रह्म वाद की स्थापना की। आपने श्रीमद् भागवत प्रणवने गूढ़ अर्थ रहस्य प्रकट किया। जो सिर्फ वेश्वान के लिए ही संभव माना गया। इसलिए आप वैश्वानर कहलाए जाते है। जी वाणी स्वरूप अग्नि आभा तेज के धनी थे। वाणी और अग्नि अंधकार को दूर कर भक्ति मार्ग की ओर अग्रसर करती है। आपकी आज्ञा से पुष्टि मुख्य सिद्धांत

ब्रह्म सत्य जगत से अंशो जीवो ही नापरः" अर्थात ब्रह्म सत्य जगत सत्य संसार मिथ्या। आपने व्यक्ति को गृहस्थ रहते श्री वल्लभ कुलिन बाबा साब से ब्रह्मसमबंद दीक्षा ले श्री ठाकुर जी स्वरूप पधारा करआपने घर का सदस्य समान मान सेवा ऋतु अनुसार वस्त्र वागा, प्रसाद भोग सामग्री, सुगंध श्रृंगार के साथ राग कीर्तन करते लाड लड़ाते भक्ति भाव से सेवा करना बताया। आपश्री ने उत्सव मनोरथों का क्रम भी बताया है। ग्रन्थ रह परब्रह्म श्री कृष्ण श्री राधाजी श्री यमुनाजी की नवधा भक्ति तनुजा, वित्तजा, मानसी सेवा करते हैं बाल स्वरूप श्री कृष्ण श्री नाथजी सेवा की जाती हैं।

### जीवन परिचय चरित्रः

श्रीमद् वल्लभाचार्य का जन्म प्रक्त्य चंपारण में हुआ। आपके पिता लक्ष्मण भट्ट, मां इलामागरु तेलंग तमिल भारद्वाज ब्राह्मण परिवार में हुए। धर्मपत्नी श्री लक्ष्मी

दो सुपुत्र श्री गोपीनाथजी, श्री विठ्ठलनाथज (श्री गुसाई जी)। श्री वल्लभ ने स्वामि माध्वेंद पुरीजी से वेद शास्त्र और आचार्य मंगलाचार्य से अष्टाक्षर दशाख्सर, गोपालमंत्र, स्वामी नारायेंद्रजी से त्रिदंड शिक्षा दीक्षा पाई। संवत 1565 में विद्वानों से शास्त्रार्थ कर परास्त किया कांनकाभिषेक से सम्मानित राजा द्वारा किया और स्वर्ण मुद्रा

भेट मिली उन्हें बांट दी। श्री वल्लभ ने शोधक ग्रंथ सुबोधनी, अनेकों ग्रंथ टिका की रचना की।। श्री मद वल्लभाचार्य ने पृथ्वी की तीन परिक्रमा की ओर जहां जहां भागवत पारायण किया वे सभी जगह पुष्टि मार्ग में बेठकजी कहलाती है (८४ बैठक)

श्री गिरिराज जी से श्री जी स्वरूप नाथद्वारा में ला पधाराया उसे प्रधान पीठ कहते है। और श्री विठलनाथ जी के द्वारा राग भोग - श्रृंगार का क्रम सेवा में प्रारंभ कर सात स्वरूप पीठ स्थपित की। साथ ही अष्टसखा कीर्तन मंडली अष्ट याम सेवा के लिए कीर्तनकारो को नियुक्त किया। सूरदास पुष्टि मार्ग कीर्तन के जहाज कहलाए। श्री गोस्वामी गुसाइजी, श्री गोस्वामी हरिराय जी। श्री गोस्वामी गोपीनाथ जी आदि गोस्वामियो ने कई पुष्टि ग्रंथो टीका अष्टको को रचना की जिससे पुष्टि संप्रदाय लाभान्वित हो भक्ति भाव विभोर होकर श्री प्रभुजी की सेवा में लिन्ह रहता है।

### पुष्टि मार्ग भक्तिः

श्री कृष्ण पूर्ण पुरुषोत्तम स्वरूप है। एकोहम बहुश्याम विजनीयत रसोः वेशः "श्रीवल्लभ आज्ञा करते कि प्रभुजी साधन, साध्य है। फल की चाह न रखे सिर्फ प्रभु मिलन की चाह हो। मोक्ष भी छोटा लगे। पुष्टि भक्ति चार प्रकार की बताई 1 प्रवाह पुष्टि मयार्दा पुष्टि 3 पुष्टि पुष्टि 4 शुद्ध पुष्टि। जीव का चित्त प्रभुजी लिलाओं, अनुग्रह मधुर रसपान में मग्न होकर सेवा कीजिए।

### धर्म धारणाएंः

हमें धर्म वेदों का प्रमाण हो। भागवत प्रेम हो लोकिक कामना न हो। श्रीप्रभु से मांग न रखे। श्री प्रभु आराधना के रूप में धर्म फल मिलता है। सेवा क्रम को समझ कीजिए। 1 देह धर्म 2 आत्म धर्म। राधा भाव सेराधा कृष्ण आत्मशक्ति माना है। ब्रह्म रमण करते हैं तब सत चित आनंद होगा। तीन स्वरूप आधिदैविक पर ब्रह्म, आध्यात्मिक अक्षर ब्रह्म, आधिभौतिक जगत धर्म लोकिक जीव के लिये उपयोगी।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज का भाव

गेहूं मिल क्वालिटी- 2400 से 2550 रूपए, मालवराज गेहूं-2450 से 2550 रूपए, लोकवन-2450 से 3100 रूपए, चना दाल-8100 से 8200 रूपए, डॉलर चना-12100 से 12200 रूपए, चना कांटा-6500 से 6550 रुपए, चना देशी-5800 से 5960 रूपए, तुवर दाल-14200 से 14300 रूपए, मसूर दाल-71500 से 7250 रूपए, मूंग दाल-10200 से 10300 रूपए, मूंग मोगर-11200 से 11300 रूपए, उड़द दाल-14300 से 11500 रूपए, उड़द मोगर-11900 से 12000 रुपए, बासमती-11500 से 12500 रूपए, मोगरा-4500 से 7000 रूपए

### सब्जी भाव

टमाटर- 309 से 2443, कद्दू- 500 से 1885, ख,ीरा- 200 से 2237 करेला- 700 से 5190, लौकी- 1000 से 1863, बैंगन- 400 से 2651, फुल गोभी- 253 से 2341, अदरक- 2000 से 12089, हरी मिर्च- 800 से 4649, पत्ता गोभी- 400 से 2664, धनिया- 800 से 2500, शिमला मिर्च- 800 से 3998

### प्याज भाव

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 1650 से 1800, सुपर प्याज- 1300 से 1600, एवरेज प्याज- 1000 से 1300

### आलू भाव

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 1800, गुल्ला आलू- 1800, ज्योति आलू- 2350, चिप्सोना आलू- 2200, ज्योति छांटन आलू- 1850,इंदौर

### लहसुन भाव

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 13605, सुपर लहसुन- 14000, एवरेज लहसुन- 10000, मीडियम लहसुन- 7000
हलकी लहसुन- 6000

## उज्जैन मंडी भाव

लोकवन गेहूँ- 1385-3090, सुजाता- 3100-4000, चना इटालियन- 5684-6275, देशी- 4590-5947, काबली- 5461-9771, बड़ा- 5110-6100, रायडा- 4730-4750, अलसी- 4801, बटला- 3560, सोयाबीन- 2200-4807, मैथीदाना- 5100, बटला- 5611-6702. मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 70,200, रवा- 70,100 चांदी- टंच- 79,300, पाट- 79,200।

**आमंत्रण**

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# जून में होगी पुराने पाठ्यक्रम वाले यूजी अंतिम वर्ष की परीक्षा

## डीएवीवी ने पुराने पाठ्यक्रम वाले ग्रेजुएशन कोर्स की परीक्षा करवाने की तैयारियां शुरू कर दी

नगर प्रतिनिधि ▸▸ इंदौर

पुराने पाठ्यक्रम वाले स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा करवाने को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी। छात्र-छात्राओं के लिए स्वाध्यायी प्रारूप में परीक्षा करवाई जाएगी। अगले कुछ दिनों में विश्वविद्यालय परीक्षा का शेड्यूल जारी करेगा। मगर उसे पहले कॉलेजों को इन विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न करवाना है। कॉलेजों के पास 30 मई तक का समय दिया है। वैसे प्रायोगिक परीक्षा के लिए परीक्षकों का पैनल भी बना दिया है। उधर 15 जून बाद मुख्य परीक्षा होने की संभावना है।

पुराने पाठ्यक्रम वाले बीए, बीकॉम, बीएससी, बीए पत्रकारिता सहित अन्य कोर्स के चार हजार विद्यार्थी है। इनका कोर्स अभी पूरा नहीं हुआ है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्वाध्यायी प्रारूप में इनकी परीक्षा करवाने की तैयारी की है। इन दिनों परीक्षा फार्म भरवाए जा रहे है। विद्यार्थियों को विलम्ब शुल्क जमा करवाया जा रहा है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि विद्यार्थियों ने पहले जिस कॉलेज से परीक्षा दी थी, वहीं से आवेदन किया जाएगा। साथ ही कॉलेजों को भी विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक स्वाध्यायी प्रारूप में होने वाली इस परीक्षा के लिए सरकारी-निजी कॉलेजों को केंद्र बनाएंगे। चार से पांच हजार विद्यार्थियों के लिए 20-25 केंद्र होंगे।

**30 मई तक होगी प्रायोगिक परीक्षा**

परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि पुराने पाठ्यक्रम वाले स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा जून में प्रस्तावित है। अगले कुछ दिनों टाइम टेबल जारी होगा। उन्?होंने बताया कि कालेजों को 30 मई तक प्रायोगिक परीक्षा करवाना है। साथ ही विद्यार्थियों के अंक विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजना है। उन्होंने कहा कि समयावधि बीतने के बाद कॉलेजों से आतंरिक परीक्षा के अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## न्यूज-कॉलम

### राजनीति के अलावा गरीबो की सेवा में भी अग्रणीय है अनिल शर्मा

**मल्हारगढ़।** राजनीति के अलावा गरीबो की सेवा,ट्रेन पर यात्रियों को पानी पिलाने की सेवा के साथ ही नंगे पांव दिखने वालो को जुते,चप्पल पहनाना,बुजुर्ग,दिव्यांग को भोजन करवाने का काम मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल जी शर्मा राजनीति के साथ ही रचनात्मक कार्य भी लंबे समय से करते आ रहे है। शनिवार को झुग्गी झोपड़ी की महिला ने कहा कि बेटा पिछली बार जो जुतिया तुमने पहनाई थी वह फट गई है पांव में कांटे, कंकड़ चुभते है इसपर से अनिल शर्मा ने कहा कि बाई में अभी आपके लिए जुतिया लेकर आता हूं इस पर से बुजुर्ग महिला ने जलेबी भी खाने की ईच्छा जताई शर्मा ने तत्काल बुजुर्ग महिला के लिए जुतिया व जलेबी की व्यवस्था करी व अपने हाथ से जलेबी खिलाई।

### फूलमाली समाज के विवाह सम्मेलन में 199 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे

**पिपलियामंडी।** आगामी 10 मई 2024 को श्री फूलमाली चोखरा पंचायत मंदसौर रतलाम इंदौर नीमच चित्तौड़ भीलवाड़ा बांसवाड़ा प्रतापगढ़ (राज.) बड़ौदा सूरत (गुजरात)के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16वां सामुहिक विवाह सम्मेलन में 119 जोड़ों को विवाह सूत्र में बांधने को लेकर तैयारी पूर्ण रूप से करली गई है। उक्त जानकारी देते हुए विवाह समिति के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र माहवार ने बताया है कि समिति के सभी संम्मानीय पदाधिकारियों द्वारा सम्मेलन में वधुओ के लिए रकम जिसमे सोने की मोहनमाला ( मंगलसूत्र), चाँदी के पायजेब, बिचुड़िया, सटका, अंगूठी की खरीदी कर ली गई है। श्री माहवार ने समस्त समाजजनों से आग्रह किया है कि तन मन धन से सहयोग कर विवाह सम्मेलन को सफल बनावे।

### नवीन आचार्य विकास वर्ग के चतुर्थ दिवस संवाद सत्र संपन्न

**पिपलिया मंडी।** विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग की योजना सेसरस्वती शिशु/विद्या मंदिर पिपलिया मंडी में आयोजित नवीन आचार्य विकास वर्ग में आज संवाद सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में श्री प्रवीण पुरोहित (प्राचार्य शामगढ़), मंच अध्यक्षता के रूप में श्री राजदीप जी परवाल (अखिल भारतीय पूर्व छात्र संयोजक), वर्ग पालक तेजकरण वर्मा, वर्ग संयोजक धरम चंदजी गेहलोत मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का परिचय वर्ग संयोजक जी ने कराया, मुख्य वक्ता जी ने वंदना एवं प्रार्थना विषय पर आचार्य/दीदियों का मार्गदर्शन किया। मंचासिन अध्यक्ष महोदय द्वारा विद्या भारती द्वारा आयोजित वर्गों का महत्व बताया गया।संवाद सत्र में वर्ग प्रबंधक प्रकाश धाकड़, वर्ग बौद्धिक प्रभारी रोहित जैन, मुख्य सचेतक मुकेश पाठक, वर्ग शिक्षण प्रभारी राजपालसिंह सिसोदिया एवं शिक्षक टोली उपस्थित रहीं।

### 65 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन।** जिले में कच्ची शराब के साथ ही देशी- विदेशी शराब की अवैध बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बड़वाह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर काटकुट फाटा स्थित एक घर में दबिश देकर करीब 65 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपिं को गिरफ्तार किया है।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार संजय बामनिया के घर पास तलाशी लेने पर बाथरूम में दो प्लास्टीक के तीन डब्बों मे 65 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब होना पाई गई एवं एक प्लास्टीक की थैली के अन्दर प्लास्टिक की पन्नीयां खाली व फटी हुई तथा 2 बडी प्लास्टीक की पन्नीयां पाये जाने पर पकड़े गए व्यक्तियों से शराब निर्माण करने व शराब रखने के संबंध मे वैध दस्तावेज लाइसेंस का पूछते नहीं होना बताया। इस मामले में संजय पिता भाईराम बामनिया और विजय पिता कैलाश बामनिया निवासी खेडी टाण्डा को आरोपी बनाया है।

### कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन हेतु पुलिस अधिकारी नियुक्त किये

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. राहुल फटिंग ने पुलिस अधीक्षक बड़वानी से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार नगर पालिका बड़वानी में पदस्थ सफाईकर्मियों को पुलिस अधिनियम 1861 की धारा-17 में प्रदत्त शक्तियों के अधीन जिले के 347 सफाईकर्मियों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया है। जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार लोकसभा निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला दण्डाधिकारी डॉ. राहुल फटिंग ने नगर पालिका बड़वानी के सफाईकर्मियों को 12 एवं 13 मई के लिये विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया है। नियुक्त अधिकारियों को सौंपे गये कर्तव्यों का पालन करने से इंकार करने पर पुलिस अधिनियम की धारा-19 के अंतर्गत कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

### मतदान के दिन माईक्रो आब्जर्वर की भूमिका होती है महत्वपूर्ण - प्रेक्षक

**बड़वानी।** लोकसभा निर्वाचन में केन्द्रीय सरकार के कर्मियो को माईक्रो आब्जर्वर बनाया गया है। माईक्रो आब्जर्वर सीधे निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षको की देखरेख में कार्य करेंगे। मतदान के दिन माईक्रो आब्जर्वर को निर्धारित मतदान केन्द्र पर माकपोल के पूर्व पहुंचना अनिवार्य है। जिससे वे भारत निर्वाचन आयोग के लिये ऑख-कान के रूप में कार्य कर सके ।

# रक्तदान करने के लिये प्रेरणा की जरूरत- न्यायाधीश जैन

नगर प्रतिनिधि ▸▸ मण्डलेश्वर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार जैन ने विशेष न्यायाधीश मोहम्मद मूसा खान कुटुम्ब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश श्रीमती मैरी मार्ग्रेट फ्रांसिस डेविड जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह जिला न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार कुण्डू जिला न्यायाधीश भगवान दास राठौड़ जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी व्यवहार न्यायाधीश महेन्द्र सिंह के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया ।

फॉरेस्ट विभाग के एस डी ओ एम एस मौर्य डॉ. किरण वर्मा एवं डॉ हेमेन्द्र मुछाला ने भी सरस्वती पूजन किया।अपने प्रेरक उद्बोधन में प्रधान जिला न्यायाधीश सुनील कुमार जैन ने कहा कि रक्तदान एक महादान है लेकिन आम व्यक्ति में रक्तदान को लेकर काफी भ्रांतियां होती है उनका निराकरण करने के लिये सेमिनार आयोजित किया जाना चाहिये जिसमे डॉक्टर्स रक्तदान से होने वाले बेनिफिट बताएं इससे लोगो मे जागरूकता आएगी और अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान करने के लिये आगे आएंगे । विशेष न्यायाधीश मोहम्मद मूसा खान ने भी रक्तदान करने के फायदों के बारे में बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में रक्तदान शिविर की जानकारी दी। जिला चिकित्सालय खरगोंन के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ हेमेन्द्र मुछाला ने बताया कि कोई भी स्वास्थ्य व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच हो जिसका वजन 45 किलो से ऊपर हो जिसे सुगर बी पी थायराइड जैसी बीमारी नही हो रक्तदान कर सकता है ।

कोई भी व्यक्ति एक बार रक्त देने के बाद 90 दिन के बाद ही दूसरी बार रक्त दे सकता है ।एकत्रित किये गए रक्त की हेपेटाइ टिस बी एवं सी एच आई वी , वी डी आर एल और मलेरिया की जांच के बाद ही किसी मरीज को रक्त दिया जाता है ।संचालन पी एल वी दुर्गेश राजदीप ने किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ व्यवहार न्यायाधीश महेंद्र सिंह और नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष चैतन्य पटवारी के रक्तदान से शुरू हुआ।

फारेस्ट विभाग की टीम ने रक्तदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई विभाग के एस डी ओ एम एस मौर्य डिप्टी रेंजर प्रदीप पंचोली के साथ वन रक्षक रक्तदान करने पहुंचे वन विभाग के नारायण अवास्या राघवेंद्र सिंह कौरव अंकित यादव संजय यादव हरीश पटेल ने रक्तदान किया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मण्डलेश्वर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ किरण वर्मा ने भी रक्तदान किया।उप जेल मण्डलेश्वर की जेलर श्वेता मीणा ने अपने भाई गौरव चौधरी प्रहरी विजयेंद्र वर्मा के साथ रक्तदान किया महेश्वर जेलर बुद्धि विलास प्रहरी जीवन मोरे टीप राज भालसे ने रक्तदान किया।

### 57 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**खरगोन।** बेडिया थाना पुलिस ने ग्राम बकावा में चील्लोर डीपी के पास नालें चल रही शराब भट्टी का खुलासा किया है। पुलिस ने यहां दबिश देकर 57 लीटर शराब के साथ महुआ लहान नष्ट किया है। मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चील्लोर डीपी के पास पहुंचकर मौके पर झाडियों की आड़ से देखा तो गूलर के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति अपने पास चार सफेद रंग के प्लास्टिक के डिब्बे रखे बैठा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। पीछा कर पकड़े गए युवक ने अपना नाम राजेश पिता किशन मोरी निवासी माटी खदान ग्राम बकावा का होना बताया। प्लास्टिक के डिब्बों में चेक करने पर 57 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब व 30 लीटर सड़ी गली महुआ लहान होना पाई गई। दोनो को जब्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया।

### वैदेही महिला मंडल द्वारा भगवान का रसपान उत्सव मनाया गया

**मंडलेश्वर।** नगर के प्राचीन जूना श्रीराम मंदिर में वैदेही महिला मंडल द्वारा भगवान का रसपान उत्सव मनाया गया। ग्रीष्म ऋतु की भीषण गर्मी से भगवान को राहत देने के उद्देश्य से उक्त उत्सव आयोजित किया गया। उपस्थित वैदेही सखियों ने भगवान को रसपान करवाने के उपरांत सामूहिक बर्फ के गोले का रसपान उत्सव के अंतर्गत आनंद लिया। मंदिर के संचालक पंकज मेहता ने जानकारी देते हुए बताया की मंदिर के सभी आयोजन अयोध्या के कनक भवन सरकार द्वारा आयोजित आयोजनों पर आधारित होते है। प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में आयोजित होने वाला रसपान उत्सव भी उन्ही आयोजनों में से एक है। इस उत्सव के उपरांत मंदिर की मुख्य संस्था श्री श्री सीता राम सेवा संकल्प संस्थानम की सहायक संस्था वैदेही महिला मंडल की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में वैदेही सखियों ने मई माह की 17 तारीख को आयोजित होने वाली जानकी नवमी की रूपरेखा बनाई। जानकी नवमी के अवसर पर माता जानकी का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इस दिन खेती में उपयोग होने वाले हल की विशेष पूजा का प्रावधान होता है। बैठक के समापन के उपरांत उपस्थित वैदेही सखियों ने लोकतंत्र के महापर्व में अपने अमूल्य मतदान का संकल्प भी लिया। वैदेही सखी रीटा जोशी ने जानकारी देते हुए बताया की उपस्थित लगभग 50 से अधिक सखियों ने मतदान का संकल्प लिया।

# सेगांव में सजने लगा मंच, 6 को होगी राहुल गांधी की सभा, कांग्रेस ने झोंकी ताकत

नगर प्रतिनिधि ▸▸ खरगोन

प्रदेश कांग्रेस पार्टी नेता राहुल गांधी की चुनावी सभा 6 मई को भगवानपुरा जनपद के सेगांव में होने वाली है। इस सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। देवीश्री लालबाई फुलबाई माता मंदिर के सामने विशाल डोम लगने लगा है। वहीं इस चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता भी पूरी ताकत झोंक रहे है। सभा में लोगों को लाने के लिए बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को खरगोन कार्यालय पर पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ ने पत्रकार वार्ता लेकर सभा की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय नेता गांधी की सभा को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है, गांधी दोपहर एक बजे सभा लेंगे। वहीं पिछले 10 वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रह कर संघर्ष कर रहे हैं, अब समय है कि उन संघर्षों का जवाब दें। इस चुनाव में राहुल गांधी जो न्याय पत्र लाए है वह जनता के मन की बात है। गांधी ने देश में पैदल यात्रा के दौरान गरीब, मजदूर, ड्रायवर, आदि से बात कर इस न्याय पत्र को तैयार किया है। भगवानपुरा विधायक केदार डावर ने बताया कि सेगांव आदिवासी ब्लॉक की पंचायत क्षेत्र है, जहां राहुल गांधी आ रहे है उनकी सभा को लेकर लोगों में उत्साह है। पूर्व विधायक रवि जोशी ने बताया कि सभा की तैयारी को अंतिम रूप देने में प्रशासनिक और एसपीजी के अधिकारी लगे हुए हैं। यहां करीब एक लाख स्क्वेर फीट में पांडाल लगाया जा रहा है, गर्मी को देखते हुए छाया, पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष रवि नाईक, ब्लॉक अध्यक्ष पुर्णा ठाकुर मौजूद थे।

# कोटेश्वर महादेव धाम बन सकता है धार्मिक पर्यटन केंद्र

## महाकाल लोक के कारण इस तीर्थ पर भी आवागमन बढ़ रहा

नगर प्रतिनिधि ▸▸ बदनावर

लेबड़-नयागांव फोरलेन पर कानवन से 12 किमी दूर विध्याचंल की सुरम्य पहाड़ियों में स्थित अति प्राचीन कोटेश्वर महादेव धाम है। जो क्षेत्र ही नहीं वरन आसपास के हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। आस्था के साथ-साथ यह स्थल पर्यटन का भी एक प्रमुख केंद्र है, जहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसकी प्राचीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथ श्रीमद् भागवत महापुराण के दशम स्कंध के अलावा चार वेदों में से दो वेद युर्जवेद व सामवेद में इसका उल्लेख मिलता है। यही नहीं भगवान श्रीकृष्ण के चरण रज इस तीर्थ स्थल को और पवित्र कर दिया है। तो संत सुकाल भारती की तपोभूमि भी रही है। वषार्काल में हरियाली की चादर बिछने पर यह सबका मन मोह लेता है। यह सब होने के बावजूद यह अतिप्राचीन तीर्थ वर्षो से पर्यटन के रूप में विकसित होने की बांट जोह रहा है।

# 11 को नेशनल लोक अदालत, 7 खंडपीठों पर रखे जाएंगे 3284 मामले

नगर प्रतिनिधि ▸▸ खरगोन

जिले में साल की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को होगा। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार.प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को न्यायालय परिसर से जिला न्यायाधीश जीसी मिश्रा ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीजेएम सदाशिव दांगोडे, न्यायाधीश सविता वर्मा, अभिभाषक राजेश गुजराथी, ओम पाटीदार आदि मौजूद थे।

न्यायाधीश मिश्रा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए 7 खंडपीठों का गठन किया गया है, जिस पर न्यायालय में लंबित 584 प्रकरण एवं प्रीलिटिगेशन के 2700 प्रकरण रखे जाएंगे, जिनमें नपा, बैंक, विद्युत विभाग व दूरसंचार से संबंधित प्रकरण शामिल है।

अदालत के माध्यम से दीवानी प्रकरणों, शमनीय आपराधिक प्रकरणों, राजस्व, चैक अनादरण, पारिवारिक विवाद, भरण.पोषण विवाद, मोटर दुर्घटना के क्लेम प्रकरणों एवं बैंको, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, नगर पालिका आदि से संबंधित लंबित एवं प्रीलिटिगेशन आदि अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से किए गए समझौते में किसी की जीत- हार नही होती। दोनों पक्षों की जीत होती है और किसी तरह की वैमनस्यता नही रहती है। इसके अलावा प्रकरण के दौरान दी गई फीस भी वापस होती है। इसलिए उक्त अदालत का वादी- प्रतिवादी लाभ उठाएं।

# सराफा व्यवसायी ने लगाई फांसी

नगर प्रतिनिधि ▸▸ खरगोन

शहर के एक सराफा व्यवसायी ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। शनिवार सुबह पीएम कराया गया। व्यापारी के इस आत्मघाती कदम उठाने से व्यापारी गण सकते में है, वहीं शोक की लहर भी व्याप्त है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार संतकृपा कॉलोनी निवासी अशोक पिता स्व. गोवर्धनलाल महाजन (गुप्ता) (65) को शुक्रवार रात करीब 8.15 बजे परिजन अस्पताल लाए थे। यहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक ने गुप्ता अपने घर की छत पर बने टीनशेड से लगी सीड़ी पर साड़ी का फंदा बनाकर झूल गए थे, परिजनों की नजर पडने पर तत्काल फंदा काटकर उन्हें अस्पताल लाए, हालांकि उन्हें बचाया नही जा सका। गुप्ता ने उक्त आत्मघाती क्यों उठाया इससे परिवार भी सकते में है। मिली जानकारी अनुसार गुप्ता सराफा व्यवसायी होकर उनके भाई किराणा व्यवसायी है। उनके निधन के बाद किराणा एवं सराफा व्यवसायियों में शोक की लहर व्याप्त है। मामले में जैतापुर चौकी पुलिस जांच में जुटी है।

# संत सेन जी महाराज का जन्मोत्सव पर भजन संध्या व शौभायात्रा निकलेगी

नगर प्रतिनिधि ▸▸ नीमच

जिले के जाट नगर में गत वर्ष अनुसार यशनगर, जाट मे दिनांक 5 मई को सेन समाज अपने आराध्य श्री सेन जी महाराज की 724 वॉ जन्मोत्सव बडे ही धुम धाम से मनावेगा। जिसमे प्रातः हवन पुजा एवं दोपहर 2.15 से भव्य शौभायात्रा का आयोजन होगा, जिसमे संत शिरोमणी श्री सेन जी महाराज का रथ, बेण्डबाजों के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए भगवान श्री राधाकृष्ण एवं श्री सेन जी महाराज के मंदिर पर सांय महाआरती होगी एवं रात्री 8 बजे से श्री श्री 1008 महंत श्री शिवरामदास जी त्यागी महाराज श्री रामेश्वर महादेव खैरी चित्तोडगढ़ के पावन सानिध्य मे एक शाम संत शिरोमणी श्री सेन जी महाराज के नाम, विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वप्रथम संत शिरोमणी श्री सेन जी महाराज के पावन दरबार मे ज्योत जलाकर एवं संतो का पुष्प वर्षा से समस्त सेन समाज द्वारा स्वागत किया जाएगा तथा श्री सेन जी महाराज एवं श्री नारायणी माता का दरबार सजाया जावेगा तथा भजन संध्या मे पुष्कर सेन घटियावली सुप्रसिद्ध गायक एवं ऑगेर्नाइजर श्री अंबिका म्यूजिकल ग्रुप निंबाहेड़ा, सुप्रसिद्ध भजन गायक शंकर लक्खा कोटडी, सुप्रसिद्ध भजन गायिका कृष्णा राठौर मध्य प्रदेश, सुप्रसिद्ध भजन गायक बनवारी सेन डोराई, सुप्रसिद्ध भजन गायक कमलेश सेनलुणखंदा द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी जावगी।

आयोजित कार्यकृम प्रभारी सुनिल सेन जाट, रमेशचंद्र भाटी मंदिर समिति अध्यक्ष, शंभुलाल सेन स्थानीय व्यवस्था समिति अध्यक्ष एवं भरत कुमार सेन उत्सव समिति अध्यक्ष, भेरूलाल सेन कुतली कोषाध्यक्ष, राकेश सेन जाट सह. कौषाध्यक्ष, कन्हैयालाल सेन पालछा उपाध्यक्ष, जमनालाल सेन अथवा उपाध्यक्ष, राजकुमार सेन जाट सचिव, सुभाष सेन जावदा उपाध्यक्ष, दीनेश सेन पालछा उपाध्यक्ष, नवीन सेन पालेर महामंत्री, शंभुलाल सेन कुतली संयुक्त सचिव, संयुक्त सचिव, रतनलाल सेन कुतली प्रचार मंत्री, इन्द्रमल सेन अमरपुरा प्रवक्ता, शिवलाल सेन पाल महामंत्री, सर्वेश सेन घाटी सुशील सेन तुमडिया, भागीरथ सेन कुतली, एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा सेन समाज के सभी माताओं बहनों एवं जाट क्षैत्र के सभी भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या मे पधारकर, कार्यकृम को सफल बनाने का अनुरोध किया गया। पूर्व घोषणा अनुसार सभी भामाशाह का उक्त कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति द्वारा स्वागत किया जावेगा। एवं अगले वर्ष होने वाले आयोजन की भी घोषणाए कार्यकृम के दौरान प्राप्त की जावेगी।

## अवैध रूप से पेपर विक्रय करने वाले को 2-2 साल की सजा

**भोपाल ।** सहकारिता के संभागीय जनसंपर्क अधिकारी श्री मनोज त्रिपाठी , भोपाल ने बताया कि न्यायालय अरूण सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भोपाल के द्वारा आरोपीगण कमलेश गुर्जर, कौशिक दुबे, बृजेश को धारा 420, 419, भादवि एवं 66सी आई टी एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुये तीनों आरोपीगण को धारा 420, 419, भादवि में क्रमशः 2-2 वर्ष का साधारण कारावास एवं 2000-2000 रू अर्थदण्ड एवं धारा 66सी आई एक्ट में तीनों आरोपीगण को 2-2 वर्ष का साधारण कारावास एवं 10000- 10000रू का अर्थदण्ड से दण्डित का निर्णय पारित किया है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती नीतू जैन द्वारा पैरवी की गई है। फरियादी बलवंत वर्मा परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक शिक्षा मंण्डल मध्ययप्रदेश भोपाल द्वारा पुलिस आयुक्त अपराध भोपाल मध्यप्रदेश को एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि 22/02/22 से दिनांक 04/03/2023 के बीच आरोपीगण के द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के लोगों का उपयोग कर ग्रुप बनाने वाली आई डी के द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंण्डल मध्य प्रदेश भोपाल के लोगो का उपयोग कर टेलीग्राम पर फर्जी लिंक तैयार कर उस लिंक के माध्यम से मण्डल परीक्षाओं के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये जाने का दावा करते हुऐ छात्रों से भीम एप के माध्यम से पैसों की अवैध वसूली कर छल कारित किया तथा अपनी विशिष्ट पहचान को छुपाकर माध्यमिक शिक्षा मंण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के लोगों का उपयोग कर माध्यमिक शिक्षा मंण्डल की अनन्य पहचान का उपयोग कपटपूर्वक एवं बैईमानी से किया। उक्त घटना के आधार पर पुलिस थाना क्राईम ब्रांच भोपाल द्वारा अपराध क्रमांक 25/23 धारा 420, 419, भादवि 66सी, 66डी आई एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरान्त2 अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन के साक्ष्य, वैज्ञानिक साक्ष्य, तकनीकी साक्ष्य एवं तर्को से सहमत होते हुऐ तीनों आरोपीगण को धारा 420, 419, भादवि में क्रमशः 2-2 वर्ष का साधारण कारावास एवं 2000-2000 रू अर्थदण्ड एवं धारा 66सी आई एक्ट में तीनों आरोपीगण को 2-2 वर्ष का साधारण कारावास एवं 10000- 10000 रू का अर्थदण्ड से दण्डित का निर्णय पारित किया है।

## हरासत में पहुंचे प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्न, एसआईटी की कार्रवाई

**कर्नाटक।** जद (एस) नेता एचडी रेवन्ना को एसआईटी अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफबेंगलुरु के केआर नगर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफअपहरण का मामला दर्ज हुआ था। प्रज्वल रेवन्ना के वायरल वीडियो में यौन उत्पीड़न का शिकार पीडिता के बेटे ने एक दिन पहले अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई थी कि उनकी मां का अपहरण कर लिया गया है। एचडी रेवन्ना ने यह अपहरण करवाया है, जिससे मां उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ बयान न दे पाएं। उसके बेटे ने गुरुवार रात मैसूर जिले के केआर नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई। पीडिता के 20 साल बेटे ने कहा कि मां को प्रज्वल रेवन्ना परिवार का परिचित जबरन बाइक पर बैठाकर ले गया है। उसके बाद से कर्नाटक के विशेष जांच दल ने पीड़िता की तलाशी शुरू कर दी है। बेटे ने एफआईआर में बताया कि बबन्ना घर पर आया था। उसने एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना का नाम लेकर मां को बाइक पर बैठा लिया।

## अभिनेत्री करीना कपूर खान बनी यूनिसेफ भारत की राष्ट्रीय राजदूत

**दिल्ली।** अभिनेत्री करीना कपूर खान को यूनिसेफ भारत की राष्ट्रीय राजदूत नियुक्त किया गया है। इसकी घोषणा के समय वह काफी खुश नजर आईं। उन्होंने कहा कि मैं इस पद को पाकर काफी सम्मानित महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा कि इस पद के लिए दस साल लंबा इंतजार किया है। यूनिसेफ इंडिया के नए राष्ट्रीय राजदूत के रूप में नियुक्त होने पर करीना कपूर खान ने कहा कि मैं इस पद को पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं और बहुत विनम्र महसूस कर रही हूं। मैंने दस साल इंतजार किया है और अथक परिश्रम किया है और सभी के साथ बहुत मेहनत की है। अब, आखिरकार, मैं एक राष्ट्रीय राजदूत के रूप में उनके साथ जुड़ रही हूं। उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, जिसे मैं पूरे दिल से स्वीकार करती हूं। मैं यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करूंगी कि भारत के कोने-कोने में हर बच्चा चाहे कितना भी कमजोर क्यों न हो, वह जहां भी हो, चाहे वह कोई भी हो, उनके मौलिक अधिकारों मिलें। मैं जब हर एक बच्चे के बारे में कहती हूं, तो बिना लिंग भेदभाव के उनको आवाज देने की कोशिश करूंगी। भारत में यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री ने कहा कि यूनिसेफइंडिया, इस बात से बहुत उत्साहित है कि करीना कपूर खान हमारी भारत की राष्ट्रीय राजदूत हैं। वह दस वर्षों से हमारे साथ काम कर रही हैं, इसलिए हम उनकी नई व बड़ी भूमिका को लेकर उत्साहित हैं। मैं कहूंगी कि हम उनकी आवाज का उपयोग करने और बच्चों के अधिकारों की वकालत करने के लिए उनकी आवाज और उपस्थिति का लाभ उठाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

## मप्र बोर्ड 10 वीं में अब उच्च व सामान्य गणित के दो विकल्प

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) इस सत्र से 10वीं में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब सीबीएसई की तरह मप्र बोर्ड में भी 10वीं के विद्यार्थियों को गणित की पढ़ाई दो विकल्प में करने का मौका मिलेगा। इसमें सामान्य एवं उच्च गणित होगा। अगर कोई विद्यार्थी 11वीं में गणित विषय लेना चाहता है तो वह 10 वीं में उच्च गणित चुन सकेगा।

# मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं चुस्त- दुरूस्त करने डीईओ ने दिए समस्त संस्था प्रमुखों को निर्देश

awantika.com@गुना

लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण के मतदान 7 मई 2024 को सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी गुना चंद्रशेखर सिसोदिया ने जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की अविलंब पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु समस्त संस्था प्रमुखों के साथ-साथ उनकी मॉनिटरिंग करने हेतु जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, समस्त बीईओ, बीआरसीसी जनपद शिक्षा केन्द्र एवं संकुल प्राचार्य को भी सख्त निर्देश दिए हैं, जिससे मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

दरअसल मतदान केन्द्रों पर चुस्त दुरुस्त और चाक-चौबंध व्यवस्थाओं की पूर्ति के लिए जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया ने अपने अधिनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। श्री सिसोदिया के द्वारा जारी किए गए स्मरण पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि गुना जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु समस्त विकासखण्ड अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में जिनमे मतदान केन्द्र बनाए गए हैं उन विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधान अध्यापकों/संस्था प्रमुखों को मतदान केंद्र पर भवन के आंतरिक एवं बाहरी परिसर की साफ सफाई, रंगाई पुताई, बिजली, पंखे, रैंप, स्वच्छ एवं शीतल पेयजल, पुरुष एवं महिला शौचालय धूप से बचाव हेतु छाया, फर्नीचर और इमरजेंसी लाइट इत्यादि व्यवस्थाओं हेतू तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिये निर्देशित किया गया है।

जिससे 6 एवं 7 मई 2024 को मतदान दल के सदस्यों को आवश्यकता अनुसार मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं के साथ-साथ अच्छी किस्म का फर्नीचर, फर्श, टाट पट्टी एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं उपलब्ध हो सकें। उक्त व्यवस्थाओं की संकुल प्राचार्य, बीईओ एवं बीआरसी मॉनिटरिंग करेंगे। सुविधाओं एवं अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित संस्था प्रमुख, संकुल प्राचार्य, बीईओ एवं बीआरसी के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए संबंधित संस्था प्रमुख, संकुल प्राचार्य, बीईओ और बीआरसी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उक्त पत्र में यह भी निर्देशित किया है कि मतदान केन्द्र विद्यालयों में उपरोक्त व्यवस्थाएं प्रधानाध्यापक/संस्था प्रमुख स्वयं अपने स्तर से करेंगे। इसके साथ ही विशेष परिस्थितियों में आवश्यकता अनुसार व्यवस्थाएं स्थानीय पंचायत, नगरपालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी, पीएचई एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उनके सहयोग से अविलम्ब समय-सीमा में पूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# मौसम के तल्ख मिजाज ने किया हलाकान, तापमान 42 डिक्री के पार

awantika.com@शाजापुर

मौसम के तल्ख मिजाज ने लोगों को हलाकान कर दिया है और यही कारण है कि दिन में जहां सूर्य की तपीश ने बेहाल कर रखा है तो वहीं गर्म हवाओं का जोर बढने् से रातें भी बेचैनीभरी साबित हो रही हैं। मई माह के शुरूआती दौर में ही शनिवार को सूर्य की किरणें तीखी होकर तमतमाने लगी। नतीजतन गर्मी से लोगों का चैन सुकून खत्म हो गया और घरों से बाहर निकलने के लिए मुंह पर कपड़ा बांधना पड़ा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि सूरज के तीखे तेवर की वजह से इस दिन अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री दर्ज किया गया।

वहीं न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री रहा। गौरतलब है कि बढ़ते पारे की वजह से अब सुबह का समय भी दोपहर के मानिंद लगने लगा है। सूर्य के तल्ख मिजाज का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुबह 8 बजे की धूप भी बदन को झुलसाने का काम कर रही है। साथ ही तेज रफ्तार से चल रहे गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को और अधिक बेचैन करना शुरू कर दिया है जिसकी वजह से मौसम में आई भीषण गर्माहट के कारण घर के अंदर रहना भी बेहद परेशानी भरा साबित हो रहा है। वहीं मौसम विभाग की मानें तो तापमान में उछाल बरकरार रहेगा।

**सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शनिवार**

तेज रफ्तार से चल रही गर्म हवाओं के कारण अब मौसम बेहद गर्म हो चला है और इसीके चलते दिनभर सूर्य के तल्ख मिजाज लोगों को हलाकान करते रहे। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गर्म हवाओं के थपेड़ों के कारण शनिवार का दिन 42.1 डिग्री के साथ सीजन के सबसे गर्म दिन के रूप में दर्ज किया गया। वहीं आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावाह होने की संभावना है। मौसम के जानकार धनोतिया ने बताया कि कुछ दिनों में लू चलने की संभावना बढ़ गई है और तापमान 43 से 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। याने आने वाले दिनों में बेचैनी कम होने की बजाय और अधिक सितम ढाने वाली साबित हो सकती है।

## मतदान के लिए किया प्रेरित

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बच्चे हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिनमें गुना वोट करेगा, मतदान को आगे बढ़ाएंगे, मतदान करके आएंगे आदि नारे लिखे हुए थे। उल्लेखनीय है कि जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 7 मई 2024 को होना है।

### वर चाहिए

कन्या 24 वर्ष हाईट 5.3 गोरी हिन्दू ब्राह्मण, माताजी का निधन, पिताजी मंदिर में पुजारी, गरीब कन्या हेतु शादी के लिए हिंदू.

**सर्वजातीय वर चाहिए**

मो. 7517057842, 8446068427

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूमि स्वामी श्रीमती सुलभा जैन पति श्री ललित जैन, निवासी-10/3 एल. पी. भार्गव, उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नं.-12/2 (एस) रकबा 0.22 हेक्टर ग्राम लेकोडा, प. ह. नं.-17 तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 05 (पांच) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-04.05.2024

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूमि स्वामी श्रीमती माया शिंदे पति श्री राजेन्द्र शिंदे, निवासी-एच. आय. जी. महाशक्ति नगर, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नं.-4/2/1 ( एस) रकबा 0.2700 हेक्टर, 4/3/1 (एस) रकबा 0.2500 हेक्टर एवं 4/4/1 ( एस) रकबा 0.2800 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.8000 हेक्टर जो कि ग्राम हरन्याखेडी, प. ह. नं.-51 तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत जफर खां पिता रियाज खां, निवासी-आदर्श नगर, उज्जैन से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उपरोक्त कृषि भूमि पर जफर खां के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-04.05.2024

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 366 रकबा 1.000 हेक्टर अर्थात पांच बीघा भूमि ग्राम बोरमुण्डला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है। उपलब्ध कराये दस्तावेज अनुसार उक्त भूमि की भूमि स्वामी बसंतकुंवर पिता धुलसिंह पति मेहताबसिंहजी जाति राजपूत निवासी ग्राम जैथल तहसील व जिला उज्जैन है तथा संबंधित राजस्व रिकार्ड में भी उक्त भूमि पर इनका नामांतरण दर्ज है जिनसे उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है। अतः यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि का कोई ऋण, भार, आदि हो या इसके स्वामित्व अधिकार, कब्जा, विक्रय आदि के संबंध में आपत्ति हो या इसमें किसी का हक, हिस्सा, पारिवारिक विवाद आदि हो या कोर्ट कार्यवाही चल रही हो या इसके विक्रय होने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 3 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि का टायटल क्लीयर मानते हुए विधिवत रूप से रजिस्ट्री कराने के लिये स्वतंत्र रहेंगे तथा इसके पश्चात कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के अधिकारों के मुकाबले मान्य नहीं होगा।

इति दिनांकः 05.05.2024

**रवि एस. मित्तल, एडवोकेट**
**कार्यालय डी-11, भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**देवास रोड़, उज्जैन मो. 98260-85675, 94068-85675**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी 01-श्री प्रेमनारायण उर्फ प्रेमचंद पिता भागीरथ, 02-श्रीमती निर्मलाबाई पुत्री भागीरथ, 03-श्रीमती कमलाबाई पुत्री भागीरथ, 04-श्रीमती शारदाबाई पुत्री भागीरथ, 05-श्रीमती कृष्णबाई पुत्री भागीरथ, 06-श्रीमती संतोषबाई पुत्री भागीरथ, 07-श्रीमती विद्याबाई पुत्री भागीरथ, समस्त कृषक-ग्राम कुंवारिया तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में सर्वे नं-52 (एस) रकबा 0.9100 हेक्टर एवं 53 (एस) रकबा 0.9100 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.8200 हेक्टर जो कि ग्राम कुंवारिया, प. ह. नं. -00087 तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री रितेश सोलंकी पिता श्री मनोहरजी सोलंकी, निवासी-32 मालीपुरा उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि श्री रितेश सोलंकी पिता श्री मनोहरजी सोलंकी के अतिरिक्त किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया गया हो अथवा स्वत्व, हित व आधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-04.05.2024

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय -ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पक्ष में स्वर्गीय श्री सत्यनारायण पिता श्री धुलजी, जाति भाट. निवासी ग्राम खरसौदखुर्द तहसील बड़नगर ने अपने स्वामित्य एवं आधिपत्य की निजी कृषि भूमि सर्वे नं. 163/1 रकबा 0.79 हेक्टेयर एवं सर्वे नं. 629 रकबा 0.64 हेक्टेयर में से रकबा 0.21 हेक्टेयर, बरूख पूर्व दिशा की, कुल किता 02, जुमला रकबा 1.00 हेक्टेयर, लगानी 16.00 रुपए स्थित ग्राम खरसोदखुर्द, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश का विधिवत वसीयत पत्र दिनाक 08.6.2022 को गवाह प्रभुलालजी व गवाह पुरूषोत्तमजी चौधरी के समक्ष निष्पादन कर दिया। स्वर्गीय श्री सत्यनारायणजी की मृत्यु दिनांक 15.10.2022 को हो चुकी हैं तथा स्वर्गीय श्री सत्यनारायणजी की मृत्यु होने को बाद से उपरोक्त कृषि भूमि पर मेरा पक्षकार मालिक नाते काबिज रहकर आज तक निरन्तर उपयोग उपभोग करता चला आ रहा हैं। माननीय न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदया बडनगर की न्यायालय द्वारा प्रकरण कमांक 0038/अपील/2023-2024 में पारित आदेश दिनांक 29.02.2024 अनुसार सुनिताबाई, रवि एवं जतिन का नामान्तरण स्वीकार किये जाने के सबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आदेश पारित नहीं किया गया है. किन्तु सुनिताबाई, रवि एवं जतिन ने पटवारी मौजा से आपस में सांठ-गांठ करके उपरोक्त आदेश का दुरूपयोग करते हुए सुनिताबाई, रवि एवं जतिन ने पटवारी मौजा से अवैध तरीके से अपने नाम का अमल समस्त राजस्व अभिलेखों में करवा लिया। इस संबंध में मेरे पक्षकार की ओर से माननीय न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश की न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई, जो अपील प्रकरण कमांक 0014/अपील/2024-2025 पर कायम होकर विचाराधीन है तथा नामान्तरण प्रकरण में पारित आदेश के विरुद्ध मेरे पक्षकार की ओर से एक अपील माननीय न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदया बडनगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश की न्यायालय में प्रस्तुत की गई, जो अपील प्रकरण क्रमांक 0001/ अपील/2024-2025 पर कायम होकर विचाराधीन हैं. किन्तु सुनिताबाई, रवि एवं जतिन ने अपने नाम की अवैध प्रविष्ठी का अवैध लाभ उठाकर अवैधानिक रूप से उपरोक्त कृषि भूमि सर्वे नं. 629 रकबा 0.64 हेक्टेयर में से रकबा 0.21 हेक्टेयर, बरूख पूर्व दिशा की, स्थित ग्राम खरसोदखुर्द, तहसील बडनगर का बद्रीलाल पिता श्री चंपालालजी पाटीदार, जाति कुलम्बी, निवासी ग्राम खरसौद खुर्द, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश एवं उपरोक्त कृषि भूमि सर्वे नं. 163/1 रकबा 0.79 हेक्टेयर, लगानी 12.00 रुपए, स्थित ग्राम खरसौदखुर्द, तहसील बडनगर का अफसर पटेल पिता श्री अब्दुल रहमानजी, जाति नायता, निवासी ग्राम जान्दला, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश के पक्ष में कब्जारहित विक्रय-पत्र अवैध रूप से निष्पादित कर दिये गये। इस प्रकार सुनिताबाई, रवि एवं जतिन ने बद्रीलाल पाटीदार एवं अफसर पटेल के पक्ष में जो अवैध बिक्री-पत्र निष्पादित किया गया है, वह बिक्री-पत्र अवैधानिक होकर कब्जारहित बिक्री-पत्र हैं तथा तथाकथित असत्य, अवैध, फर्जी व कूटरचित बिक्री-पत्रों से बद्रीलाल पाटीदार एवं अफसर पटेल को उपरोक्त कृषि भूमि में किसी भी प्रकार के कोई भी प्रकार के कोई भी मालकाना हक, स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त नहीं होते हैं तथा उपरोक्त बिक्री-पत्र मेरे पक्षकार के मुकाबले शून्यवत एवं निष्प्रभावी होकर मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी भी नहीं हैं। इस संबंध में मेरे पक्षकार की ओर से माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदया कनिष्ठ खण्ड बडनगर, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश की न्यायालय में एक दिवानी वाद-पत्र प्रस्तुत किया गया, जो प्रकरण क्रमांक 39/2024 ई.दी.ए. पर कायम होकर विचाराधीन हैं। उपरोक्त कृषि भूमि को बद्रीलाल पाटीदार एवं अफसर पटेल बिक्री व अन्तरण करने के प्रयास में हैं। इसलिये सर्वसाधारण को इस जाहीर सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि-भूमि या उसके किसी भी अंश को कोई भी व्यक्ति या संस्था बद्रीलाल पाटीदार एवं अफसर पटेल से क्रय करने का सौदा नहीं करें और नहीं कीमत अदा कर किसी भी प्रकार का कोई भी लेख ही सम्पादन करावें। यदि इसके बावजूद भी किसी भी व्यक्ति या संस्था ने बद्रीलाल पाटीदार एवं अफसर पटेल से किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार किया और कीमत अदा कर किसी भी प्रकार का कोई भी लेख निष्पादन करवाया तो इसकी किसी भी प्रकार की कोई भी जवाबदारी मेरे पक्षकार की नहीं रहेंगी तथा उपरोक्त संव्यवहार अवैध होकर संबंधित लेख से उपरोक्त कृषि भूमि में संबंधित व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार के कोई भी मालकाना हक, स्वत्य, हित, अधिकार प्राप्त नहीं होंगे तथा तथाकथित लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले शून्यवत व निष्प्रभावी होकर मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं रहेंगा। दिनांक :- 03.05.2024,

**पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी एडव्होकेट,**
**16, पंढरीनाथ चौक बडनगर, जिला उज्जैन, (म.प्र.)**
**मोबाइल नं. 98937-39313,**

## न्यूज-कॉलम

### सेन महाराज की जयंती 5 मई को मनाई जाएगी

**नीमच।** सेन वाटिका पर होगा आयोजन सेन समाज सगंठन द्वारा हर वर्ष के भाँति इस वर्ष भी सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 724वी जयंती नीमच नगर में धुमधाम- धाम से मनाई जाएगी। सेन जंयती महोत्सव समिति अध्यक्ष मनीष सेन कनावटी,उपाध्यक्ष दिनेश सेन जयसिंगपुरा,सचिव शिवजी चागंल नीमच, कोषाध्यक्ष लोकेश देवडा नीमच ने बताया कि 5 मई रविवार को प्रातः 8.30 बजे नारायणी माता मंदिर से वाहन रैली शुरू होगी ।जो सेन वाटिका तक पहुंचेगी शाम ६ बजे बाद भजन संध्या आयोजन किया जायेगा। नीमच जिले छात्र-छात्रा को कक्षा 8वी, 10वी, 12 वी में 75 प्रतिशत प्रथम श्रेणी में पास हुऐ है। उन्हे भी सेन जयंती महोत्सव के दौरान पुरस्कार देकर सम्मानितकिया जाएगा।

### पिकअप से चार गौवंश मुक्त कराये

**मन्दसौर।** महू-नीमच हाईवे रोड़ तहसील कार्यालय के सामने दलौदा पर पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन कर ले जाते हुए चार गौवंश को पकड़कर आरोपियों से उन्हें मुक्त कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यवाही जिले के दलौदा थाना पुलिस ने की। इस प्रकरण में आरोपी भंवरलाल पिता चम्पालाल उम्र 44 वर्ष निवासी रानीखेड़ी थाना निम्बाहेड़ा राज. और बिजु पिता किशन बंजारा निवासी नयाखेड़ा थाना निम्बाहेड़ा के कब्जे से एक पिकअप वाहन नं. आरजे 09 जीडी 9885 और चार गौवंश जप्त किये।

### जनपरिषद के डॉ. बटवाल अध्यक्ष बनाये गये

**मंदसौर ।** सामाजिक संस्था जनपरिषद मंदसौर चैप्टर का गठन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही संस्था सचिव नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश जोशी, सीए विकास भंडारी एवं उपाध्यक्ष डॉ. स्वप्निल ओझा, सह सचिव लोकेश पालीवाल, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर राठौड़, कोषाध्यक्ष सचिन पारिख बनाये गए हैं। संस्था संरक्षक नरेंद्र सिंह सिपानी, कैलाशचंद्र पांडेय, डॉ. विजयशंकर मिश्र, उर्मिलासिंह तोमर सहित कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये है।

### अजमेर-नीमच -चित्तौढ़-दौंड के मध्य स्पेशल रेल सेवा होगी शुरू

**नीमच ।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के समय रेलों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रतलाम मंडल से होकर,नीमच चित्तौड अजमेर से दौंड, के मध्य स्पेशल रेल का परिचालन किया जाएगा। यह रेल दोनों दिशाओं में नौ-नौ फेरे चलेगी। इस रेल सेवा का दोनों दिशाओं में नसीराबाद, बिजय नगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत , वलसाड, वापी, बोईसर, पनवेल, लोनावाला एवं पुणे स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस रेल में सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

### पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारियों पर मामला दर्ज

**मंदसौर।** जिले के शामगढ़ बस स्टेण्ड परिसर क्षेत्र में निमार्णाधीन शॉपिंग काम्पलेक्स की दीवाल को लेकर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी और न.पं. शामगढ़ के अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच विवाद के बाद न.पं. अधिकारियों की शामगढ़ थाने पर शिकायत पर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना की रिपोर्ट शामगढ़ थाने पर फरियादी शामगढ़ नपा के मुख्य अधिकारी सुरेश पिता छोटेलाल यादव ने की है कि 3 मई को बस स्टेण्ड शामगढ़ पर आरोपी आदित्य सोनी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग और कमल जैन प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गरोठ द्वारा शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते है: **निविदा क्रमांक. EL/TRD/58/2024-25-02. कार्य का नाम:** outsourcing of PSI Maintenance of GDA-BPL& IDU section in Ratlam division for a period of 2 years. **अनुमानित लागत: रु.**Rs.5,08,21,265/- **बयाना राशि: रु.**4,04,100/- **समापन अवधि:** 24 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 27.05.2024 at 15:00 hrs. **ऑफर वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाईट www.irps.gov.in नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने।

Apex/15/1/25 Sr.DEE/TRD/RTM

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

भाजपा अजा मोर्चा सम्मेलन

# अजा मोर्चा 13 मई को भाजपा के पक्ष में ताकत से कराए मतदान : प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव

### भाजपा को फिर जीताकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं : कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

नगर प्रतिनिधि ▸▸ रतलाम

अनुसूचित जाति को कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक समझती थी, मगर मोदीजी ने इस वर्ग का भला सोचा और कई योजना अनुसूचित वर्ग के लिए बनाई। मोदीजी की यह गारंटी है कि अनुसूचित वर्ग का भला होगा। कांग्रेस गलत जानकारी फैला रही है कि मोदी जी संविधान को बदल देंगे। मोदी जी ने कभी इस वर्ग का बुरा नहीं सोचा। मध्य प्रदेश की भूमि पर संत शिरोमणि रविदास जी का मंदिर बन रहा है। रामराज्य की स्थापना, राम मंदिर का निर्माण भी मोदी जी के शासन काल में हुआ। हमें ताकत के साथ 13 मई को मतदान करना है।

यह बात भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव ने सूक्ष्म, लुघ एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में आयोजित रतलाम विधानसभा के अजा मोर्चा सम्मेलन में कही। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय, विधानसभा प्रभारी हरिराम शाह, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, सह संयोजक प्रहलाद राठोड़, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बोरिया, जिला महामंत्री सुदीप पटेल, प्रदेश सदस्य राहुल निंदाने, नंदकिशोर तोषावड़ा, भाजपा जिला मंत्री नेहा मेहर, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिलावट, हरिकिशन बोरिवाल, निर्मल मालवीय, श्रवण बोयत, धीरेंद्र महावर मंचासीन रहे।

श्री जाटव ने कहा कि भाजपा ही है, जिसने निचले कार्यकर्ता रामनाथ जी कोविंद को राष्ट्रपति बनाया। भाजपा सबका साथ सबका विकास का लक्ष्य लेकर चलती है। विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए देश में फिर से प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाना आवश्यक है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि भाजपा को हमेशा से हर वर्ग का आशीर्वाद मिला है। लोकसभा चुनाव में एक बार फिर उसी संकल्प से बहन अनीता नगरसिंह चौहान को रिकॉर्ड मतों से जिताकर, मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय ने कहा कि दुनिया में भारत माता का गौरव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बढ़ाया है।

मोदी जी जैसा व्यक्तित्व देश का प्रधानमंत्री बना है, तो वह कार्यकताओं की मेहनत है, जो घर-घर जाकर लोगों को जाग्रत कर मतदान करवाते है और भाजपा को विजय बनाते है। पुनः आपके अथक परिश्रम से हमें इतिहास लिखना है। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि हम सभी को सबसे पहले स्वयं मतदान करना है और फिर परिवार का और फिर मिलने वालों का मतदान करवाना है। गर्मी का समय होने से इस बात का ध्यान रखा जाए कि सुबह जल्दी सबका मतदान करा दिया जाए। सम्मेलन का संचालन अजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदीप पटेल ने एवं आभार जिला उपाध्यक्ष प्रभु सोलंकी ने माना।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने ली बैठक

# भारत के गौरव का साक्षात्कार कराकर फिर मोदी सरकार बनाने का आह्वान

नगर प्रतिनिधि ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रतलाम में लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की वृहद बैठक को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को मिले गौरव का साक्षात्कार कराया और देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं के प्रत्येक बूथ पर 370 मत बढ़ाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने की अपील भी की। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, लोकसभा चुनाव प्रभारी महेन्द्र भटनागर, इंदौर संभाग प्रभारी राघवेन्द्र सिंह, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, विधान सभा संयोजक मनोहर पोरवाल, प्रभारी हरिराम शाह मंचासीन रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की।

प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि रतलाम में भाजपा बड़े अंतर से चुनाव जीतती आई है और इस चुनाव में भी कार्यकर्ता यह क्रम जारी रखे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में धारा 370 की समाप्ति और अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के साथ कई ऐसे कार्य हुए है जिनसे दुनिया भारत का लोहा मान रही है। लोकसभा चुनाव हमारे लिए एक बड़ा अवसर है, जिसमें फिर मोदी सरकार बनाकर विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करना है। उन्होंने कार्यकताओं से शत-प्रतिशत मतदान कराने का आह्वान करते हुए अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने पर बल दिया।

### 80 प्रतिशत मतदान पर होंगे कार्यकर्ता सम्मानित - कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप

कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने बैठक में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान रतलाम के कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के 56 इंच के सीने से प्रेरणा लेकर च्अबकी बार 56 हजार पारज का संकल्प लिया था और जब परिणाम आए तो 60 हजार से अधिक मतों से जीत प्राप्त की। उस चुनाव में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले बूथ के कार्यकताओं को सम्मानित किया गया था। इस चुनाव में 80 प्रतिशत का संकल्प लेकर चले, तो सफलता अवश्य मिलेगी। लोकसभा चुनाव में ८० प्रतिशत से अधिक जिन बूथों पर मतदान होगा उनका सम्मान किया जाएगा। श्री काश्यप ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर हर वर्ग से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का आह्वान किया। आरंभ में जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया। संचालन विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल ने किया। आभार सह संयोजक प्रह्लाद राठौड़ ने माना 7 जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, वार्ड संयोजक एवं पार्षद गण आदि उपस्थित रहे।

### विधायक डामर के साथ मिलकर रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखेंगे - अनीता नागर सिंह चौहान

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी अनीता नागर सिंह चौहान ने रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। उनके जनसंपर्क की शुरूवात डेलनपुर से हुई और बाद में पलसोड़ा , सांगोद , तितरी, कुआझागर, धराड़ सहित विभिन्न गांवों में मतदाताओं से रूबरू होकर भाजपा प्रत्याशी एवं रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर ने भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। भाजपा प्रत्याशी अनिता चौहान का इस दौरान जगह - जगह स्वागत किया गया। उन्होंने अपने स्वागत के उत्तर में जनता को आश्वस्त किया कि विधायक श्री डामर के साथ मिलकर रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में केन्द्र सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे। जनसंपर्क के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विधानसभा प्रभारी अशोक पोरवाल, विधानसभा संयोजक कन्हैयालाल पाटीदार सह संयोजक अशोक पंड्या, मंडल अध्यक्ष गण एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी साथ रहे।

### कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 मई को

**रतलाम।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल जी भूरिया के समर्थन में रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया की प्रातः 11.30 बजे राजपूत बोर्डिंग में सम्मेलन रखा गया है

### रतलाम के नागर ब्राह्मण समाज जनों का 5 मई को मिलन समारोह

**रतलाम।** रतलाम क्षेत्र के नागर ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों का 5 मई,रविवार को नागर मिलन एवं छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम राधा कृष्ण गार्डन, नयागांव दोपहर में 2 बजे से प्रारंभ होगा। मध्य प्रदेश ना गरब्राह्मण परिषद शाखा रतलाम के अध्यक्ष जितेंद्र रावल एवं सचिव हेमंत भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि गण केदार रावल, प्रदेश अध्यक्ष, मध्य प्रदेश ना गर ब्राह्मण परिषद, प्रदेश सचिव, हेमंत व्यास ,महिला परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सोनिया मंडलोई एवं डॉ मंगलेश्वरी जोशी होंगे कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं, सेवानिवृत्तों का सम्मान किया जाएगा ,साथ ही पुरस्कार वितरण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

# कुलपति ने किया रॉयल कॉलेज का अवलोकन

नगर प्रतिनिधि ▸▸ रतलाम

विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने आज रतलाम शहर के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों का अवलोकन किया। उनका रतलाम दौरा मुख्यतः विक्रम विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाओ के संचालन हेतु नवीन परीक्षा केन्द्रों की स्थापना को लेकर रहा तथा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में कॉलेज के विद्यार्थी जो नवीन मतदाता होते है, उनको लोकतंत्र के इस पर्व पर किस तरह मतदान हेतु जागरूक किया जाय पर केंद्रित रहा। रतलाम शहर के शासकीय महा विद्यालय के अवलोकन के पश्चात कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय एस.एस.आई.टी. कालेज पहुँचे, जहाँ उन्होने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं संचालकों से भेंट की तथा अधिक से अधिक मतदान हो सके, इस संबंध में शपथ दिलवाई। तत्पश्चात कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय प्रथम बार सालाखेड़ी स्थित रॉयल कैम्पस पहुँचे, जहां रॉयल कॉलेज के स्टॉफ डॉ.प्रवीण मंत्री, डी आर पुरोहित , डॉ. आर के अरोरा आदि ने उनका स्वागत किया गया। कुलपति अखिलेश कुमार पांडेय ने रॉयल कॉलेज को विक्रम विश्वविद्यालय का परीक्षा केन्द्र बनाये जाने संबंधी दृष्टिकोण से कॉलेज की अधोसंरचना का अवलोकन किया। कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय के इस रतलाम दौरे में शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाय.के. मिश्रा, शा. स्वामी विवेकानंद वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. माथुर, शा. कन्या महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश कटारिया, एस. एस. आई.टी. कॉलेज के संचालक विम्पी छाबड़ा, योगेन्द्र सागर कॉलेज के संचालक उमेश शर्मा, अरिहन्त कॉलेज के प्रशासक आकाश खाण्डेकर आदि उपस्थित रहे।

# पशु मेलों में गौवंश के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाये

### विहिप, बजरंग दल और गौरक्षा व गौ संवर्धन समिति ने ज्ञापन देकर मांग की

नगर प्रतिनिधि ▸▸ मन्दसौर

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व गो रक्षा एवं गोसंवर्धन समिति जिला मंदसौर द्वारा संयुक्त रूप से एक ज्ञापन मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के महामहिम राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन की प्रतिनिधि तहसीलदार को देकर राजस्थान पशु मेले में गोवंश के क्रय विक्रय पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने तथा गोवंश से भरे वाहनों के परिवहन पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की।

दिये गये ज्ञापन में कहा कि इन दिनों आदर्श आचार संहिता पूरे देश भर में लागू है और इस अवसर का फायदा उठाते हुए महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के गौ तस्कर बडी भारी मात्रा में गो तस्करी कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों पूर्व राजस्थान में पशु मेला, शासन द्वारा लगाया गया था, जिसमें तस्कर व्यापारी व कृषक बनकर गाय व बैल खरीदते है तथा परिवहन के माध्यम से राजस्थान से मध्यप्रदेश होकर महाराष्ट्र में ले जाते हैं और गो माता को कत्ल खानों में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते है। जिससे समस्त हिन्दू समाज का मन आहत हो रहा है।

राजस्थान, मध्यप्रदेश के नीमच, मंदसौर, रतलाम और इन्दौर होते हुए यह तस्कर गोवंश को वाहनों में ठूस-ठूस कर भरते हैं तथा उनके खाने पीने की व्यवस्था नहीं कर उन्हें मरने के लिये छोड देते हैं। विगत 28 अप्रैल 2024 को मंदसौर, नीमच एवं इन्दौर जिलों में लगभग 60 से अधिक गोवंश से भरे ट्रक विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस के सहयोग से पकड़े है तथा पुलिस के सुपुर्द किये हैं, जिसमें कई गोवंश घायल हो चुके हैं तथा कुछ गोवंश मर चुके थे।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रवीण मंडलोई, जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी, जिला सहमंत्री प्रतिक व्यास, जिला गोरक्षा प्रमुख अमरदीप कुमावत, नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, नगर सहमंत्री विनोद प्रजापत नगर, बालोपासना प्रमुख मनीष भाटी, प्रदीप मोटवानी, रितेश मात्राना, गौरव गोड़, राकेश राठौर, अजय पाटीदार आदि उपस्थित थे।

### दशपुर योग शिक्षा संस्थान के साधकों ने ली मतदान करने की शपथ

**मन्दसौर।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान के साधकों ने योगभवन में आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और परिवार सदस्यों और इष्टमित्रों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने की शपथ ली। योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने सभी साधको को शपथ दिलाते हुए कहा कि भारत के संविधान द्वारा जो मतदान करने का अधिकार दिया है उस अधिकार को सर्वोपरी कर्तव्य मानकर हर परिस्थिति में दूसरे सारे काम छोड़कर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करे। इस अवसर पर लायंस क्लब गोल्ड अध्यक्ष राजकुमार पारीख द्वारा सेल्फी झोन लगाकर भी साधकों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उपस्थित सभी साधकों ने शत प्रतिशत मतदान हेतु अपनी सहभागिता दर्ज कराने की शपथ ली। इस अवसर पर लोकेन्द्र जैन, जिनेन्द्र उकावत, जितेश फरक्या, प्रीति जैन, विजय पलोड़, राजकुमार अग्रवाल, मनीषा गर्ग, जापानी भावनानी, नीलिमा जैसवानी, शिखा जैन, दिनेश पारिख, महेश सेठिया, ललित वरमंडलवाले, कैलाश रिछावरा, सुभाष पाटीदार, कृष्णा मण्डलोई, अनिता गुप्ता, प्रदीप जैन, गिरवरलाल माली, बंशीलाल, गोपालकृष्ण पलोड़, प्रियंका मिण्डा, आनंद कश्यप, शोंकी कश्यप, शारदा माली, गोपाल पाटीदार, तेजकुंवर पाटीदार, कोमल कोटवानी, कृतिका, पिंकी अरोरा सहित सैकड़ों योग साधक उपस्थित थे।

### सामान्य प्रेक्षक ने ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया

**मन्दसौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मन्दसौर लोकसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अबूबक्कर सिद्दीकी पी. ने पीजी कॉलेज पहुँच कर ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कर ईवीएम कमिशनिंग सहित निर्वाचन संबंधी सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीजी कॉलेज में विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्रांग रूम परिसर में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम कमिशनिंग का कार्य किया गया। कमीशनिंग कार्य के तहत हर मशीन पर नोटा सहित लोकसभा का चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों के हिसाब से मत पत्र लगाने का काम किया गया है। साथ ही बैटरी लगाकर प्रत्याशियों एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉकपोल (दिखावटी मतदान) भी कराया गया। इसके अलावा अन्य ईवीएम में भी नोटा सहित सभी बटन एक-एक बार दबाकर मॉकपोल किया गया है। इसके बाद मशीन का सभी डाटा क्लीयर कर मशीन को स्विच ऑफ कर दिया गया है। मतदान के लिये पूर्णतच तैयार सभी ईवीएम विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्रॉंग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गईं हैं।

### बड़े बालाजी मंदिर पर आज भण्डारा, भट्टी पूजन हुआ

**मन्दसौर।** पुराना बस स्टेण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के तहत आज 5 मई, रविवार को विशाल भण्डारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। आज प्रातः 10.30 बजे कन्या पूजन के पश्चात भंडारा शुरू होगा जो सायं 4 बजे तक चलेगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। शनिवार को प्रसाद बनाने के लिये भट्टी का पूजन विधि विधान से पूज्य गुरुदेव राजेश शर्मा एवं यज्ञाचार्य पं. विष्णु शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। भण्डारे को लेकर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर आयोजन समिति के पं. दिलीप शर्मा, विनय दुबेला, नरेश चंदवानी, महेन्द्रसिंह सिसौदिया, लोकेन्द्रसिंह हैप्पी बना, रवि ग्वाला उपस्थित थे।

### जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ

**मन्दसौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शनिवार को जिला न्यायालय परिसर, मंदसौर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती रेणुका कंचन द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।श्रीमती कंचन ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान किये जाने के संबंध में आमजन में कई भ्रांतियां व्याप्त है, जबकि रक्तदान करना रक्तदाता एवं समाज दोनो के लिये उपयोगी है। शिविर में न्यायाधीश श्री आसिफ अब्दुल्लाह, विशाल शर्मा, श्री सुरेश सिंह जमरा, व्यवहार न्यायाधीश काशिश माटा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रवीण कुमार द्वारा रक्तदान किया गया। साथ ही अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं अन्य द्वारा भी स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। इस दौरान रक्तदान करने वालों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। प्राधिकरण सचिव सिद्धार्थ तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

### शराब बेचने वाले आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख रू. जुर्माना

**मन्दसौर।** न्यायालय श्री प्रेमदीप सांकला, न्यायिक मजिस्ट्रेट मंदसौर द्वारा आरोपी विवेक पिता राजेश चौधरी निवासी प्रेम कॉलोनी मंदसौर को जहरीली हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने के आरोप में 2 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये जुमार्ने से दण्डित किया गया।अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी बलराम सौलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि 14 नवम्बर 2022 को पुलिस ने 500 क्वार्टर टिगरिया के पीछे खाली प्लाट पर पहुंचकर आरोपी विवेक चौधरी से सफेद कैन से आरोपी से उक्त शराब जप्त की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 49 (ए) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया तथा अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## महाजनसंपर्क अभियान को लेकर भाजपा पूर्व विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों मे की बैठक

**सुसनेर।** लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा के 2 मई से महासंपर्क अभियान की शुरूआत हो गई है। शुक्रवार को पूर्व विधायक विक्रम सिँह राणा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र चाँपाखेड़ा, पलडिया, परसुला, चौमा, उमरिया आदि गांव मे बैठक कर कार्यकर्ताओ के साथ घर-घर पहुंचकर संपर्क किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सजन सिँह कलारिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, प्रेम सिँह सिसोदिया देहरिया सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुष्टिमार्ग के जनक परम पूजनीय वल्लभाचार्य जी का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया

**खिलचीपुर।** अखंड भूमंडलाचार्य मदाआचार्य पुष्टिमार्ग के जनकहे जाने वाले श्रीमद वल्लभ आचार्य जी का प्रकट उत्सव नगर में प्रातः प्रभात फेरी के साथ प्रारंभ होकर संध्या को सर्वोत्तम पाठ एवं सत्संग के साथ मनाया गया। प्रातः प्रभात फेरी कल्याण राय जीके मंदिर से प्रारंभ होकर पटवा बाजार पिपली बाजार सराफा बाजार सुभाष चौक तोपखाना दरवाजा से से गोवर्धन चौक स्थित गोवर्धन नाथ जी के मंदिर पर मंगला आरती एवं प्रसाद चरण के उपरांत राजमहल होते हुए कल्याण राय जी के मंदिर पर मंगला आरती एवं प्रसाद वितरण के उपरांत समापन हुआ। प्रभात फेरी का संचालन खिलचीपुर परिषद के अध्यक्ष श्री विट्ठल दास चौधरी द्वारा किया गया। नगर की तीनों पुष्टिमार्ग की हवेलीयो श्रीनाथजी मंदिरतालाब कल्याणरायजीमंदिर राजमहल परिसर श्री गोवर्धन नाथ जी मंदिर गोवर्धन चौक में पुष्टिमार्गीय वैष्णवन ने इस अवसर पर प्रातः काल मंगला आरती एवं दोपहर में तिलक दर्शन का ऐवं प्रसादलाभ लिया।

## जागरूकता समूह के सदस्यों ने रैली निकाली शपथ दिलाकर किया प्रेरित

**शुजालपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ग्राम पंचायत उगली, जेठडा, टिटवास एवं मोहम्मदखेडा में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कलस्टर लेवल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों के बीएलओ, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाडी कार्यकर्ता आदि सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर सामूहिक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए ग्रामीणों आदि को शपथ दिलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## अभिभाषक संघ अध्यक्ष आचार्य को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया

**बड़नगर।** बड़नगर अभिभाषक संघ अध्यक्ष पद निर्वाचन वर्ष 2024-2025 के चुनावो में निर्वाचित अभिभाषक जयेश आचार्य को निर्वाचन समिति के द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र शुक्रवार को प्रदान किया गया। उक्त गरिमामय कार्यक्रम प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश दीपेश तिवारी, अपर जिला सत्र न्यायाधीश रामविलास गुप्ता, न्यायाधीशगण गौरव चौरसिया, रिचा गोयल, सोनम गुप्ता, सोनम डेहरिया, जिला पंजीयक कुशाग्र अग्रवाल की उपस्थित थे। कार्यकम की शुरूआत में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश दीपेश तिवारी, न्यायाधीशगण एवम नव निर्वाचित अध्यक्ष जयेश आचार्य के द्वारा के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। स्वागत भाषण अभिभाषक मथुरालाल यादव के द्वारा दिया गया। इसके बाद कार्यक्रम को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश दीपेश तिवारी जिला सत्र न्यायाधीश रामविलास गुप्ता नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयेश आचार्य के द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में न्यायालय कर्मचारीगण व अभिभाषक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक जयप्रकाश त्रिवेदी के द्वारा किया गया। अंत में उपस्थितजन के प्रति आभार अभिभाषक विजय बहादुर सिंह राठौर के द्वारा व्यक्त किया गया।

## पिंजरे का पंछी उड़े, उससे पहले तुम जाग जाओ- पं. अजय शास्त्री

**देवास।** खबर नहीं पल की तो बात मत करो कल की, क्योंकि कब बुलावा आ जाए पता नहीं चलेगा। इसलिए बुढ़ापे में भक्ति करने का विचार छोड़ दो। भक्ति करना है तो जवानी रहते ही कर लो, क्योंकि पल भर की खबर नहीं कब मौत दरवाजा खटखटा दे। भक्ति करने का कोई समय निश्चित नहीं है। पिंजरे का पंछी उड़ जाए उससे पहले संभल जाओ। उससे पहले जाग जाओ। यह विचार भवानी सागर में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन व्यासपीठ से पं. अजय शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा ना तो हमारे हाथ में जीवन है और न मृत्यु है। बुलावा राम का कभी भी आ सकता है।

# विभाग की अनदेखी: सड़क किनारे रोपे गए पौधे सूखे, ट्री-गार्ड भी हो गए क्षतिग्रस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सड़क निर्माण करते समय छायादार हरे भरे पेडों को विकास के नाम पर काट कर अलग कर दिए जाते है। इन काटे गए पेडों के एवज में सडक निर्माण होने के बाद नए सिरे से छायादार पौधे लगाने का कार्य अवश्य किया जाता है वह नाम मात्र का होता है। वही नए पौधे पनप ही नहीं पाते हैं और वह देख-रेख के अभाव में दम तोड देते हैं और उनकी सुरक्षा में बनाए गए ईंट के ट्री गार्ड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

सरकारी और गैर सरकारी संस्था पौधारोपण को लेकर मुहिम तो छेडती है लेकिन उनके द्वारा लगाए गए पौधो की देखरेख संस्थाएं नहीं कर पाती है। इसी का एक उदाहरण है सारंगपुर में बिलोदा बायपास के करीब पुराने एबी रोड पर करीब दो से ढाई वर्ष पूर्व नपा द्वारा रोपित पौधों की यही स्थिति देखने मिल रही है। यहां पर करीब तीन दर्जन से से भी

अधिक तादाद में सड़क किनारे दोनों ओर छायादार व फलदार पौधे रोपित करने का कार्य नगरपालिका प्रशासन ने हजारों रुपये खर्च कर दिया गया था। इन पौधों की सुरक्षा के लिए सीमेंटेड ट्री गार्ड लगाने का कार्य किया गया था। अधिकांश ट्री गार्ड धराशायी हो गए हैं। वहीं उनके अंदर के पौधों में पानी न मिलने से और ट्री-गार्ड छोटे होने से पशु की चपेट में आने से सूखकर दम तोड़ चुके है। जिस मकसद से उक्त सड़क किनारे पौधे रोपित करके उनकी सुरक्षा में राशि खर्च की गई थी। वह पूरी तरह से पानी में बह गई है। यदि इन पौधों की कुछ समय तक देख-रेख की जाती तो रोपित किए गए पौधे पनप कर बडे हो जाते। इस संबंध में हमने पर्यावरण प्रेमी एनके सोनी एवं एलएन त्रिकार से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि पौधो को रोपित करने के बाद उनकी देखरेख सबसे ज्यादा जरुरी है। बायपास के पास पुराने एबी रोड पर लगाए गए पौधे के ट्री-गार्ड अपेक्षाकृत लंबाई में छोटे थे इसके कारण इनमें लगे पौधे बड़े नहीं हो पा रहे है क्योंकि सीमेंट की जाली से पौधो के बाहर निकलने पर पशु इन्हें खा जाते है और वह बड़े नहीं हो पाते है। पर्यावरण प्रेमी दल ने इनमें से कई पौधो की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड के ऊपर कांटे दार लकडियां रखकर उन्हें सुरक्षित करने का प्रयास किया है।

**बोले जिम्मेदार**

नपा द्वारा बायपास के पास पुराने एबी रोड किनारे लगाए गए पौधो की स्थिति दिखवाते है। उन्हें सुरक्षित करवाया जाएगा।

**एलएस डोडिया, सीएमओं, सारंगपुर।**

### लोकसभा चुनाव : मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद

# चले बूथ की ओर अभियान का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रुनिजा

अभी तक हुए लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने के चलते निर्वाचन आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है तथा उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल ने अपने पत्र क्रमांक 7270 के द्वारा समस्त कलेक्टर और निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों निर्देशित किया है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चले बूथ की ओर चलाया जाए और इसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

इसी के अंतर्गत कार्यालय कलेक्टर जिला निर्वाचन के आदेश अनुसार बड़नगर तहसील में 1 मई से लगाकर 7 एवं 8 मई 2024 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए जिसके अंतर्गत 1 में से 7 में तक पंचकोशी यात्रा पड़ाव स्थलों पर नाटक का मंचन कला पथक दलों के द्वारा प्रत्येक पड़ाव स्थल पर सयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग

द्वारा ,2 मई को समस्त विद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान करने की अपील हेतु जूम मीटिंग का आयोजन शिक्षा विभाग के द्वारा । तथा 3 मई को रंगोली प्रतियोगिता व 4 मई को मेहंदी प्रतियोगिता प्रत्येक मतदान केंद्र पर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा , 5 एव 6 मई को मतदाता जागरूकता रैली मतदान केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , स्वसहायता समूह, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता ,जन अभियान के परिषद के लोग शामिल होंगे। इसी प्रकार से 7 एवं 8 मई को चलो बुध की ओर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिसमें घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण के साथ पीले चावल देकर मतदान करने की अपील करना । इसी कड़ी 3 मई को महिला बाल विकास विभाग परियोजना बड़नगर के परियोजना अधिकारी अशोक सिह परिहार के निर्देश पर रुनीजा सेक्टर के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर मतदान करने की शपथ ली गई।

## महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद व श्राप दोनों नहीं देता- धामेश्वरी देवी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

श्री राधा गोविंद धाम गणेश मंदिर राजाराम नगर में 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला में धामेश्वरी देवी ने बताया कि उस ईश्वर तत्व को जानने के लिए श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है। उनकी शरणागत होकर सेवापूर्वक जिज्ञासु बनकर ही परमतत्व का ज्ञान प्राप्त हो सकता है। ग्रंथों एवं लोक में भी तीन शब्द पढ?-सुनने में आते हैं- एक पुरुष, दूसरा महापुरुष, तीसरा परमपुरुष। जिस पुरुष या जीवात्मा ने परमपुरुष या परमात्मा को जान लिया, देख लिया, उसमें प्रविष्ट हो चुका हो, वही महापुरुष या महात्मा है। भावार्थ यह कि ईश्वर-प्राप्त जीव को ही महापुरुष कहते हैं। उन्होंने कहा दो प्रकार के महापुरुष प्राप्त होते हैं। पहला जिन्हें ईश्वर का वास्तविक ज्ञान, दर्शन आदि अनुभव हो एवं बाहर भी उसी रूप में दिखते हो। ऐसे महापुरुष को पहचानना सरल है। दूसरे महापुरुष भीतर से तो वास्तव में ही महापुरुष होते हैं किंतु बाह्य व्यवहार में सांसारिक से दिखते हैं। ऐसे महापुरुष को पहचाना अति कठिन होता है। जो महापुरुष अनादिकाल से मायातीत ही रहे, कभी मायाधीन नहीं थे। उन्हें ईश्वर का परिकर, पार्षद आदि कहते हैं।

### भाजपा नेता इमरती देवी के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रुनिजा

विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्र में चुनाव प्रचार का स्तर इतना गिर जाएगा यह किसी ने सोचा भी नही होगा ।लेकिन आज विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्र में यह सब हो रहा। किसी न किसी पार्टी के नेता का किसी भी व्यक्ति या महिला को लेकर ऐसा बयान आ जाता कि उसको इतना विरोध होने लगता है। नोबत पुतला जलाने तक आ जाती है ।ऐसी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वरा महिला भाजपा नेता इमरती देवी के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने पर रुनीजा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया के समर्थन जन सम्पर्क करने आई सयुक्त महिला मोर्चा द्वारा

रुनीजा पिपली चौक चौराहे पर जीतू पटवारी मुदार्बाद के नारे लगाते हुए पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर चित्रा थाकले, लोकसभा महिला मोर्चा प्रभारी तथा वर्तमानजिला महिला मोर्चा अध्यक्ष उषा सोनी ,श्रीमती साधना जैन भूतपूर्व अध्यक्ष जिला महिला मोर्चा तथा वर्तमान बड़नगर विधानसभा प्रभारी ,मधु शोभावत महिला मोर्चा प्रभारी जिला मंत्री श्रीमती लता अग्रवाल जमुना यादव जिला प्रभारी , जनपद सदस्य सुनील यादव , रोनक जैन , भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयराज सिह चिरोला बना ,गजनी खेड़ी सरपंच कौटिल्य सिंह जी राठौड़ माधवपुर सरपंच सत्यनारायण नागर ,रुनीजा सरपंच ज्योति मइड़ा , राजू मिश्रा , नीलेश राठी, सूरज नागर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वर्तमान में भाजपा के कब्जे में राजगढ़ संसदीय सीट

# क्या दिग्विजयसिंह के अभेदगढ़ को प्रधानमंत्री मोदी लहर के सहारे भेद पाएगी भाजपा ?

## दो बार की हार के बाद दिग्विजय दिला पाएगें कांग्रेस को जीत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

लोकसभा चुनाव में राजगढ संसदीय क्षेत्र पर इस बार भाजपा कांग्रेस के बीच कडे मुकाबले की उम्मीद है। भाजपा मोदी लहर व दस सालों में अपनी सरकार की योजनाओं की उपलब्धी के भरोसे चुनावी मैदान में है तो वही दूसरी और कांग्रेस प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के कद्दावर नेता दिग्विजय सिंह के भरोसो 2014,2019 में अपने हाथ से छूटे अपने अभेद गढ को वापस पाने की भरसक कौशिश में लगी है। इस कौशिश में कांग्रेस मुख्यमंत्री रहते हुवें दिग्विजय सिंह के कार्यो के भरोसे पर चुनाव मैदान नजर आ रही है। इस संसदीय सीट पर 1692989 मतदाता है।

मतदान को अब मात्र 4 दिन शेष है, ऐसे में दोनो ही पार्टी अपनी पूरी ताकत झोक रही है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा इस बार 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। यह क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का गढ है। यहां लम्बे समय से दिग्विजय सिंह का प्रभाव रहा है, किंतु मोदी लहर के चलते खुद दिग्विजय सिंह का सिहासन डगमग डोलता नजर आ रहा है। पिछले दो चुनाव में हार से सबक लेकर कांग्रेस ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। राजनैतिक पंडितो के अनुसार राधोगढ और चाचौडा को छोडकर पूर्व मुख्यमंत्री का वर्चस्व अब पहले जैसा नजर नही आता है। इस बार भी चुनाव में मुकाबला मोदी की लहर व कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह के बीच है। भाजपा ने वर्तमान सांसद एवं राजगढ़ के संघ के पूर्व जिला कार्यवाह रोडमल नागर को तीसरी बार मैदान में उतारा है। भाजपा ने धाकड समाज तो कांग्रेस का राजपूत समाज के उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस परंम्परागत वोट मुस्लिम, दलित के अलावा राजपूत समाज के वोट पर अपनी नजर गढऐ हुवे है। भाजपा उम्मीदवार मोदी लहर एवं संघ साथ के भरोसे है।

इस संसदीय क्षेत्र में राधोगढ, चाचौडा, व्यावरा, राजगढ, नरसिंहगढ, सारंगपुर, खिलचीपुर और सुसनेर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। वर्ष 2009 में विधानसभा चुनाव में

दिग्विजयसिंह

रोडमल नागर

सुसनेर,नरसिंहगढ, तथा सारंगपुर सीट पर भाजपा ने जीती थी तथा राधोगढ,चाचौडा,खिलचीपुर, ब्यावरा व राजगढ विधानसभा की सीटो कांग्रेस के कब्जे में थी । 2014 में राधोगढ और नरसिंहगढ में कांग्रेस का कब्जा था बाकी भाजपा के पास थी किन्तु इस बार गणित कुछ अलग है। राधोगढ और सुसनेर पर कांग्रेस का कब्जा है बाकी शेष बची सीटों पर भाजपा के विधायक है, राजगढ संसदीय क्षेत्र में हार जीत का आधार काफी हद तक जातिगत गणित पर भी निर्भर है। इस लोकसभा क्षेत्र में ब्रहम्ण और सौधिया समाज के मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक है,किंतु इस बार प्रमुख पाटीर्यों ने दोनो ही समाज से उम्मीदवार नही बनाया है।

**क्या कांग्रेस दोहरा पाएगी 2009 का इतिहास**

आजादी के बाद से अभी तक हुवे लोकसभा के चुनाव में सुसनेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस को कभी भी बढत नही मिली थी सुसनेर विधानसभा चाहे शाजापुर देवास या राजगढ में शामिल रहा हो, हमेशा लोकसभा में दुसरो दलो को ही बढत मिली है। 1984 की इन्दिरा लहर में भी कांग्रेस लोकसभा के चुनाव में बढत नही बना पाई थी। 2004 के लोकसभा चुनाव में जब सुसनेर विधानसभा शाजापुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा थी तब भाजपा को लगभग 22 हजार की बढत मिली थी किंतु वर्ष 2009 में हुवे चुनाव में कांग्रेस ने अभी तक के रिकार्ड को तोडते हुवे पहली बार लोकसभा के लिऐ सुसनेर विधानसभा से निर्णायक बढत हासिल कर पाई थी। 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने सुसनेर से 6 हजार 894 मतो की बढत प्राप्त की थी। किन्तु 2014 एवं 2019 के लोकसभा चनाव में चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस को हार का सामना करना पडा था। सुसनेर विधानसभा क्षैत्र पाटीदार एवं सौधिया बहुल्य क्षैत्र है दोनो ही समाज भाजपा समर्थित रही है ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एक बार फिर कांग्रेस वर्ष 2009 के इतिहास को दोहरा पाएगी। इस बात को लेकर संचय की स्थिती है।

## समर कैम्प में नृत्य तथा आर्ट गतिविधि सीख रहे बच्चें

**शुजालपुर।** मां शारदा सीएम राईज विद्यालय में शासन की योजना अनुसार ग्रीष्मकॉलीन अवकाश के चलते समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ उप प्राचार्य मुकेश नेमा एवं माध्यमिक विभाग प्रभारी पी एस राठौड के सानिध्य में हुआ। बताया जाता है कि इस समर कैंप में तीन विधाओं के अंदर 83 बच्चों का पंजीयन हुआ है, इसमें नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा खेल गतिविधियां शामिल है। शिक्षक अनिल विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन 3 घंटे पंजीकृत बच्चों को इन विधाओं के अंतर्गत रुचिकर विषयों पर न केवल मार्गदर्शन दिया जाएगा बल्कि उन्हें प्रायोगिक तौर पर सिखाया भी जाएगा।

## आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर 5 प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग दल और पुलिस चौकी नेवरी की संयुक्त टीम द्वारा वृत्त बागली (ब) में कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 150 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 5 हजार किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में कुल 5 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)(क) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 5 लाख 30 हजार रूपए है।

## आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर 2 प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग एवं एफएसटी दल वृत्त देवास (ब) में मुखबिर सूचना पर कार्यवाही कर 105 पाव विदेशी मदिरा, 17 केन बीयर एवं 85 पाव देशी मदिरा के बरामद की। कार्यवाही में एक बिना नंबर की स्कूटर की डिक्की से 8 बॉटल विदेशी मदिरा बरामद भी बरामद की गई। कार्यवाही में अज्ञात/फरार व्यक्तियों के विरुद्ध 2 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गए। जप्त मदिरा एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 5 हजार 150 रुपए है।

## चामुण्डा धाम गजनीखेड़ी जी पी एल 2 क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारम्भ

**रुनिजा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम गजनीखेड़ी में GPL 2 (गजनीखेड़ी प्रीमियर लीग) क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम गजनीखेड़ी की युवा टीम द्वारा किया जाता है । काफी लंबे इंतजार के बाद फौज के पड़ाव मैदान पर बने स्टेडियम में क्रिकेट प्रेमी प्रयियोगिता में होने वाले मैचों का आनन्द लगे। उक्त आयोजन के बारे जानकारी देते हुए राजेन्द्र भाबोर ने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 मई से प्रारंभ होकर 14 मई तक चलेगी । 3 मई को प्रतियोगिता शुभारंभ गजनीखेड़ी सरपंच प्रतिनिधि कोटिल्य सिंह राठौर,जनपद सदस्य सुनील यादव, राजसिंह राठौर राज बना ,पूर्व सरपंच श्याम माली, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जीवन डोडिया ,पूर्व सरपंच राजेश मिश्रा ने किया। इस प्रतियोगिता के लिए 9 टीम मालिकों द्वारा कुल 109 खिलाड़ियों को बोली लगाकर खरीदा गया ।प्रत्येक टीम मालिक को 1 लाख प्वाइंट की राशि दी गई थी । जिसमें खिलाड़ियों को खरीदना था प्रत्येक टीम द्वारा 11 से लेकर 13 खिलाड़ी को खरीदा गया ।

## आनंद योग मित्र मंडल मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को करेगा जागरूक

**सुसनेर।** 7 मई को राजगढ़ संसदीय क्षेत्र मे लोकसभा चुनाव को लेकर आज शनिवार को आनंद योग मित्र मंडल द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार आज शाम 6 बजे स्टेक बैंक चौराहे पर एकत्रित होंगे जिसके बाद लोहार दरवाजा से पालिका बाजार तक मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओ को जागरूक किया जाएगा।

इंडिया गठबंधन की नोटा पर राय साफ नही

# इंदौर में बिन प्रत्याशी के अब नोटा की मुहिम हुई तेज, कांग्रेस करेगी प्रचार

इंदौर। इंदौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के अनुसार स्वतंत्रता के बाद से अब तक कांग्रेस इतने बुरे दौर से शायद ही कभी गुजरना पड़ा, जब चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के नेता तैयार नहीं हैं। इस लोकसभा चुनाव के लिए खंडवा, धार, इंदौर और देवास लोकसभा क्षेत्रों में आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं ने चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रह चुके अरुण यादव जैसे नेता भी आगे नहीं आए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के गृह नगर इंदौर से भी अग्रिम पक्ति के नेताओं ने पहले ही चुनाव लड़ने से किनारा कर लिया था। किसी तरह अक्षय कांति बम जैसे नए नेता को तैयार भी किया, तो वे भी नाम वापसी के अंतिम दिन अपना नाम वापस लेकर भाजपाई हो गए। अधिकृत उम्मीदवार के इस तरह साथ छोड़ने से कांग्रेस की जो फजीहत हुई, उसने प्रदेश भर के कांग्रेस कार्यकताओं का मनोबल बुरी तरह तोड़ दिया।

मालवा-निमाड़ की जिन आदिवासी बहुल सीटों पर कांग्रेस खुद को मुकाबले में मान कर चल रही थी, वहां भी एक के बाद एक नेताओं के




पार्टी छोड़ने से कार्यकताओं में निराशा है। झाबुआ में युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य विजय भाबोर, जिला पंचायत सदस्य ममता हटीला, आलीराजपुर कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव सुरपाल अजनार, सोंडवा जनपद पंचायत अध्यक्ष रेवली गरासिया, उदयगढ़ क्षेत्र के नेता कमरू अजनार के पार्टी छोड़ने से हतप्रभ नेता स्थिति संभालते, उसके पहले ही धार से पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया।

यही नहीं, इंदौर में संजय शुक्ला और विशाल पटेल जैसे पूर्व विधायकों के साथ ही महू के अंतर सिंह दरबार भी कांग्रेस को झटका दे गए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ऐलान किया कि इंदौर में कांग्रेस नोटा बटन के लिए प्रचार करेंगी। इस संबंध में इंडिया गठबंधन के इंदौर में सक्रिय दलों से भी चर्चा हुई लेकिन अभी तक फैसला नहीं हो सका। कांग्रेस की एक समस्या यह भी है की नोटा के प्रचार का खर्चा कौन उठाएगा।

जीतू पटवारी चाहते हैं कि नोटा का प्रचार भी वैसे ही किया जाए जैसे प्रत्याशी खड़ा होने पर किया जाता है। सवाल यह है कि प्रचार खर्च करने की मानसिकता में कोई भी कांग्रेसी नहीं है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव पर वैसे ही निष्क्रियता के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में नोटा का प्रचार कांग्रेस कैसे करेगी? इस बीच कांग्रेस में नोटा के पक्ष में अपील करने न करने पर भी असमंजस की स्थिति दिख रही है। कई वरिष्ठ नेता जहां नोटा का बटन दबाने की अपील के साथ जनता के बीच जाने की योजना बना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई वरिष्ठ नेता इससे सहमत नहीं हैं।

इन नेताओं का कहना है कि मालवा-निमाड़ के आसपास की सीटों पर इंदौर के नेताओं और कार्यकताओं को कांग्रेस का काम करने के लिए निकल जाना चाहिए। नोटा के समर्थन में ऊर्जा और समय बर्बाद करने से लाभ कुछ नहीं होगा। बेहतर है कि अन्य उम्मीदवारों के लिए काम कर लिया जाए।

नीतीश कुमार ने नाम लिए बिना कहा...

# किसी के बहकावे में न आएं, विकास को चुनकर एनडीए को करें मजबूत

**मुंगेर/समस्तीपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि देश के साथ-साथ राज्य विकसित हुआ है। वहीं, उन्होंने तेजस्वी पर तंज कसा कि कुछ लोग समाज में विद्वेष फैलाकर राज करने की कोशिश में लगे रहते हैं। उन्होंने 2005 से पहले के बिहार की याद दिला तेजस्वी पर राजनीतिक प्रहार भी किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर अन्य बदलाव की चर्चा की। दरअसल, नीतीश कुमार शनिवार को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से राजग प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के लिए जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के खंड बिहारी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

राजद पर हमलावर होते हुए कुमार ने कहा कि विपक्ष ने हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा कराया। मुस्लिम लोग के वोट के चक्कर में रहता है। हमने कब्रिस्तान की घेराबंदी की। 60 वर्ष पुराने मंदिरों की घेराबंदी करेंगे। पहले क्या था, उसको वोट दीजिएगा? काम हम लोग करते हैं। 15 वर्षों में जो हुआ है, वह आप भी जानते हैं। जात के आधार पर नहीं काम के आधार पर वोट करें। उन्होंने कहा कि राजद ने परिवार को देखा है। मुंगेर से जिसने उम्मीदवार बनाया है, उसके बारे में मालूम ही है। आप लोग अपना वोट बर्बाद न करें।

नीतीश ने कहा कि पहले भी उनकी सरकार ने आठ लाख सरकारी नौकरी दी है। 10 लाख लक्ष्य के खिलाफ चार लाख लोगों को नौकरी दे दी है, शेष प्रक्रिया में है। शुरू से न्याय के साथ विकास के हिमायती रहे हैं। यही कारण है कि पंचायत और नगर निकाय में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। लड़कियों की पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित की। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं की समृद्धि की कहानी 2006 में गढ़ी। मुख्यमंत्री

नीतीश कुमार ने प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए बिहार की सभी 40 सीटें जिताने की अपील की। साथ ही एनडीए को 400 से भी ज्यादा सीटें मिलने की उम्मीद जताते हुए भीड़ से हाथ उठाकर स्थानीय प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह को भरपूर समर्थन देने का भरोसा लिया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को समस्तीपुर जिले के उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के नरहर में एनडीए प्रत्याशी नित्यानंद राय के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं के लिए किए गए कार्य को एक-एक कर गिनाया। नीतीश कुमार ने कहा कि अब बिहार में भय और डर का वातावरण नहीं है। महिलाएं शाम के बाद भी घर से निकल रही हैं। बालिका शिक्षा के लिए आगे बढ़ कर काम किया गया। साइकिल योजना लागू की गई, जिससे लड़कियां घर से निकल कर आसानी से स्कूल जाने लगीं। शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ।

## 'दिक्कत आपके साथ है', रायबरेली से भी हारेंगे राहुल गांधी-शाह

**गांधीनगर।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल, रायबरेली लोकसभा सीट से भी हारेंगे। राहुल गांधी केरल की वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। गुजरात के छोटा उदयपुर जिले के बोडेली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। जब वे अमेठी से हारे तो वे वायनाड गए। अब उन्हें पता चल गया है कि वे इस बार वायनाड से भी हारेंगे तो वे अमेठी की बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 'राहुल बाबा, मेरी सलाह मानिए, दिक्कत आपके साथ है न कि सीट के साथ। आप रायबरेली से भी हारेंगे और वो भी बड़े अंतर से। अगर आप भाग भी जाएंगे तो लोग आपको ढूंढ लेंगे।' उन्होंने कहा राहुल बाबा एंड कंपनी झूठ फैला रहे हैं कि पीएम मोदी अगर जीते तो आरक्षण खत्म कर देंगे। अमित शाह ने कहा कि 'राहुल बाबा, पीएम मोदी के पास 2014 और 2019 में भी पूर्ण बहुमत था, लेकिन उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण को कभी हाथ नहीं लगाया।

प्रियंका ने पीएम को 'शहजादे' का जवाब दिया

## प्रधानमंत्री को बताया शहंशाह; महंगाई-रोजगार पर तीखे सवाल

**बनासकांठा।** लोकसभा चुनाव के बीच सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा है कि पीएम मोदी ऐसे शहंशाह हैं, जो खुद महल में रहते हैं लेकिन जनता के दुख से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। गुजरात के बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा ह्यपीएम मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं लेकिन इस शहजादे ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों की समस्या सुनने के लिए चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस दौरान वह किसानों और मजदूरों से मिले और उनकी समस्याओं के समाधान पर बातचीत की।

इससे पहले गुजरात में ही एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत का अगला प्रधानमंत्री शहजादे को बनाया जाए। इसके जवाब में प्रियंका ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं और बात पाकिस्तान की हो रही है, देश के प्रधानमंत्री द्वारा निचले स्तर की राजनीति की जा रही है। प्रियंका ने कहा कि शहंशाह मोदी महलों में रहते हैं, तो वह कैसे जनता की परेशानियों को समझेंगे? पीएम नहीं समझ सकते कि जनता मंहगाई के बोझ तले दबी हुई है।

प्रियंका ने कहा कि भाजपा नेता दावा करते हैं कि अगर उनकी सरकार फिर से सत्ता में आई तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। जब वह संविधान बदलने की बात कर रहे हैं, तो इससे साफ है कि वह जनता को दिए गए अधिकारों को खत्म कर देंगे। प्रियंका ने आगे कहा कि अगर आप मोदी सरकार के पिछले कामकाज पर नजर डालेंगे तो साफ पता चल जाएगा कि उन्होंने जनता को दिए गए संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में समानता की बात कही गई गई है लेकिन प्रधानमंत्री खुद कहते हैं कि समानता के लिए लड़ने वाले लोग संविधान विरोधी हैं।

वेंकटेश का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के खिलाफ काफी शानदार रहा है। 2021 से अब तक वेंकटेश इस टीम के खिलाफ पांच पारियों में 80 के औसत से 320 रन बना चुके हैं। इस दौरान वेंकटेश का स्ट्राइक रेट 161.61 का रहा है।

# पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक और एक शतक

कुछ ऐसा है मुंबई के खिलाफ वेंकटेश का रिकॉर्ड

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मध्यक्रम के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ विपरीत परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी की जिससे टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। वेंकटेश ने 52 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 70 रनों की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान मनीष पांडे के साथ छठे विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी की। वेंकटेश का बल्ला मुंबई के खिलाफ जमकर चलता है और पिछली पांच पारियों में उन्होंने पांच बार की चैंपियन इस टीम के खिलाफ जमकर रन बटोरे हैं।

### मुंबई के खिलाफ पांच पारियों में 300 से अधिक रन बना चुके हैं वेंकटेश

वेंकटेश का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के खिलाफ काफी शानदार रहा है। 2021 से अब तक वेंकटेश इस टीम के खिलाफ पांच पारियों में 80 के औसत से 320 रन बना चुके हैं। इस दौरान वेंकटेश का स्ट्राइक रेट 161.61 का रहा है। वेंकटेश ने मुंबई के खिलाफ खेली पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक और एक शतक जड़े हैं। वेंकटेश ने पिछले साल मुंबई के खिलाफ ही 104 रन बनाए थे। वह ब्रैंडन मैकुलम के बाद केकेआर के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे। वेंकटेश की शानदार पारी और मिचेल स्टार्क की बेहतर गेंदबाजी के दम पर केकेआर ने करीब 12 साल बाद मुंबई को वानखेड़े स्टेडियम पर हराया था। इससे पहले केकेआर ने मुंबई को उसके होम ग्राउंड पर 2012 में मात दी थी।

मुंबई इंडियंस का सफर भले ही आईपीएल के मौजूदा सीजन में बेहतर नहीं रहा है, लेकिन उसके तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी गेंदबाजी से कहर बरपा रहे हैं। उन्होंने केकेआर के भी यह प्रदर्शन जारी रखा और तीन विकेट झटके। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा बार तीन या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने जमकर किया अभ्यास

### पंजाब के नाम दर्ज है धर्मशाला में सबसे बड़ी जीत

किंग्स इलेवन पंजाब की टीम के नाम अपने दूसरे होम ग्राउंड धर्मशाला में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड दर्ज है। 2011 में आरसीबी के खिलाफ खेले गए इस मैच में किंग्स इलेवन पंजाब ने दो विकेट पर 232 रन की पारी खेली, जबकि जवाब में उतरी आरसीबी की पूरी टीम 17 ओवर में 121 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी।

**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आईपीएल मैच से पहले शनिवार दोपहर को पंजाब किंग्स की टीम अभ्यास के लिए मैदान में उतरी। इस दौरान खिलाड़ियों ने नेट पर पसीना खूब बहाया। जबकि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम शाम 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक अभ्यास करेगी। धर्मशाला में दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अहम होगा।

धर्मशाला के मैदान में पंजाब किंग्स को जीत से ज्यादा हार मिली है। धर्मशाला स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने 11 मैच खेले हैं। जिसमें छह में उसे हार, जबकि पांच में उसने जीत का स्वाद चखा है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स की टीम के पास 111 रन से किसी टीम को मात देने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। वहीं, पिछले वर्ष पंजाब ने धर्मशाला में दो मैच खेले थे, जिसमें टीम को दोनों ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

**चेन्नई सुपर किंग्स की टीम:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिशेल, मोइन अली, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीशा पथिराना, समीर रिजवी, शार्दुल ठाकुर, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह, आरएस हैंगरगेकर, महेश थीक्षाना, निशांत सिंधु, अरवेल्ली अवनीश और रिचर्ड ग्लीसन।

**पंजाब किंग्स की टीम:** शिखर धवन (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो, रिले रोसौव, शशांक सिंह, आशुतोष शर्मा, हरप्रीत बराड़, हर्षल पटेल, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह, ऋषि धवन, विधाथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, प्रिंस चौधरी, विश्वनाथ सिंह, नाथन एलिस, अथर्व तायड़े, तनय त्यागराजन, लियाम लिविंगस्टोन, क्रिस वोक्स, हरप्रीत सिंह भाटिया और सैम कुरेन।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम पर फूटा मिचेल स्टार्क का गुस्सा

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर बड़ी बात कही है। स्टार्क का कहना है कि इस नियम से गेंदबाजों के आंकड़े पर प्रभाव पड़ रहा है। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। मुंबई के खिलाफ मैच को छोड़ दें तो वह अब तक संघर्ष करते ही दिखे थे। तीन बार ऐसा हुआ है जब स्टार्क ने 50 या उससे अधिक रन खर्च किए हैं।

केकेआर और मुंबई के बीच शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम खेले गए मैच में स्टार्क ने 33 रन देकर चार विकेट लिए और अपनी टीम को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। केकेआर ने इस मुकाबले को 24 रनों से जीता। केकेआर इस जीत के साथ ही अंक तालिका में 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहंच गया है और प्लेऑफ में पहुंचने के करीब है, जबकि मुंबई की टीम का आईपीएल 2024 में सफर लगभग समाप्त हो गया है।

दुनिया की लोकप्रिय लीग हमेशा से युवाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इसके जरिए तमाम खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मौका मिला है। 17वें सीजन में भी नेहल वढेरा, रियान पराग जैसे युवा अपने खेल की वजह से चर्चाओं में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों को भारत का भविष्य माना जा रहा है।

# आईपीएल के होनहार बनेंगे भारत का भविष्य, पांच खिलाड़ी जिनके प्रदर्शन ने मचाई सनसनी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का रोमांच जारी है। 50 से ज्यादा मुकाबले अब तक खेले जा चुके हैं। इनमें कई युवा भारतीय खिलाड़ियों ने अपना जलवा बिखेरा है। दुनिया की लोकप्रिय लीग हमेशा से युवाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इसके जरिए तमाम खिलाड़ियों को भारतीय टीम में मौका मिला है। 17वें सीजन में भी मयंक यादव, रियान पराग जैसे युवा अपने खेल की वजह से चचाओं में बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों को भारत का भविष्य माना जा रहा है। आइये जानते हैं..

### रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के दमदार बल्लेबाज रियान पराग ने आईपीएल के इस सीजन में अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके बल्ले से निकलता हर शॉट उनके हुनर की गवाही दे रहा है। राजस्थान के लिए अब तक 10 मैच खेल चुके इस बल्लेबाज ने 159.14 के स्ट्राइक रेट से 409 रन बनाए हैं। मौजूदा समय में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि उन्हें जल्द ही बीसीसीआई की तरफ से बुलावा आ सकता है।

### आशुतोष शर्मा

पंजाब किंग्स के स्टार फिनिशर आशुतोष शर्मा ने भी अपने प्रदर्शन से इस साल प्रभावित किया है। निचले क्रम पर उतरकर वह ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हैं। इस सीजन में उन्होंने सात मैचों में 159 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 189.29 का रहा है। 25 वर्षीय बल्लेबाज के नाम आईपीएल में एक अर्धशतक दर्ज है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें भारतीय टीम में जगह मिल सकती है।

### नेहल वढेरा

मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज नेहल वढेरा ने इस सीजन में कई उपयोगी पारियां खेली हैं। उन्होंने अपनी जुझारू पारियों से दर्शकों को प्रभावित किया है। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने चार मैचों में 134.62 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए हैं। इस सीजन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 49 रनों का रहा है। वहीं, पिछले सीजन में भी उनका बल्ला जमकर गरजा था। 25 वर्षीय बल्लेबाज ने 14 मुकाबलों में दो अर्धशतकों की बदौलत 241 रन बनाए थे।

### नितीश रेड्डी

युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी ने आईपीएल 2024 में विस्फोटक प्रदर्शन किया है। गेंद और बल्ले से वह इस सीजन में धमाल मचाते दिख रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए नितीश ने सात मैचों में 154.23 के स्ट्राइक रेट से 219 रन बनाए हैं। इस सीजन उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले। वहीं, उनका उच्चतम स्कोर 76* रनों का रहा है। इसके अलावा 20 वर्षीय खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए हैं।

### तुषार देशपांडे

चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे इस सीजन में घातक गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। चेन्नई के लिए उन्होंने नौ मैचों में 10 विकेट चटकाए हैं। तुषार में भारतीय प्रशंसकों को भारत का भविष्य नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें टीम इंडिया की तरफ से बुलावा भेजा जा सकता है।

## न्यूज कॉलम

### विधि पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा

**इंदौर।** विधि पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा रहा है। इसके चलते 2024-2025 के सत्र में विधि में पाठ्यक्रम के लिए तीन कॉलेज शुरू हो रहे हैं। इनमें पहली बार क्लास लगेगी। इसमें एलएलबी बीएएलएलबी, बीबीएएलएलबी कोर्स पढ़ाए जाएंगे। लगभग 500 सीटें बढ़ गई हैं। विवि ने इन कॉलेजों को संबद्धता से जोड़ दिया है। ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। फिलहाल विधि पाठ्यक्रम संचालित करने वाले कॉलेजों की संख्या 20 तक पहुंच गई है। बता दें कि 2021-22 सत्र तक सिर्फ 12 कॉलेजों में विभिन्न विधि पाठ्यक्रम संचालित होते थे, लेकिन अचानक इन पाठ्यक्रम की तरफ विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा। उसके बाद 2022-23 में दो और 2023-24 में 3 कॉलेजों ने विधि पाठ्यक्रम शुरू किए हैं।

### परिवहन विभाग के पोर्टल की धीमी गति से अटके आवेदन

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर। आमजन की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने अपनी सभी सेवाओं के आवेदन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है, लेकिन यह सुविधा लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। विभाग का पोर्टल दिन में कई बार ठप हो जाता है, इस वजह से आवेदकों को परेशान होना पड़ रहा है। विगत पांच दिन से भी परिवहन विभाग का पोर्टल अटक रहा है। सबसे अधिक सारथी पोर्टल परेशानी दे रहा है। इस वजह से लाइसेंस के काम प्रभावित हो रहे हैं। नायता मुंडला स्थित परिवहन कार्यालय में कामकाज छोड़कर लाइसेंस और अन्य काम से आने वाले आवेदकों को परेशान होना पड़ रहा है। विगत पांच दिन से सारथी पोर्टल ठप है और वाहन पोर्टल भी धीमा चल रहा है। इससे लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन जैसे काम नहीं हो पा रहे। शुक्रवार को ऑनलाइन रसीदे नहीं कट सही, इस वजह से आवेदन नहीं हो सके। सूत्रों का कहना है कि फरवरी माह से सर्वर लगातार परेशान कर रहा है। इसके कारण आवेदन लंबित हो रहे है। विभाग के एनआईसी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि वाहन पोर्टल की समस्या की जानकारी नहीं है, लेकिन सार्थक पोर्टल की समस्या की जानकारी मिली है। इसको जल्द ही सुधारा जा रहा है।

### पीट-पीटकर दो लोगों की हत्या, निर्वस्त्र कर फेंके शव

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में दो व्यक्तियों की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। शवों की शिनाख्त न हो इसके लिए आरोपियों ने पत्थरों-ईंटों से कुचला और वस्त्र उतार पर अलग-अलग फेंक कर फरार गए। एक शव की शिनाख्त मोबाइल नंबर से कर ली गई है। घटना नेमावर क्षेत्र के ब्रिज के पास की है। शुक्रवार सुबह पुलिस को संतोष मेहता के खेत में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस और फोरेंसिक अफसर मौके पर पहुंचे तो देखा दोनों की हत्या एक ही जगह की लेकिन शव डेढ़ सौ मीटर दूर फेंके। डीसीपी जोन-1 विनोद कुमार मीना के मुताबिक दोनों के शरीर से वस्त्र उतार कर बाउंड्री के बाहर फेंक दिए गए थे। पुलिस को एक मोबाइल नंबर मिला है। उस पर बात करने पर बताया कि एक मृतक का नाम हरिराम कराड़े निवासी ग्राम सांघी जिला खंडवा है। हरिराम मिस्त्री का काम करता था और तीन इमली के पास रहता था। गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे उसे तीन इमली क्षेत्र में शराब की दुकान पर देखा था। इसके बाद दोनों यहां कैसे पहुंचे इसकी जांच चल रही है। डीसीपी के मुताबिक पूरे शरीर पर चोट के निशान है। ईंट और पत्थरों से भी कुचला गया है। पुलिस मजदूर और आसपास काम करने वालों से पूछताछ कर रही है।

इंदौर नगर निगम में हुए बिल घोटाले ने अधिकारियों की नींद उड़ा दी

# हैरान... इतना बड़ा घोटाला सालों तक कैसे चलता रहा

## फर्जी बिलों को बिना जांच के ही मंजूर कर डाला, जिसके चलते 80 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान 5 ठगोरी फर्मों को हो गया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर नगर निगम में हुए बिल घोटाले ने अधिकारियों की नींद उड़ा दी है। यह घोटाला जितना सोचा गया था, उससे कहीं अधिक साबित हुआ है। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट संबंधित दस्तावेजों के साथ तैयार कर ली, जो आयुक्त को सौंप दी जाएगी। इस जांच कमेटी का नेतृत्व अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन ने किया। सूत्रों के मुताबिक इस रिपोर्ट में प्रथम दृष्ट्या ऑडिट और लेखा शाखा को ही दोषी माना गया है, जिसने फर्जी बिलों को बिना जांच के ही मंजूर कर डाला, जिसके चलते 80 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान 5 ठगोरी फर्मों को हो गया। जिन अपर आयुक्त के साइन इन फाइलों पर हैं, वे चूंकि फर्जी हैं, इसलिए सीधे-सीधे किसी बड़े अधिकारी का तो इस घोटाले में शामिल होना नहीं पाया गया।

अलबत्ता पुलिस ने इंजीनियर अभय राठौर को आरोपी बनाया है। वहीं इस पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड है, जिसे आयुक्त ने निलंबित भी कर दिया। बीते 10 सालों में इन पांच फर्मों ने जो ठेके हासिल किए या फर्जी बिल बनाए उससे जुड़ी 188 फाइलों को भी जांच में लिया गया, जिनके माध्यम से 107 करोड़ रुपए की राशि शामिल है, जिसमें से 80 करोड़ से ज्यादा हासिल भी कर लिए गए।

दूसरी तरफ पुलिस ने दो और नई फर्मों के खिलाफ भी कल एफआईआर दर्ज की, जो कि क्रिस्टल, इमरान खान और ईश्वर मौसम व्यास के द्वारा बनाई गई और इनके जरिए भी पांच करोड़ रुपए की राशि निकाल ली गई। दूसरी तरफ एमजी रोड थाना प्रभारी विजयसिंह सिसोदिया ने इन दोनों नई फर्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की पुष्टि के साथ ही यह भी बताया कि ऑपरेटर चेतन भदौरिया और उदय भदौरिया का पुलिस रिमांड कोर्ट ने 5 मई तक बढ़ा दिया। वहीं शेष आरोपियों, जो पुलिस गिरफ्त में हैं, उनकी रिमांड अवधि 7 मई तक मिल गई है। वहीं निगमायुक्त ने क्रिस्टल और ईश्वर दोनों फर्मों को भी काली सूची में डालने के आदेश जारी किए, क्योंकि प्राथमिक जांच में ही कूटरचना करते हुए चार देयकों के जरिए क्रिस्टल इंटरप्राइजेस ने 2.43 करोड़ रुपए तथा ईश्वर इंटरप्राइजेस ने 2.49 करोड़ का भुगतान निगम से हासिल कर लिया। वहीं इस मामले की गूंज चूंकि शासन स्तर तक पहुंच गई और विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

### कमेटी सभी पक्षों को समाहित कर जांच करेगी और दोषियों से गबन की राशि वसूली जाएगी

सामान्य प्रशासन विभाग ने निगम के फर्जी बिलों की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा भी कर दी। समिति के अध्यक्ष प्रमुख सचिव वाणिज्य कर अमित राठौर रहेंगे, जबकि सदस्यों के रूप में सचिव वित्त विभाग अजीत कुमार और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को शामिल किया गया है। दूसरी तरफ आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास के पत्र के आधार पर वित्त विभाग द्वारा निगम में पदस्थ लोक फंड के समरसिंह परमार, उप संचालक जगदीश ओहरिया और रामेश्वर परमार को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू करवाई गई है। हालांकि बीजेपी और संघ खेमा इस बार से हैरान है कि इतना बड़ा घोटाला सालों तक कैसे चलता रहा। इसके पूर्व मनीष सिंह और प्रतिभा पाल जैसे अधिकारी आयुक्त के पद पर रहे लेकिन उनके रहते आखिर कैसे फर्जी बिलों के भुगतान होते रहे। इस बीच मालिनी गौड़ भी महापौर रही, हिंदूवादी छबि वाली इस नेता के महापौर रहते अल्पसंख्यक समुदाय के ठेकेदार कैसे उपकृत होते रहे, ये भी बड़ा सवाल है। इधर उच्च स्तरीय कमेटी के गठन करने संबंधी फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि ये कमेटी सभी पक्षों को समाहित कर जांच करेगी और दोषियों से गबन की गई राशि वसूली जाएगी।

बात प्लेसमेंट की

# आईआईटी इंदौर हुआ एसजीएसआईटीएस से भी पीछे

## एक सत्र में नहीं दे पा रहा 300 प्लेसमेंट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

जानकर आश्चर्य होगा कि, इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए अलग पहचान रखने वाले देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी इंदौर की छवि विद्यार्थियों को रोजगार देने के मामले में कमजोर हो गई है। प्लेसमेंट के मामले में आईआईटी इस शहर के प्रतिष्ठित संस्थान श्री गोविंदराम सेकसरिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआईटीएस) से भी पीछे आ गया है।

एसजीएसआईटीएस में हर साल 400 से ज्यादा प्लेसमेंट हो रहे हैं, वहीं आईआईटी में यह संख्या सिर्फ 200 के आसपास है। समय के साथ हालात देखिए कि, जिस संस्थान में प्रवेश के लिए विद्यार्थी जेईई जैसी कठिन परीक्षा में अच्छे अंक लाकर दाखिला लेते हैं और लाखों रूपए फीस देते हैं, लेकिन पढ़ाई के बाद कुछ ही विद्यार्थियों को अच्छी नौकरी मिल पाती है। इधर, एसजीएसआईटीएस पिछले 4 साल में 2157 विद्यार्थियों को नौकरी (प्लेसमेंट) दे चुका है।

सुविधा के बाद भी आधी संख्या-आंकड़ों के अनुसार एसजीएसआईटीएस के मुकाबले आईआईटी में यह संख्या आधी भी नहीं है। इसी अवधि में यहां सिर्फ 801 आईआईटियन्स को ही रोजगार मिला है। सरकार से तमाम सुविधा और करोड़ों की फंडिंग के बाद भी आईआईटी अपने विद्यार्थियों को उस स्तर की शिक्षा नहीं दे पा रहा है, जो आजकल कंपनियों की जरूरत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल भी अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जमाने में एआई जनरेटिव, एआई बिजनेस एनेलिटिक्स, मशीन लर्निंग और एनेलिटिक्स जैसे कोर्सेस के विद्यार्थियों को कंपनियां ज्यादा रख रही है। पहले 2021 से 2023 तक फाइनेंशियल एनेलिटिक्स के लिए उछाल आया था, वहीं, 2018 से 2020 तक आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा डिमांड थी। आईआईटी इंदौर से केवल 228 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जबकि एसजीएसआईटीएस से 300 की संख्या पार हो गई है। जून तक चलने वाले प्लेसमेंट में दोनों संस्थानों में यह संख्या बढ़ सकती है।

### डिग्री के साथ कौशल भी

दरअसल, एसजीएसआईटीएस द्वारा सिलेबस के साथ विद्यार्थियों की एक्स्ट्रा स्किल्स पर भी फोकस किया जाता है। थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल पार्ट भी समान रूप से करवाते हैं, ताकि उनका ज्ञान बढ़ सके। स्किल डेवलपमेंट के लिए अभी तक विभाग स्तर पर सर्टिफिकेट प्रोग्राम करवाते थे, लेकिन इस साल से विभाग के साथ संस्थान स्तर पर भी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है, जिससे कंपनियों की एडवांस डिमांड को पूरा करते हुए ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को प्लेसमेंट दे सकेगा।

मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर उज्जैन के एस.एन. कृष्णा हॉस्पिटल की ओपीडी में

# हृदय, पेट, किडनी और गठिया रोग के विशेषज्ञ देंगे परामर्श

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सामान्य रोगों के प्रति जागरूकता की कमी और लापरवाही अक्सर गंभीर समस्याओं का कारण बन जाती है। ऐसे में यदि सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल जाए तो परिस्थितयों में सुधार किया जा सकता है। उज्जैन एवं इसके आसपास के लोगों के ऐसे आपातकाल के समय इंदौर एवं दूसरे बड़े शहर जाना पड़ता है। लेकिन स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए अपने विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा के लिए पूरे मध्य भारत में प्रसिद्ध इंदौर का मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अब अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए उज्जैन में ओपीडी का आयोजन करने जा रहा है। उज्जैन के एस. एन कृष्णा हॉस्पिटल में शुरू होने वाली

इस ओपीडी में मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के हृदय, पेट, किडनी और गठिया रोग विशेषज्ञ मरीजों को परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप श्रीवास्तव द्वारा हृदय के वाल्व खराब होना, हृदय में छेद, सीने में दर्द, भारीपन, सांस का फूलना व थकान, धड़कन असामान्य होना, छाती में जलन, घबराहट, छोटे बच्चों में हृदय में छेद, वाल्व खराब होना और नीला पड़ना जैसे स्वास्थ्य विकारों की जांच की जाएगी एवं परामर्श दिया जाएगा। माह के पहले मंगलवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक उनसे एस. एन कृष्णा हॉस्पिटल में परामर्श लिया जा सकेगा। वहीं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अल्केश जैन माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार सुबह 10 से 12 बजे सीने में दर्द, भारीपन, साँस फूलना व थकान, छाती में जलन, घबराहट धड़कन असामान्य होना, चक्कर आना, बेहोशी और बी.पी. कम या ज्यादा जैसी समस्याओं पर लोगों का उपचार करेंगे।


**थोक में रद्दी**

अखबारी कागज की रद्दी थोक भाव में खरीदने के लिए।
सम्पर्क करें
7772017500
9244511806

**आवश्यकता है**

नवनिर्मित होटल श्रीराम निवास, उज्जैन में मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, वेटर, किचन स्टॉफ, गार्ड आदि की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
बायोडाटा सहित संपर्क करें
मिलने का समय
शाम 7 से 10 पीएम
मो. नं. 9009496958

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**

इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

कई जगह ईलाज कराने, टी.वी., इंटरनेट, पर विज्ञापन देखकर दवाई मंगाने पर भी ठीक न हुए तो मिले व 100 % पूर्ण ठीक हों
आपकी शादी का खर्च और उमंगें कहीं बर्बाद न हो जाए
उज्जैन में पिछले 18 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्यरत्
क्या आप शादी करने जा रहे हैं ? तो रुके सोचे कहीं आपके शरीर में कोई अंदरुनी कमजोरी तो नहीं है।
आज की आधुनिक जीवनशैली में गुप्त रोग एक ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति किसी से न कह पाता है और न सह पाता है बस अंदर ही अंदर घुटता रहता है व समय पास करता है, लापरवाही करने से स्वयं के व जीवनसाथी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है और बीमारी को अंदर ही अंदर बढ़ाता रहता है इसलिए बिना शर्माए व घबराए निःसंकोच मिले व पूर्ण 100 % ठीक हो..
अतिशीघ्रपतन, स्वप्नदोष लिंग में तनाव व कड़कपन कम होना, घात जाना, शारीरिक कमजोरी, लिंग का छोटापन पतलापन, पैशाब में जलन, शरीर का अत्यधिक दुबला-पतला होना, पाईल्स (बवासीर), मानसिक कमजोरी, सेक्स कमजोरी, शुक्राणु (SPERM) का कम होना, वीर्य का कम बनना आदि गुप्त रोगों के रोगी शादी के पहले या बाद मिले व निराशा को आशा में बदलें।
उम्र का कोई बंधन नहीं
इन्द्रीवर्धक यन्त्र उपलब्ध है।
फायदा 100% अवधि 8 दिन
फायदे हेतु संपर्क करें
सम्पर्क समय :- प्रतिदिन सु. 11 से 2 व शाम 5 से 8
Dr. N.K. ACHARYA
N.D.B.A.M.S. Reg. Consulting Physician
मरीजों के विश्वास हेतु :- ठीक हुए मरीजों के सर्टिफिकेट (प्रमाण) उपलब्ध है।
अनुभवी, क्वालिफाईड चिकित्सक द्वारा परामर्श-परीक्षण व ईलाज
स्थायी पता - स्वास्थ्य सॉल्युशन
आयुर्वेदिक परामर्श परिक्षण केंद्र
A-235, तिरुपति ड्रीम्स कॉलोनी, होटल शांति पैलेस के पीछे, चिंतामन (उन्हेल नागदा बायपास), नानाखेड़ा, उज्जैन
आने के पहले फोन पर समय व दिन निश्चित कर लें 9340104447

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**

जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक

**आवश्यकता है**

अनुभवी रेडिमेड गारमेन्ट सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर एवं हाउस कीपिंग, वेतन एवं कमीशन योग्यतानुसार।
मिलने का समय-
समय 11 से 2 बजे तक
गौरव परिधान
शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन

**Faculty required**

Active English High School, Ujjain invites PGT'S, TGT'S & Montessori trained, activity ,computer & music FEMALE teaching staff,Office assistant to deliver their skills for growth of students and institution
Contact
school Office,Near Chimanganj Police Colony, Aagar Road 09 am to 01 pm Ph 2921243, 8602129243


# दिव्यांगों ने निकाली अनूठी तिपहिया वाहनों की रैली

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर जिले को मतदान में भी अव्वल बनाने के लिए शहर के दिव्यांगजन भी मतदान करने के प्रति जागरूकता फैला रहे हैं। इसके लिए आज बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने तिपहिया वाहनों (रेट्रोफिटिंग स्कूटी) के साथ एक आकर्षक रैली निकालते हुये मतदान का संदेश दिया। इनमें सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजन शामिल हुए। स्मार्ट सिटी के सीईओ एवं इंदौर शहर के स्वीप गतिविधियों के प्रभारी दिव्यांक सिंह ने रैली को हरी झण्डी दिखाई। नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर यशवंत क्लब पर रैली का समापन हुआ।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
Approved by M.P. Govt.
NAVRATNA PUBLIC SCHOOL
Class - Play to 9th
English Medium
Heartiest congratulations to class 5th & 8th students

96449-74999 | Behind Thana, Mengaon, Khargone

**मकान बेचना है**

चार धाम मंदिर के पीछे जयसिंहपुर बंसी का बड़ा गोड बस्ती वाली गली उज्जैन 20X30 का मकान डबल मंजिल 25 लाख में बेचना है।
सम्पर्क करें
मोबा. 8959513547

**अवन्तिका वर्गीकृत**

- 10 दिन 1000/-
- 20 दिन 1500/-
- 1 माह 2000/-

सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**भास्कर आयुर्वेद**

हमारे यहाँ सभी कम्पनियों की आयुर्वेदिक दवाइयाँ मिलती है।
समय- सुबह 11 से 3 बजे तक एवं शाम 6 से 9 बजे तक
पता- 32 बहादुरगंज उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 9826371718
गुप्त रोगी परामर्श लें।

कान के मवाद से मुक्ति
ब्यूटी पार्लर से बिगड़े कटे कान
बिना ऑपरेशन जुड़वाएं
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006
9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com